चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 22 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-85, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मैदानी हिस्सों में गर्मी से हाल-बेहाल 16

'कल्कि 2898 एडी' में दिखा अमिताभ बच्चन का लुक 2

छुट्टी नहीं मिलने पर लगाया पत्नी-बच्चे की मौत का आरोप

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- सिपाही के आरोप पर थानाध्यक्ष के खिलाफ जांच का आदेश

अमृत विचार : रामपुरा थाने में तैनात सिपाही ने थानाध्यक्ष पर अवकाश न देने के कारण पत्नी व नवजात की मौत का आरोप लगाया है। सिपाही का कहना है कि अस्पताल में भर्ती पत्नी व नवजात की उचित देखभाल करना चाहता था। लेकिन, अवकाश न मिलने पर वह पत्नी व नवजात से हाथ धो बैठा। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने आरोपी थानाध्यक्ष के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार रामपुरा थाने में तैनात कांस्टेबल विकास निर्मल मैनपुरी का निवासी है। उसने पत्नी के प्रसव व इलाज के लिए थानाध्यक्ष रामपुरा अर्जुन सिंह से अवकाश मांगी थी। लेकिन, थानाध्यक्ष ने विकास को अवकाश नहीं दिया। विकास ने आरोप लगाया कि उचित देखभाल के अभाव में उसकी पत्नी व नवजात की मौत हो गई। इस पर विकास ने एसपी से थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता देख पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष रामपुरा अर्जुन सिंह के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने जिलों में तैनात किए नोडल अधिकारी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद पर नजर रखने और समीक्षा करने के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की है। ये नोडल अधिकारी अलग-अलग जिलों में गेहूं खरीद की व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। इस दौरान किसानों, खरीददारों की व्यावहारिक दिक्कतों और सुगमता के कारणों की भी रिपोर्ट तैयार होगी। दरअसल, राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिये प्रदेश भर में 6500 क्रय केंद्र संचालित होने हैं।

4 वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र कर सकेंगे पीएचडी

नई दिल्ली, एजेंसी

- न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता

चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में शामिल होने के साथ ही पीएचडी भी कर सकते हैं।

यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। जेआरएफ के साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने चार साल के स्नातक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता होगी। अब तक, नेट के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता होती थी। नए निर्देश के बाद अब सीधे पीएचडी कर सकते हैं और नेट परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को जिस भी विषय में वे पीएचडी करना चाहते हैं, उसमें करने की अनुमति होगी, भले ही उन्होंने किसी भी विषय में चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्राप्त की हो। यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, चार साल या आठ सेमेस्टर के स्नातक डिग्री कार्यक्रम में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के पास न्यूनतम 75% अंक होने चाहिए।

भाजपा सरकार की गलत नीतियों से मध्यम वर्ग परेशान : मायावती

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- जोई में बसपा प्रमुख ने जनसभा को किया संबोधित, कांग्रेस-भाजपा पर साधा निशाना

अमृत विचार : पूर्व मुख्यमंत्री व बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि कांग्रेस, भाजपा और उनके सहयोगी दलों को केंद्र की सत्ता में आने से रोकना है। आजादी के बाद देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार रही है। जातिवादी, पूंजीवादी और इनकी कथनी व करनी में अंतर होने से यह पार्टी केंद्र की सत्ता से दूर हो गई। अब देश और कई प्रदेशों में भाजपा की सरकार है, यह भी कांग्रेस की तरह सत्ता से बाहर होगी।

अमरोहा-जोया रोड स्थित जोई के मैदान पर रविवार को वह बसपा प्रत्याशी चौधरी मुजाहिद हुसैन के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। यहां उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में बसपा प्रत्याशी को आपने सांसद बनाकर भेजा, लेकिन उन्होंने पार्टी और जनता के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से मध्यम वर्ग परेशान है। भाजपा हवाहवाई घोषणा करती है, लेकिन बसपा काम करने में भरोसा रखती है। भाजपा गरीबों का वोट लेने के लिए मुफ्त में कुछ राशन दे देती है। इसे लेकर भाजपा और आरएसएस के लोग गांव-गांव जाकर कहते हैं कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर्ज उतारने का समय आ गया है। लेकिन यह खाद्य सामग्री भाजपा की नहीं है, बल्कि आप जो टैक्स देते हैं, उससे यह खाद्य सामग्री आती है। सरकार अपने पास से नहीं देती। देश की अर्थव्यवस्था खराब है और भ्रष्टाचार भी खत्म नहीं हुआ।

भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर कांग्रेस ने देश को किया खोखला : मोदी

जालोर में भाजपा की चुनावी सभा में कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री

जयपुर, एजेंसी

जालोर में सभा के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- 400 लोकसभा सीटें जीतने वाली कांग्रेस आज 300 सीटों पर चुनाव तक नहीं लड़ पा रही

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और आज देश उनकी पार्टी को इन्ही पापों की सजा दे रहा है। जिस कांग्रेस पार्टी ने कभी देश में 400 लोकसभा सीटें जीती थी.. वह आज 300 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। भीनमाल (जालोर) में भाजपा की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की आज जो हालत हुई है उसकी गुनहगार वह खुद है। राजस्थान में पहले चरण के मतदान की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में आधे राजस्थान ने कांग्रेस को बराबर सजा दी है। उसे बराबर सबक सिखाया है। उन्होंने कहा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत राजस्थान ये जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे वो हालात वापस नहीं चाहिए।

मोदी ने कहा (तब) हर कोई कांग्रेस की कमजोर सरकार को आता जाता हर कोई धमकाता था और हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था। सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। कैबिनेट से पास हुए अध्यादेश को उनकी पार्टी के ही एक नेता मीडिया की बैठक में बड़े रौब से फाड़ कर फेंक देते थे। उन्होंने कहा कि ऐसी दुर्बल अवस्था देश को मजबूत बना सकती है क्या? आप मुझे बताइये अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा देश को चला सकता है क्या? आज कांग्रेस पार्टी की जो हालत हुई है उसकी गुनहगार वो खुद है। मोदी ने आरोप लगाया कि 60 वर्षों तक राज करने वाली कांग्रेस ने हमारी माताओं-बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक खाते जैसी छोटी छोटी चीजों के लिये तरसाया है। उन्होंने कहा कि देश का युवा इतना गुस्से में है वो दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता है। विपक्षी इंडी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इन्होंने अवसरवादी ''इंडी एलायंस'' बना लिया है। उसकी पतंग उड़ने से पहले ही कट गई है। कहने को तो गठबंधन है लेकिन कई राज्यों में ये गठबंधन वाले ही आपस में लड़ रहे हैं।

कांग्रेस ने जलजीवन मिशन में किया घोटाला

मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की गत कांग्रेस सरकार ने जल जीवन मिशन योजना में घोटाला किया व उसका काम नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि अब हमारी भजनलाल सरकार आयी है जो घोटाले की जांच भी कर रही। अगर यहां कांग्रेस सरकार न होती तो अब तक हम हर घर जल के लक्ष्य के बहुत निकट पहुंच जाते है।

प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल चार और आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 प्रश्नपत्र लीक मामले में शामिल चार अन्य आरोपियों को एसटीफ ने गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी लखनऊ और प्रयागराज के परीक्षा केंद्रों में सक्रिय थे। गिरफ्तार हुए मास्टर माइंड डॉ शरद पटेल की एसटीएफ को लंबे समय से तलाश थी।

पुलिस उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह को सूचना मिली कि प्रश्न पत्र लीक मामले में फरार चार आरोपी लखनऊ में किसी स्थान पर एकत्रित हो रहे हैं। इस दौरान निरीक्षक अंजनी कुमार तिवारी व अन्य की एक टीम रायबरेली रोड पहुंची और मीटिंग स्थल का पता लगाकर चारों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में मिर्जापुर के डॉ शरद सिंह पटेल, अभिषेक शुक्ला चौक लखनऊ, कमलेश कुमार पाल निवासी झूंसी प्रयागराज और अर्पित निवासी म्योराबाद प्रयागराज शामिल है। चारों के पास से एक प्रश्नपत्र, दो लग्जरी गाड़ियां, दो लाख रुपए और दो आधार कार्ड बरामद हुआ है। डा. शरद सिंह पटेल पूर्व में आयोजित वीडीओ परीक्षा-2019 में गड़बड़ी करवाने के आरोप में जेल भी जा चुका है। बताया जा रहा है कि आधा दर्जन से अधिक आरोपी अभी फरार हैं।

चार धाम यात्रा के लिए 11.45 लाख रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता, देहरादून

- 10 मई से शुरू हो रही है उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धलुओं में गजब का उत्साह

अमृत विचार : चारधाम यात्रा को लेकर यात्रियों में उत्साह चरम पर है। यहां यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हुए और अब तक 11 लाख से अधिक यात्री अपना पंजीकरण करा चुके हैं। पहले चरण में केदारनाथ हेली सेवा के लिए 20 जून तक की बुकिंग फुल हो चुकी है।

विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा 2024 आगामी 10 मई से शुरू हो रही है। वहीं, बाबा केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए 20 अप्रैल से बुकिंग शुरू हुई। अब उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने 15 सितंबर से 31 अक्टूबर के बीच हेली सेवा के लिए भी बुकिंग शुरू कर दी है। 21 जून से 14 सितंबर के बीच मानसून का सीजन होता है, जिसके चलते हेली सेवा ऑपरेटर इस दौरान फ्लाई नहीं करते हैं। इसीलिए इस अवधि में हेली सेवाओं की बुकिंग नहीं की गई है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विभाग के अपर सचिव सी रविशंकर ने बताया कि 10 मई को यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे। 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। 25 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे। चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। चारधाम यात्रा की ऑफिशियल वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। व्हाट्सएप नंबर 8394833833 पर Yatra (यात्रा) लिख कर मैसेज करके भी रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन के लिए उत्तराखंड पर्यटन विभाग ने टोल फ्री नंबर 0135-1364 दिया है। इस पर कॉल करके भी रजिस्ट्रेशन हो जाएगा।

बर्फ हटाने को सेना के जवान हेमकुंड रवाना

देहरादून। विश्व प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब के कपाट आगामी 25 मई को तीर्थयात्रियों के लिए खोल दिए जाएंगे। इसे लेकर यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई है। हेमकुंड में अभी भी करीब 10 फीट तक बर्फ जमी हुई है। बर्फ हटाने के लिए सेना की 418 इंडिपेंडेंट इंजीनियरिंग कोर के ओसी कर्नल सुनील यादव ने हर सेवक सिंह व प्रमोद कुमार के नेतृत्व में सेना के जवानों को बर्फ हटाने के लिए भेजा है।

एक नजर

अनंतनाग में आईईडी बरामद कर किया नष्ट

श्रीनगर। अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक शक्तिशाली आईईडी का पता लगाकर उसे निष्क्रिय कर दिया। दक्षिण कश्मीर में चक-पंचपोरा रोड पर ये आईईडी बरामद किया गया। सेना के अनुसार चिनार वॉरियर्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग में चक-पंचपोरा रोड पर एक आईईडी को बरामद करके और उसे उसी स्थान पर नष्ट करके आज एक बड़ी आतंकी घटना को टाल दिया।

यमुना एक्सप्रेसवे पर पलटी कार, पांच लोगों की मौत

आगरा। यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कार के पलटने से पांच लोगों की मौत हो गयी। नोएडा के रहने वाले संतोष की बारात अलग-अलग गाड़ियों से शनिवार को देवरिया के लिए निकली थी कि यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात करीब दो बजे कुबेरपुर टर्न पर अर्टिगा कार डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान गौतम, चंदन, सुदेश, संजीव शर्मा, प्रवीन की मौत हो गई, जो नोएडा के रहने वाले थे। वहीं दूसरी ओर घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। अभियान से जुड़े पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की एक टीम को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था और सुबह करीब साढ़े पांच बजे जब टीम भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के केशकुतुल गांव के पास जंगल में पहुंची तो वहां नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई, जिसमें एक नक्सली मारा गया।

कांग्रेस ने पढ़ने की उम्र में बच्चों को पकड़ा दिए तमंचे : योगी

बिलासपुर, एजेंसी

- उप्र के मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में किया रैलियों को संबोधित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि कांग्रेस युवाओं के भविष्य के साथ खेलती है और समाज को विभाजित करने का काम करती है। वह कुछ नहीं कर पाते तो मोदी जी को गाली देते हैं। लेकिन पूरा देश मोदी जी का परिवार है।

छत्तीसगढ़ में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि 2014 से पहले आतंकवादी देश में घुसकर कहीं भी विस्फोट कर देते थे। लेकिन अब हालात ऐसे हैं कि अगर कोई पटाखा तेज आवाज के साथ फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है कि इसके पीछे उसका हाथ नहीं है। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत बदल गया है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, अब हम मुंहतोड़ जवाब देने और आतंकवाद तथा नक्सलवाद को नष्ट करने में सक्षम है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस घोटालों, आतंकवाद और नक्सलवाद का पर्याय है।जिस आयु में युवाओं के हाथों में पुस्तक, टैबलेट, दुनिया को आगे बढ़ाने का जज्बा होना चाहिए, कांग्रेस ने उस आयु के बच्चों के हाथों में तमंचे पकड़ा दिए। उन्हें भारत के खिलाफ ही लड़ने के लिए नक्सलवाद, आतंकवाद, उग्रवाद के नाम पर उकसाया। योगी ने कहा, चाहे बेटी हो या व्यापारी, केवल भाजपा ही उन सभी को सुरक्षा की पूरी गारंटी दे सकती है।

साथी ने सीतापुर के श्रमिक को जिंदा जलाया

गोंडा। सीतापुर के थाना थानगांव क्षेत्र के ग्वारी गांव निवासी एक श्रमिक को मनकापुर में जिंदा जला दिया गया। मृतक की पहचान कोइली(32) के रूप में हुई है। जो अपने भाई राम किशुन, बहनोई राजेंद्र, अमित व प्रेम के साथ यहां मजदूरी करने आया था। वह सभी मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के धुसवा खास गांव के रहने वाले सूरज सिंह के यहां रहकर मजदूरी करते थे। रविवार सुबह कोइली का शव बंसवारी गांव के बाहर खेत के एक गड्ढे में अधजले हालत में पड़ा मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। कोइली के भाई राम किशुन ने बताया कि शनिवार रात करीब 12 बजे अमित शराब के नशे में आया और बताया कि तुम्हारे भाई कोइली को मारकर जिंदा जला दिया है। नशे में होने के कारण विश्वास नहीं हुआ लेकिन जब रविवार की सुबह देखा गया तो बात सही साबित हुई। धुसवा गांव के रहने वाले सूरज सिंह का कहना है कि वह जिले से बाहर हैं। कोइली उनके घर पर रहकर मजदूरी करता था। वारदात की जानकारी नहीं है।

मेरे पति को इंसुलिन न देकर जेल में मारना चाहती है भाजपा: सुनीता केजरीवाल

रांची, एजेंसी

- रांची की रैली में कहा-इंडी गठबंधन भाजपा की तानाशाही के खिलाफ लड़ेगा और जीतेगा

केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर उनके पति को इंसुलिन नहीं देने का रविवार को आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अरविंद केजरीवाल को मारना चाहती है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन भाजपा की तानाशाही के खिलाफ लड़ेगा और जीतेगा। सुनीता ने उलगुलान न्याय रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वे मेरे पति अरविंद केजरीवाल को मारना चाहते हैं। उनके भोजन पर कैमरे से निगरानी रखी जा रही है; उन्हें इंसुलिन देने से मना कर दिया गया है। मेरे पति शुगर के मरीज हैं, जो 12 साल से इंसुलिन पर हैं। उन्हें रोजाना 50 यूनिट इंसुलिन की जरूरत होती है। उन्होंने दावा किया कि उनके पति को जन सेवा का काम करने के लिए जेल में डाल दिया गया और उनके खिलाफ कोई आरोप साबित नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा, जेल के ताले टूटेंगे और अरविंद केजरीवाल तथा हेमंत सोरेन छूटेंगे।

साजिश पर लिया जाए उच्च स्तरीय संज्ञान : अखिलेश

लखनऊ। अखिलेश यादव ने कहा कि यह अविश्वसनीय है कि जेल में केजरीवाल को इन्सुलिन देने से मना किया जा रहा है। उन्होंने एक्स पर कहा कि केजरीवाल को उत्तम स्वास्थ्य का मौलिक अधिकार है। इसका तत्काल उच्च स्तरीय संज्ञान लेकर पता किया जाए कि इस साजिश के पीछे किसके निर्देश हैं।

पत्नी को किया नजरदांज, हाईकोर्ट ने रद की 17 दिन की शादी

मुंबई, एजेंसी

- इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि यह एक ऐसे युवा दंपति से जुड़ा मामला है जिसे विवाह में हताशा की पीड़ा सहनी पड़ी है : कोर्ट

एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़े दंपत्ति

मार्च 2023 में की थी शादी

दोनों ने मार्च 2023 में शादी की थी लेकिन 17 दिन बाद ही अलग हो गए थे। दंपति ने कहा था कि उनके बीच कोई शारीरिक संबंध नहीं बने। महिला ने दावा किया कि वे एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। वहीं, व्यक्ति ने दावा किया कि वह अपनी पत्नी के साथ शारीरिक संबंध नहीं बना पाया लेकिन वह सामान्य स्थिति में है। उसने कहा कि वह ऐसा कोई धब्बा नहीं चाहता कि वह नपुंसक है। इसके बाद पत्नी ने एक पारिवारिक अदालत में तलाक की अर्जी दायर की। उच्च न्यायालय में जाने से पहले वे फैमली कोर्ट में गए थे लेकिन कोर्ट ने अर्जी खारिज करते हुए कहा था कि पति और पत्नी ने मिलीभगत से ये दावे किए हैं। बाद में उच्च न्यायालय ने पारिवारिक अदालत के फैसले को रद्द कर दिया और शादी को भी निरस्त कर दिया।

बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने एक युवा दंपति की शादी को इस आधार पर निरस्त कर दिया कि पति की रिलेटिव इंपोटेंसी के कारण विवाह बरकरार नहीं रह सकता। कोर्ट ने इसे क्लासिकल मामला मानते हुए कहा कि दंपति की हताशा को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। रिलेटिव इंपोटेंसी का मतलब ऐसी स्थिति से है जिसमें वह अपनी पत्नी से यौन संबंध नहीं बना पाया, जबकि अन्य के साथ संबंध बनाने में सक्षम था।

न्यायमूर्ति विभा कांकणवाड़ी और न्यायमूर्ति एस जी चपलगांवकर की खंडपीठ ने 15 अप्रैल को दिए फैसले में यह भी कहा कि यह ऐसे युवाओं की मदद करने के लिए उपयुक्त मामला है जो एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। इस मामले में 27 वर्षीय व्यक्ति ने फरवरी 2024 में एक पारिवारिक अदालत द्वारा याचिका खारिज किए जाने के बाद उच्च न्यायालय का रुख किया था। पारिवारिक अदालत ने उसकी 26 वर्षीय पत्नी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने याचिका स्वीकार करने के शुरुआती चरण में ही विवाह निरस्त करने का अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी नपुंसकता से अलग स्थिति है। अदालत ने कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी की विभिन्न शारीरिक और मानसिक वजह हो सकती हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि मौजूदा मामले में यह आसानी से पता लगाया जा सकता है कि पति को अपनी पत्नी के प्रति रिलेटिव इंपोटेंसी है। विवाह जारी न रह पाने की वजह प्रत्यक्ष तौर पर पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बना पाने में पति की अक्षमता है। कहा कि वह इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकता कि यह एक ऐसे युवा दंपति से जुड़ा मामला है जिसे विवाह में हताशा की पीड़ा सहनी पड़ी है।

शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का धरना जारी, 73 ट्रेनें रद

अंबाला। पटियाला के शंभू रेलवे स्टेशन पर पांचवें दिन भी किसानों के पटरी पर बैठे रहने के कारण रविवार को अंबाला-अमृतसर मार्ग पर 73 ट्रेन रद कर दी गईं। प्रदर्शनकारी मौजूदा किसान आंदोलन के दौरान हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रविवार को कुल 73 ट्रेन रद्द कर दी गईं। पांच दिनों में कई ट्रेन के रद्द होने से यात्रियों को असुविधा होने के अलावा वित्तीय नुकसान हो रहा है। किसानों के विरोध के कारण कई ट्रेन का मार्ग भी बदला जा रहा है।

राजस्थान में सड़क दुर्घटना में 3 भाइयों समेत 9 की मौत

कोटा, एजेंसी

राजस्थान के झालावाड़ में नौ युवकों की शनिवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। सभी युवक कार से विवाह समारोह से लौट रहे थे। इसी बीच उनकी कार ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में मारे गए लोगों की आयु 16 से 30 वर्ष थी। जान गंवाने वालों में तीन सगे भाई थे। एकलेरा पुलिस थाना प्रभारी संदीप विशोनी ने बताया कि सभी झालावाड़ के एकलेरा गांव में बागरी मोहल्ले के रहने वाले थे। विशोनी ने बताया कि हादसे में 18 वर्षीय मनीष बागरी की हालत गंभीर है और उसका अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस उपाधीक्षक हेमंत गौतम ने बताया कि हादसे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की चपेट में आए लोगों के रिश्तेदार गोपाल बागरी ने बताया कि रात करीब साढ़े 12 बजे तीन कारों और दो पिकअप गाड़ियों में करीब 35-40 बाराती डूंगरी से निकले थे।

आज का मुकाबला

मुंबई इंडियंस बनाम राजस्थान रॉयल्स

समय : शाम 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	08	379
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	06	324
रियान पराग (राजस्थान)	07	318

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	07	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	07	12
गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई)	07	12

बदला चुकता करना चाहेंगे मुंबई इंडियंस

जयपुर, एजेंसी

मुंबई इंडियंस की टीम सोमवार को जब यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाह अपनी गेंदबाजी खामियों को दूर करके मेजबान टीम से बदला चुकता करने पर लगी होंगी।

पिछले चार मैच में तीन जीत से मुंबई इंडियंस की टीम उबरने की राह पर चल रही है और सत्र की खराब शुरूआत के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है जबकि राजस्थान रॉयल्स की टीम तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ते हुए 12 अंक लेकर शीर्ष स्थान पर काबिज है। मुंबई ने पिछले मैच में आशुतोष के अंत में लगाए गए अर्धशतक के बावजूद पंजाब किंग्स के खिलाफ नौ रन से जीत हासिल की थी। एक बार फिर जसप्रीत बुमराह ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई और तीन विकेट झटके।

वहीं, राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में मुंबई इंडियंस की हालत काफी खराब रही थी जिसमें ट्रेंट बोल्ट ने उनके तीन शीर्ष क्रम बल्लेबाजों को खाता भी नहीं खेलने दिया था और यह अनुभवी तेज गेंदबाज फिर से उनके लिए बड़ा खतरा होगा। आवेश खान को अंतिम ओवर में गेंदबाजी की जिम्मेदारी दी गई है और उन्होंने इसे बखूबी निभाया है। कुलदीप सेन ने भी अपना कौशल दिखाया है लेकिन उन्हें अपने इकोनोमी पर काम करने की जरूरत है।

साई की फिरकी में फंसी पंजाब की टीम

- पंजाब किंग्स ने गुजरात को दिया 143 रनों का लक्ष्य, किशोर ने चटकाए 4 विकेट

मुल्लांपुर, एजेंसी

आर साई किशोर की अगुवाई में गुजरात टाइटंस के स्पिनरों ने पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को नेस्तनाबूद करते हुए रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे 142 रन पर आउट कर दिया। इस सत्र में पावरप्ले में सबसे खराब खेल रहे पंजाब किंग्स ने धीमी शुरूआत करते हुए पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 45 रन बनाए। इसके बाद साई किशोर, राशिद खान और नूर अहमद ने पंजाब के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने ही नहीं दिया।

साई किशोर ने 33 रन देकर चार विकेट लिए जबकि राशिद ने 15 रन देकर एक और अहमद ने 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 35 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। वह छठे ओवर में आउट हुए और उसके बाद विकेट लगातार गिरते रहे। स्पिन तिकड़ी ने पंजाब की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर ने अपनी रफ्तार में विविधता लाकर विरोधी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। दूसरे छोर से अहमद और राशिद ने दबाव बनाया। अहमद ने रिली रोसोयू (नौ रन) को पगबाधा आउट किया। वहीं कप्तान सैम कुरेन 20 रन बनाकर राशिद का शिकार हुए। वहीं लियाम लिविंगस्टोन छह रन बनाकर अहमद की गेंद में पहली स्लिप में कैच दे बैठे। साई किशोर ने जितेश शर्मा को 12वें ओवर में आउट किया जिन्होंने 12 गेंद में 13 रन बनाए । इस सत्र में पंजाब के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा भी सस्ते में आउट हो गए। हरप्रीत बरार ने 12 गेंद में 29 रन बनाकर टीम को 140 के पार पहुंचाया।

पंजाब को सस्ते में ढेर करने के बाद खुशी मनाते गुजरात टाइट्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

केकेआर ने 1 रन से जीता रोमांचक मुकाबला

नाइट राइडर्स ने आरसीबी को दिया 223 रनों का लक्ष्य, अंतिम ओवर में कर्ण की दमदार बल्लेबाजी से 221 तक पहुंची बेंगलुरू

शतकीय साझेदारी के दौरान रन लेते आरसीबी के विल जैक्स और रजत पाटीदार। ● एजेंसी

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	7	6	1	12	+0.677
कोलकाता	7	5	2	10	+1.206
हैदराबाद	7	5	2	10	+0.941
चेन्नई	7	4	3	8	+0.529
लखनऊ	7	4	3	8	+0.123
मुंबई	7	3	4	6	-0.133
दिल्ली	8	3	5	6	-0.477
गुजरात	7	3	4	6	-1.303
पंजाब	7	2	5	4	-0.251
बेंगलुरु	8	1	7	2	-1.046

कोलकाता, एजेंसी

श्रेयस अय्यर (50) और फिल सॉल्ट (48) की शानदार पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 36वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को एक रन से हरा दिया है। कोलकाता की सात मैचों में यह पांचवीं जीत है।

223 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ओवर में विराट कोहली (18) का विकेट गवां दिया। अगले ओवर में कप्तान फाफ डुप्लेसी भी (7) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद विल जैक्स और रजत पाटीदार ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट लिए 101 रनों साझेदारी हुई। 12वें ओवर में रजत पाटीदार को रसल आउट कर दिया। रजत ने 52 रन बनाए। कैमरन ग्रीन (6), सुयश प्रभुदेसाई (24), महिपाल लोमरोर (4) रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स ने 32 गेंदों में 55 रन बनाए। दिनेश कार्तिक 18 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुए। वहीं कर्ण शर्मा ने यादगार पारी खेली उन्होंने सात गेंदों में तीन छक्के लगाकर टीम को जीत तक पहुंचा दिया था, लेकिन कर्ण के आउट होने के बाद लॉकी फर्ग्युसन भी एक रन पर रनआउट हो गए और टीम के एक रन से हार का सामना करना पड़ा। बेंगलुरु 20 ओवर में 221 रन पर सिमट गई।

इससे पहले श्रेयस अय्यर (50) और फिल सॉल्ट (48) की शानदार पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत के लिए 223 रनों का लक्ष्य दिया है। आज ईडन गार्डंस में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बेंगलुरु की बल्लेबाजी करने उतरी फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़ते हुए अच्छी शुरुआत की। पांचवें ओवर में सिराज ने फिल सॉल्ट को आउट किया। फिल सॉल्ट ने 14 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए 48 रन बनाए। इसके अलगे ही ओवर में सुनील नारायण (10) पवेलियन लौट गए। श्रेयस अय्यर ने कप्तानी पारी खेलते हुए 36 गेंदो में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 50 रन बनाए।

विराट का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

कोलकाता 222/6 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 20

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
सॉल्ट कैच आर पाटीदार बोल्ड सिराज	48	14	7/3
नारायण कैच कोहली बोल्ड यश दयाल	10	15	2/0
रघुवंशी कैच कैमरन ग्रीन बोल्ड यश दयाल	3	4	0/0
वेंकटेश कैच लोमरोर बोल्ड कैमरन ग्रीन	16	8	3/0
श्रेयस कैच डुप्लेसी बोल्ड कैमरन ग्रीन	50	36	7/1
रिंकू कैच यश दयाल बोल्ड फर्ग्युसन	24	16	2/1
आंद्रे रसल नाबाद	27	20	4/0
रमनदीप सिंह नाबाद	24	9	2/2

गेंदबाजी : मोहम्मद सिराज 4-0-40-1, यश दयाल 4-0-56-2, लॉकी फर्ग्युसन 4-0-47-1, कर्ण शर्मा 4-0-33-0, कैमरन ग्रीन 4-0-35-2

बेंगलुरु 221/10 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 9

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली का एवं बो हर्षित	18	7	1/2
फाफ डुप्लेसी का वेंकटेश बो चक्रवर्ती	7	7	1/0
विल जैक्स का रघुवंशी बो रसेल	55	32	4/5
रजत पाटीदार का हर्षित बो रसेल	52	23	3/5
कैमरुन ग्रीन का रमनदीप बो नारायण	6	4	0/1
सुयश प्रभुदेसाई का रघुवंशी बो हर्षित	24	18	3/0
महिपाल लोमरोर का एवं बो नारायण	4	3	1/0
दिनेश कार्तिक का सॉल्ट बो रसेल	25	18	3/1
कर्ण शर्मा का एंव बो स्टार्क	20	7	0/3
मोहम्मद सिराज नाबाद	0	0	0/0
लॉकी फर्ग्यूसन रन आउट	1	1	0/0

गेंदबाजी : हर्षित 4-0-33-2, स्टार्क 3-0-55-1, चक्रवर्ती 4-0-36-1, नारायण 4-0-34-2, सुयश शर्मा 2-0-33-0, रसेल 3-0-25-3

खेल डायरी

रिबाकिना ने जीता पोर्शे ग्रां प्री का खिताब



स्टटगार्ट (जर्मनी)। एलिना रिबाकिना ने पोर्शे ग्रां प्री के फाइनल में रविवार को यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। कजाखिस्तान की इस खिलाड़ी ने एक घंटे नौ मिनट तक चले फाइनल मुकाबले को 6-2, 6-2 से आसानी से अपने नाम किया। रिबाकिना ने इससे पहले शनिवार को सेमीफाइनल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को शिकस्त दी थी। इस सत्र में एडिलेड और अबुधाबी में खिताब जीत चुकी रिबाकिना की यह साल की 26वीं जीत है।

नौकायन में बलराज पंवार को मिला ओलंपिक कोटा

चुंगजू। बलराज पंवार ने एशियाई और ओसनियाई रोइंग ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल्स (एम1एक्स) स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का पहला नौकायन पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। दक्षिण कोरिया के चुंगजू में आयोजित स्पर्धा में 25 वर्षीय पंवार ने हीट में 7:17.87 और सेमीफाइनल में 7:16.29 का समय लेकर चुंगजू के फाइनल में जगह बनाई। बलराज पंवार 7:01.27 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कजाकिस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव ने 6:59.46 समय के साथ रेस जीती, जबकि इंडोनेशिया के मेमो ने 6:59.74 समय के साथ रजत पदक जीता। वह पिछले वर्ष चीन के हांग्झोऊ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गए थे।

रमित टंडन ने विक्टर क्रोयूइन को हराया

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन ने मिस्र के एल गोयूना में चल रहे 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में फ्रांस के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर क्रोयूइन पर 3-1 की शानदार जीत से बड़ा उलटफेर किया। दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी टंडन को अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में सीधे प्रवेश दिया गया है। टंडन ने विक्टर क्रोयूइन पर 52 मिनट में 11-9, 12-10, 8-11, 11-5 से जीत हासिल की। फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ पांच भिड़ंत में यह टंडन की दूसरी जीत है। अब तीसरे दौर में टंडन का सामना दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से होगा।

सर्वेश ने दूसरी बार जीता ऊंची कूद का खिताब

कैलिफोर्निया। भारत के सर्वेश कुशारे ने माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों का ऊंची कूद एलीट खिताब जीता लिया है। अमेरिका में कैलिफोर्निया के वॉलनट में हिल्मर लॉज स्टेडियम में आयोजित शनिवार को सर्वेश कुशारे ने सत्र की सर्वश्रेष्ठ 2.23 मीटर की जंप के साथ माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में खिताब जीता। कुशारे पिछले वर्ष हांग्झोऊ में एशियन गेम्स में 2.26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने माउंट सैन एंटोनियो कॉलेज में 2.23 मीटर की जंप के साथ पहला स्थान हासिल किया।

हॉकी इंडिया: पुरुष शिविर के लिए कोर ग्रुप घोषित

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने रविवार को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी कमियों को दूर करने के लिये पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की। शिविर बेंगलुरु के साइ केंद्र में रविवार से शुरू होकर 13 मई तक चलेगा। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-5 की हार के बाद शिविर में लौटेगी। इस शिविर के बाद भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग के अपने अगले दो चरण के लिए बेल्जियम और लंदन की यात्रा करेगी जिसमें उसका सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से होगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि हम इस शिविर में ट्रेनिंग का महत्वपूर्ण चरण शुरू करना चाहते हैं और हमें सुनिश्चित करेंगे कि पेरिस ओलंपिक से पहले हम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों।

मनु और अनीश ने ओलंपिक के लिए मजबूत किया दावा

नई दिल्ली, एजेंसी

मनु भाकर और अनीश भानवाला ने यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल एक और दो में अपने-अपने क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहते हुए ओलंपिक के लिए अपना दावा मजबूत किया।

देश के लिए कोटा हासिल करने वाली मनु ने टी2 क्वालीफिकेशन में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में 585 का कुल स्कोर हासिल किया और पांच महिला निशानेबाजों में शीर्ष पर रही। उन्होंने इससे पहले शनिवार को पहला ट्रायल भी जीता था। ईशा सिंह 581 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 577 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

अभिदन्या अशोक पाटिल (572) चौथे स्थान पर रही जबकि मनु के साथ देश के लिए कोटा हासिल करने वाली रिदम सांगवान 566 अंक के साथ पांचवें पायदान पर रही। पुरुषों के 'टी2' क्वालीफिकेशन में अनीश ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 582 अंक के साथ जीत दर्ज की।

अलीरेजा को हराकर गुकेश ने हासिल की एकल बढ़त

टोरंटो। युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर एकल बढ़त हासिल की। इस तरह गुकेश अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप दावेदार बनने की कोशिश में जुटे हैं। अब टूर्नामेंट में बस एक दौर बचा है।

चेन्नई के 17 वर्षीय गुकेश अगर कैंडिडेट्स में विजेता बनते हैं तो विश्व चैंपियन के खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी। महिलाओं की स्पर्धा में कोनेरू हम्पी ने अन्ना मुजिचुक से ड्रा खेला जबकि वैशाली रमेशबाबू ने लेई टिंग्जी को पराजित किया। वैशाली ने इस तरह पिछली चार बाजियों में लगातार जीत दर्ज की है। रूस के इयान नेपोमनियाच्ची और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने ड्रा खेला।

मेस्सी ने दागे दो गोल, इंटर मियामी ने नाशविले को हराया

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में नाशविले एससी पर 3-1 से जीत दर्ज की। इन दो गोल से मेस्सी के एमएलएस में कुल सात गोल हो गए हैं। मेस्सी ने दो मार्च को ओरलांडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल दागे थे। मेस्सी ने नाशविले एससी के खिलाफ मैच में एक गोल करने में भी मदद की। इंटर मियामी के लिए सर्गियो बुस्कुवेट्स ने अपना पहला गोल दागा। लुईस सुआरेज ने मेस्सी को पहला गोल करने में मदद की। मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में आत्मघाती गोल से नाशविले एससी ने बढ़त बनाई। मेस्सी ने 11वें मिनट में अपना पहला गोल दागा जिसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने गोल कर अपनी टीम को 2-1 से आगे किया। मेस्सी ने फिर 81वें मिनट में पेनल्टी किक पर अपना दूसरा गोल किया।

बॉलीवुड हलचल

'कल्कि 2898 एडी' के नए पोस्टर में दिखा अमिताभ बच्चन का लुक

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' के नए पोस्टर में उनका लुक रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पिछले साल अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जब उनका पहला लुक पोस्टर सामने आया था। तब से प्रशंसकों को फिल्म में अभिनेता के लुक और चरित्र के बारे में अधिक जानकारी का बेसब्री से इंतजार है। उत्साह को बढ़ाते हुए ''कल्कि 2898 एडी'' का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। नया पोस्टर हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित विभिन्न भाषाओं में साझा किया गया है। सफेद पोशाक पहने, अमिताभ बच्चन को एक मंदिर के अंदर रहस्यमय ढंग से बैठे और प्रकाश की चमकदार किरण की ओर देखते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर पर लिखा है, समय आ गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित ''कल्कि 2898 एडी'' बहुभाषी फिल्म है।

बजरंगी भाईजान और राउड़ी राठौर का बनेगा सीक्वल

मुंबई। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की सुपरहिट फिल्म बजरंगी भाईजान और खिलाड़ी कुमार अक्षय की सुपरहिट फिल्म राउड़ी राठौर का सीक्वल बनने के कयास लगाए जा रहे हैं। सलमान खान के बहनोई और अभिनेता आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान के निर्माता केके राधामोहन ने बताया है कि सलमान और अक्षय की फिल्मों का वह सीक्वल बनाने वाले हैं। केके राधामोहन ने बताया है कि वह सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान और अक्षय कुमार की फिल्म राउड़ी राठौर का सीक्वल बनाएंगे। विजयेंद्र प्रसाद ने मेरे दो कहानी लिख रहे हैं, जिसमें राउड़ी राठौर 2 और बजरंगी भाईजान 2 है।

वेलकम टू द जंगल में हुई दो नए सितारों की एंट्री

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली मल्टी स्टारर फिल्म में अब दो अन्य स्टार्स की भी एंट्री हो गई है। 'वेलकम' और 'वेलकम 2' की सफलता के बाद अहमद खान के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का जब टाइटल ट्रैक वीडियो शेयर किया गया था, उसमें अक्षय कुमार, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडिस, परेश रावल, अरशद वारसी, जॉनी लीवर, कृष्णा अभिषेक और राजपाल यादव समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और आफताब शिवदासानी की भी एंट्री हो गई है। इस फिल्म की आधी से ज्यादा शूटिंग मुंबई में ही पूरी की जाएगी। बेस इंडस्ट्रीज ग्रुप द्वारा प्रस्तुत ''वेलकम टू द जंगल'' फिरोज ए. नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और अहमद खान द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म इस साल के अंत में 20 दिसंबर को क्रिसमस सप्ताह के दौरान रिलीज हो सकती है।

विश्व क्वालीफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल कराएगा नाराज डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरूष टीम के खराब प्रदर्शन से नाराज और चिंतित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विश्व क्वालीफायर में भारतीय टीम के चयन के लिए नए सिरे से ट्रायल कराने का फैसला किया है।

बिश्केक में एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने 18 में से चार ही कोटा स्थान हासिल किए और सभी महिला पहलवानों को मिले जिनमें विनेश फोगाट भी शामिल है। उनके अलावा अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो) और रीतिका (76 किलो) ने भी कोटा हासिल किया। अभी भी 14 श्रेणियां बची है और नौ मई से तुर्की में होने वाले विश्व क्वालीफायर में जीतना एशियाई क्वालीफायर की तुलना में कठिन होगा। डब्ल्यूएफआई सभी 14 श्रेणियों में ट्रायल का आयोजन करेगा। इनमें महिला वर्ग में दो (68 और 62 किलो), पुरूष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन में छह छह वर्ग शामिल है जिनके ट्रायल अप्रैल के आखिरी सप्ताह या मई के प्रथम सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। अध्यक्ष संजय सिंह ने भारतीय कोचों और समिति के सदस्यों से प्रदर्शन पर चर्चा की।

भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का 'फ्लॉप शो'

बिश्केक (किर्गिस्तान)। भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों ने रविवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे इनमें से कोई भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल नहीं कर सका। सुनील (87 किग्रा) ही एकमात्र भारतीय थे जो एक मुकाबला जीतने में सफल रहे वर्ना अन्य तो अपने पहले दौर में ही हारने के बाद बाहर हो गए। सुनील ने अपने पहले मैच में जापान के प्रतिद्वंद्वी सोह साकाबे को 5-1 से मात दी। लेकिन क्वार्टरफाइनल में उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्डीमुरातोव से 2-4 से हार गए। अंशु (67 किग्रा) की चुनौती दो मिनट से कम समय में ही समाप्त हो गई। सुमित (60 किग्रा), विकास (77 किग्रा), नीतेश (97 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) भी पहले ही दौर में हार गए।

अगले चार माह में वजन प्रबंधन करना चुनौती: विनेश

बिश्केश (किर्गिस्तान)। ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाए रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाए अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया। विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध के कारण लगभग डेढ़ साल तक नियमित अभ्यास और खेल से दूर रही। इस दौरान अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कोटा स्थान हासिल कर लिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

तापमान पहुंचा 41 डिग्री, दिनभर आसमान से बरसी आग

रविवार रहा अब तक का सबसे गर्म दिन, गर्मी बढ़ा रही पेट रोग के मरीज, तरह-तरह के जतन कर लोग तेज धूप से कर रहे बचाव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। बीते तीन चार दिन से आसमान से आग बरस रही है तो वहीं तेज गर्म हवाओं के थपेड़े तन को झुलसा रहे हैं। रविवार को तापमान 41 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसी वजह से रविवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। उधर, बढ़ती गर्मी से पेट संबंधी बीमारियां बढ़ने लगी हैं। पेट दर्द से लेकर उल्टी, खट्टी डकारें आने के मरीज जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। डॉक्टर बन रोगों से बचने के लिए संतुलित और पौष्टिक भोजन करने की सलाह दे रहे हैं।

वैसे तो होली के बाद से गर्मी का शुभारंभ हो जाता है। मगर, भीषण गर्मी की आगाज मई और जून में होता था, लेकिन इस बार अप्रैल माह में ही ऐसा गर्मी शुरु हुई है कि लोगों का अभी से जीना दुश्वार होने लगा है। इस तरह की गर्मी मई माह में होती है, लेकिन इस बार अप्रैल माह में ही मौसम का मिजाज अत्यंत तीखा है। रविवार को न्यूनतम तापमान भी 23 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। दिन भर तेज हवाएं चलती हैं। इससे लागों को अप्रैल में ही लू का अहसास होने लगा है। चिलचिलाती धूप, तेज गर्म हवाओं और भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग घरों में ही दोपहर में रहने के लिए विवश हैं।

धूप से बचने के लिए छाता लगाकर निकलते लोग।

सप्ताह में इस तरह चढ़ता रहा पारा

दिन-	अधिकतम-	न्यूनतम
रविवार	41	23
शनिवार	40	23
शुक्रवार	40	22
बृहस्पतिवार	39	21
बुधवार	39	22

तापमान डिग्री सेल्सियस में

पूड़ी पराठे से करें परहेज, रोजाना खूब खाएं सलाद

जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. शिखर बाजपेई बताते हैं कि गर्मी में पाचन शक्ति प्रभावित होने से उल्टी, दस्त, पेट में दर्द, अपच, खट्टी डकार समेत पेट की अन्य परेशानियां होना शुरू हो जाती हैं। ओपीडी में तमाम मरीज इस तरह की समस्याओं से ग्रसित होकर आ रहे हैं। गर्मी के दिनों में होनी वाली पेट की समस्याओं से बचने के लिए पूड़ी-पराठे खाने से बचने और रोजाना 400 से 500 ग्राम सलाद खाएं। डिहाइड्रेशन से बचने के लिए रोजाना पांच लीटर पानी पिएं। नियम बनाकर हर आधा घंटे पर एक गिलास पानी पीना ज्यादा फायदेमंद है।

जांच करते फिजिशियन डॉ. शिखर।

गर्मी के दिनों में इनका करें सेवन

■ दाल, लौकी, तोरई, कद्दू सहित हरी सब्जियां खाएं। ■ सलाद में ककड़ी, खीरा, टमाटर, प्याज खाएं। ■ तरबूज, खरबूज, अंगूर, संतरा आदि मौसमी फल खाएं। ■ छाछ, लस्सी, दही, नींबू पानी, शिकंजी, नारियल पानी लें। ■ तला भुना व चटपटे भोजन एवं फास्ट फूड खाने से बचें। ■ धूप में जाते वक्त चश्मा लगाएं और सिर ढककर निकलें। ■ घर से बाहर जाते वक्त नाश्ता व पानी की बोतल लेकर चलें।

सावधानी बरतकर करें हीट स्ट्रोक से बचाव

जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरके कोली बताते हैं कि तापमान बढ़ने पर हीट स्ट्रोक का खतरा भी कई गुना तक बढ़ जाता है। इसलिए इस मौसम में सावधानी बरतें। एसी एवं कूलर से निकलकर सीधा धूप में न जाएं। इसी प्रकार धूप से आकर तुरंत ठंडा पानी पीने से बचें। लू से बचने के लिए धूप से बचकर रहें। दोपहर में घर से निकलने पर शरीर पूरी तरह ढ़के रहें। सिर पर टोपी व गमछा बांधे और आंखों पर काला चश्मा लगाएं। डायरिया एवं टाइफाइड से बचने के लिए ठेले व खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन बिल्कुल न करें।

यूपी बोर्ड: स्क्रूटनी के लिए 14 मई तक कर सकते हैं आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: यूपी बोर्ड का रिजल्ट जारी हो चुका है। नंबरों को लेकर छात्र छात्राओं में खुशी से लेकर निराशा भी है। कई छात्र छात्राएं ऐसे हैं, जिनको उम्मीद से कब नंबर मिले हैं। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने मिले नंबरों से असंतुष्ट छात्र छात्राओं को स्कूटनी का मौका दिया है। छात्र छात्राएं इसके लिए 14 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसका शुल्क 500 रुपये निर्धारित है।

डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घोषित परीक्षाफल में जिन परीक्षार्थियों को यह लग रहा है कि उन्हें नंबर कम मिले हैं तो वह स्कूटनी कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। छात्र छात्राओं को upmsp.edu.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि छात्र छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन करने के बाद प्रति प्रश्न पत्र की दर से पांच सौ रुपये का शुल्क जमा करना होगा। इसके बाद ऑनलाइन किए गए आवेदन का प्रिंट और मूल चालान पत्र को रजिस्टर्ड डाक से क्षेत्रीय कार्यालय पर भेजना होगा। इसके बाद ही स्क्रूटनी होकर नंबरों में सुधार हो सकेगा। कोरियर एवं साधारण डाक से एग आवेदन स्वीकार नहीं होंगे।

धूप की तपिश...सड़कों पर भीषण जाम, मेला मैदान रोड पर रेंगे वाहन

50 मीटर की दूरी तय करने में लोगों को लगे 15 से 20 मिनट, पसीने से तरबतर हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: शहर में जाम से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। जाम के कारण संकटा देवी चौराहे से मेला मैदान रोड पर करीब दो घंटे तक जाम लगा रहा। तपिश भरे मौसम में 50 मीटर की दूरी तय करने में 15 से 20 मिनट तक का समय लग गया। इससे लोगों को परेशान होना पड़ा।

शहर में आम दिनों में भी संकटा देवी चौराहे से मेला मैदान रोड और सदर चौराहा मार्ग पर जाम लगा रहते हैं। स्कूलों में छुट्टी के समय से जाम की समस्या और ज्यादा विकराल हो जाती है। रविवार को स्कूलों और सरकारी दफ्तरों में छुट्टी के बाद भी दोपहर करीब एक बजे संकटा देवी चौराहे से मेला मैदान रोड पर जाम लग गया। बताते हैं कि ट्रेन के समय पर अक्सर संकटा देवी चौराहे पर जाम लग जाता है। भारी वाहनों के सामने गली से निकली कार आ गई, जिससे लंबा जाम लग गया। करीब 50 मीटर की दूरी पार करने के लिए 15 से 20 मिनट का समय लग गया। इसकी वजह से संकटा देवी चौराहे से सदर चौराहा की ओर जाने वाले मार्ग, कृष्णा टॉकीज, गोला रोड पर भी जाम लग गया। सूरज की तपिश के कारण लोग पसीने से तरबतर हो गए। यह जाम दो घंटे बाद खुल सका।

संकटा देवी चौराहे से मेला मैदान रोड पर लगा जाम।

मेला मैदान रोड को जोड़ने वाली गली में जाम।

गुरुनानक कॉलेज नहर पुलिया पर भी लगा जाम

रविवार को दिनभर गुरुनानक कॉलेज नहर पुलिया पर जाम लगता रहा। दरअसर, शहर के बाहरी इलाके जाम से अझूते नहीं रह गए हैं। हाइवे पर भी वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगने लगी हैं। ट्रैफिक पुलिस बेबस नजर आ रही है। वह जाम छोड़ए शहर के ऑटो भी कंट्रोल नहीं कर पा रही है। ऑटो मोहल्लों की गलियों में दौड़ रहे हैं।

नहीं लौट रही पटरी पर व्यवस्था

शहर में सबसे ज्यादा जाम नहर पटरी पर लगता है। लोग एक नहर पटरी पर दोनों ओर से वाहन चलाते हैं। जाम का सबसे बड़ा प्रमुख कारण यही है। हालांकि नहर पटरी पर ट्रैफिक पुलिस रहती है, लेकिन वह लोगों को नहीं रोक पाती है। अगर कोई एक वाहन गलत दिशा से आ जाता है तो घंटों जाम लग जाता है।

> शहर में जाम की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए होमगार्ड्स और सिपाहियों के साथ वह खुद मुस्तैद रहते हैं, लेकिन कुछ वाहन चालक जल्दबाजी के चक्कर में यह समस्या उत्पन्न करते हैं। इसको लेकर वाहन चालकों पर जुर्माने और चालान की भी कार्रवाई की जाती है। लोग खुद जागरूक हो जाएं तो जाम की समस्या न उत्पन्न हो। - **हरमीत सिंह, यातायात उप निरीक्षक।**

कल सुबह चार बजे से बंद रहेगा सीतापुर फोरलेन

- **एलआरपी चौराहा से ओयल के बीच नहीं चलेंगे दो पहिया समेत सभी वाहन**
- **हनुमान जन्मोत्सव पदयात्रा को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने किया रूट डायवर्जन**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर-खीरी

अमृत विचार: मंगलवार को आयोजित होने वाली हनुमान पदयात्रा को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन लागू किया है। यह डायवर्जन कल सुबह चार बजे से शाम चार बजे तक रहेगा। लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर एलआरपी से लेकर ओयल के बीच 13 घंटे तक दो पहिया सहित कोई भी वाहन नहीं चलेंगे।

शहर में करीब 12 साल से हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में विशाल पद यात्रा निकलती है। पद यात्रा में हजारों की तादाद में भक्त शामिल होते हैं। यह यात्रा संकटा देवी के सुभाष पार्क से शुरू होकर सीतापुर हाईवे पर शहर से नौ किलोमीटर दूर स्थित गुलरी पुरवा हनुमान मंदिर तक जाती है। भारी भीड़भाड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है। यह रूट डायवर्जन मंगलवार की सुबह चार बजे से शाम चार बजे तक लागू रहेगा। इस बार सीतापुर हाईवे पर एलआरपी चौराहा से लेकर ओयल के बीच दो पहिया से लेकर सभी छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन पूरी से रोक दिया गया है।

ये रहेगा रूट डायवर्जन

■ एलआरपी चौराहा से सीतापुर और लखनऊ की दिशा में जाने वाले वाहन छाउछ चौराहा से बेहजम होते हुए ओयल कस्बा होते हुए जाएंगे। किसी भी प्रकार के वाहन ओयल से एलआरपी चौराहा की तरफ नहीं आएगा।

■ ओयल कस्बा स्थित बेहजम तिराहे से एलआरपी चौराहा की तरफ आने वाले वाले वाहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे। यहां से लखीमपुर, बहराइच और गोला की तरफ जाने वाले वाहनों को बेहजम तिराहे से बेहजम, छाउछ चौराहा होते हुए निकाला जाएगा।

■ संकटा देवी चौराहा ओवरब्रिज होते हुए एलआरपी चौराहा की तरफ वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा। संकटा देवी चौराहा से एलआरपी की तरफ जाने वाले वाहन कृष्णा टाकिज, पंडित दीनदयाल चौराहा होते हुए आ-जा सकेंगे।

■ सैधरी बाईपास मोड़ से बड़े वाहनों का मेला मैदान की तरफ आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा। यह वाहन पंडित दीनदयाल चौराहा, बरगद तिराहा होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। पलिया-भीरा की तरफ से आने वाले वाहन जिन्हे सीतापुर और लखनऊ जाना है। वह वाहन या तो बाईपास होते हुए छाउछ चौराहा से बेहजम रोड होकर जाएंगे या फिर महेवागंज से शारदा नगर, ढखेरवा, धौरहरा, सिसैया, लहरपुर होते हुए जाएंगे।

■ खीरी व राजापुर की तरफ से कोई भी वाहन एलआरपी की तरफ नहीं जाएगा।

■ छाउछ की तरफ से किसी भी प्रकार के वाहन एलआरपी की तरफ नहीं जाएंगे।

■ बहराइच की तरफ से आने वाले वाहन जिन्हें पीलीभीत, शाहजहांपुर और बरेली की तरफ जाना है। यह सभी वाहन सिसैया, धौरहरा, ढखेरवा और निघासन होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।

> रूट डायवर्जन व्यवस्था मंगलवार को सुबह चार बजे से शाम चार बजे कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगी। ट्रैफिक पुलिस वाहन चालकों की सहायता के लिए उपलब्ध रहेगी। अगर कोई असुविधा होती है तो नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर 9554844045 पर संपर्क कर सकते हैं।
>
> -हरमीत सिंह, टीएसआई

भाई की मौत से आहत बहन ने जहर खाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : दो महीने पहले भाई की मौत से आहत थाना सिंगाही क्षेत्र की एक किशोरी ने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिवार के लोग उसे लेकर सीएचसी निघासन पहुंचे, जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेपर कर दिया। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है। थाना सिंगाही के गांव सिंगहा निवासी फैजल ने बताया कि उसके भाई अफजल (18) की करीब दो महीने पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। भाई की मौत के बाद बहन आसमीन (16) सदमे में आ गई। बहन ने काफी दिनों तक खाना-पीना छोड़ दिया। घर के अन्य सदस्यों के समझाने के बाद वह मान गई थी, लेकिन वह काफी परेशान रहती थी। शनिवार की सुबह किसी समय उसकी बहन ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार वालों को जानकारी हुई। परिवार के लोग आनन-फानन में सीएचसी निघासन ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान देर शाम उसकी मौत हो गई।

कला में प्रतिभा प्रथम, शौर्य दूसरे पर

- **विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुई प्रतियोगिता**

संवाददाता, पलिया कलां

अमृत विचार: विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में द नेचर सोसाइटी ने कला प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। गोल्डन फ्लावर स्कूल की प्रतिभा ने प्रथम और सरस्वती विद्या मन्दिर के शौर्य शुक्ला ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि पलिया मांटेसरी की सृष्टि तीसरे स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम प्रताप सिंह प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर ने पृथ्वी की महत्ता पर प्रकाश डाला। सभी प्रतिभागियों व शिक्षक-शिक्षिकाओं को जहां जागरूक किया। वहीं सोसाइटी के उपाध्यक्ष अभिषेक कनोजिया ने पृथ्वी पर हो रहे प्रदूषण व वनों के विनाश के कारण पृथ्वी के संतुलन बिगड़ने की बात कही। सोसाइटी अध्यक्ष शेखर श्रीवास्तव ने पृथ्वी संरक्षण की बात कह जल, जंगल, ज़मीन को संरक्षित करने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि ने प्रथम, दिवतीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों के साथ ही प्रिया, अंशुल राना, साक्षी, आस्था गुप्ता, माही को सांत्वना पुरस्कार दिया। इस दौरान सोसाइटी के सदस्य रविशर्मा, प्रतुल शर्मा, रवि कुमार, आकाश भारद्वाज और शिक्षक आदि मौजूद रहे।

द नेचर सोसायटी के सदस्यों सहित पुरस्कृत हुए विद्यार्थी।

टेल तक पानी न जाने से नहीं हो पा रही सिंचाई, किसान परेशान

संवाददाता, भीरा, अमृत विचार : नहरों का पानी टेल तक न जाने से किसान फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहा है। इससे फसलें सूख रहीं हैं। किसान डीजल से सिंचाई करने पर मजबूर हो रहे हैं, जबकि सरकार हर खेत को नहर का पानी निशुल्क पहुंचाने के निर्देश सिंचाई विभाग अधिकारियों को दे रखे हैं। विकासखंड बिजुआ के भीरा क्षेत्र के किसानों को सिंचाई विभाग अलीगंज मुख्य नहर से जुड़ी छह से अधिक नहरों के जरिए सिंचाई की सुविधा दी है, लेकिन इनका पानी आखिरी छोर तक न पहुंचने से क्षेत्र के किसान फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। विभागीय जानकारों के अनुसार अलीगंज मुख्य नहर में 460 क्यूसेक पानी छोड़ने के निर्देश है, लेकिन करीब 300 क्यूसेक के आसपास पानी छोड़ा जा रहा है। खास बात यह है कि इस नहर के साथ अन्य शाखा नहरों की साफ सफाई के लिए प्रतिवर्ष सरकार लाखों रुपये का भारी भरकम बजट खर्च करती है। कागजों पर सफाई कार्य होने के कारण पूरी क्षमता से पानी न छोड़े जाने से किसान मिलने वाले निशुल्क पानी से फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहा है। पूर्व उप ब्लॉक प्रमुख ज्ञान सिंह का कहना है विभाग के अधिकारियों को इसकी पूरी जानकारी भी है, लेकिन कागजी साफ-सफाई होने के कारण सभी के मुंह बंद हैं। सबसे बड़ी परेशानी लघु सीमांत किसानों को हो रही है, जो आर्थिक तंगी के चलते डीजल से सिंचाई करने में असमर्थ हैं। उन्होंने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह से जांच करा नहर का पानी टेल तक पहुंचाने की मांग की है।

स्वयं पोर्टल पर होगी 11 विषयों की पढ़ाई

- **प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं एप, एक सितंबर तक होंगे पंजीकरण**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: एनसीईआरटी ने स्वयं पोर्टल तैयार किया है। इससे कक्षा-11 एवं 12वीं के छात्रों को पढ़ने के लिए 11 विषय मिलेंगे। यह पोर्टल निःशुल्क है। छात्रों को पढ़ने के लिए इस पर अपना पंजीकरण करना होगा।

लखनऊ मंडल के विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि स्वयं पोर्टल का उद्देश्य युवाओं के मानसिक स्तर को प्रभावशाली के साथ सक्रिय बनाना है। पोर्टल पर 22 अप्रैल से 30 सितंबर तक एनसीईआरटी की ओर से कक्षा 11 व 12 के छात्रों के लिए ऑनलाइन कोर्स उपलब्ध रहेगा। पोर्टल पर छात्र-छात्राओं से लेकर शिक्षक व अभिभावक भी पाठ्यक्रम का उद्देश्य एवं पढ़ाने का तरीका जानने के लिए 15 अप्रैल से एक सितंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं। ऑनलाइन कोर्स में कुल 28 भाग हैं। इसमें कक्षा 11 एवं 12 के रसायन, भौतिक एवं जीव विज्ञान के साथ व्यावसायिक अध्ययन, समाज शास्त्र, गणित, भूगोल, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, अंग्रेजी, लेखाकार आदि महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी ने बताया कि इस कोर्स से अधिक छात्रों और शिक्षकों को जोड़ने के लिए डीआईओएस को निर्देशित कर दिया गया है।

डॉ. दिनेश कुमार जायसवाल।

प्ले स्टोर से भी डाउनलोड कर सकते हैं स्वयं एप

डॉ. दिनेश कुमार जायसवाल ने बताया कि छात्र एवं शिक्षक गूगल प्ले स्टोर पर जाकर स्वयं एप डाऊनलोड कर कोर्स के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय कलाकारों द्वारा हुई संगीत संध्या

सावन के झूलों ने मुझको बुलाया मैं परदेशी घर वापस आया

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

अमृत विचार: छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय संगीत संध्या में स्थानीय संगीतकारों ने वाद्य यंत्रों पर भजन, फिल्मी गीत गाकर समां बांध दी।

स्थानीय संगीत संध्या के मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त शिक्षक केके गुप्ता, विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष अरुण अवस्थी, अन्नपूर्णा रसोई समिति के कोषाध्यक्ष आदर्श सोनी, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व उपाध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ शिवचंद्र शाह और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। स्थानीय संगीत संध्या की शुरुआत बृजेश कुमार तिवारी के भजन से हुई- आया शरण तुम्हारी दुःख दूर कर हमारे। दुर्लभ जो हर किसी को वह हाथ है तुम्हारे।। **भोजनोपरान्त उन्होंने सुनाया-** आजा तुझको पुकारे मेरे गीत रे, मेरे मीत रे। **दीपांशु शुक्ला ने गाया-** बेइरादा नजर मिल गई तो, और। मेरे रश्के कमर तूने पहली नजर जब नजर से मिलाई मजा आ गया।। **आदेश राजपूत ने गाया-** सावन के झूलों ने मुझको बुलाया मै परदेशी घर वापस आया। सांस्कृतिक मंच का संचालन करते हुए मेला प्रभारी मोहित गिरि ने आए हुए अतिथियों का आभार जताया। सभासद अंजू देवी, शोभित सिंह, इजरान अहमद अंसारी, धर्मेंद्र कुमार तिवारी, शाहिद अंसारी, आनंद किशोर गिरि भोली, शब्बन खां, नगर पालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्वलित करते मुख्य अतिथि।

चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर भजन सुनाते बृजेश तिवारी।

टीना परवीन, तस्लीम आरिफ की जवाबी कव्वाली आज

नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में हो रहे ऐतिहासिक चैती मेला के प्रभारी मोहित गिरि ने बताया कि मेला मैदान स्थित सांस्कृतिक मंच पर टीना परवीन, तस्लीम आरिफ की जबाबी कव्वाली रात आठ बजे से होगी। इनकी कव्वाली सुनने के लिए भीड़ की अधिकता की आशंका वश पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से पर्याप्त सुरक्षा करने का अनुरोध किया गया है।

कस्बे में निकली बालाजी की शोभायात्रा

संवाददाता, सम्पूर्णानगर

अमृत विचार: कस्बा सिंगाही खुर्द, सम्पूर्णानगर में रविवार को दुर्गा मंदिर सेवा समिति ने बालाजी की शोभायात्रा धूमधाम निकाली। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बालाजी एवं जय श्रीराम का नारा लगाकर समूचे कस्बे को श्रद्धालुओं ने भक्तिमय कर दिया। यात्रा में बालाजी की सुंदर झांकी शोभायात्रा में चार चांद लगा रही थी।

सम्पूर्णानगर शोभायात्रा पहुंचने पर डॉ आईए खान, उनके पिता डॉ इजहार खान आदि ने भक्तों को जलपान कराया। बालाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा कस्बा सम्पूर्णानगर होते हुए सिंगाही खुर्द में नवनिर्मित बालाजी के मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान इंद्रजीत सूरी, डॉ जुनेजा, जसपाल सिंह, मनोज चड्ढा, दिनेश गुप्ता, बंटी सूरी आदि लोग शामिल रहे।

संपूर्णानगर में निकली बालाजी की शोभायात्रा। अमृत विचार

पलिया में पांच दिवसीय बालाजी जन्मोत्सव 23 अप्रैल से

पलिया कलां, अमृत विचार : श्री बालाजी मित्र मंडल मठिया सेवा समिति पलिया द्वारा पांच दिवसीय बालाजी का जन्मोत्सव 23 अप्रैल से नगर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर पुरानी बाजार स्थित मठिया मंदिर सहित पूरे नगर को आकर्षक ढंग से सजा दिया गया है। आयोजन समिति ने बताया गया कि 23 अप्रैल को नगर में बालाजी की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 24 अप्रैल को सुंदरकांड पाठ, 25 अप्रैल को 51 जोड़ों के सामूहिक विवाह, 26 अप्रैल को विशाल जागरण होगा।

दस हजार रुपये के लालच में युवक की हत्या कर जंगल में फेंका शव

16 वर्षीय किशोर समेत दो गिरफ्तार, नौ दिन बाद बरामद हुए शव को पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता, उचौलिया

अमृत विचार: थाना उचौलिया क्षेत्र में 10 हजार रुपयों के लिए अक्सर पास में उठने बैठने वाले एक 16 वर्षीय किशोर ने एक व्यक्ति के साथ मिलकर बनका गांव निवासी किशोरी लाल की हत्या कर दी और उसका शव जंगल में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर नौ दिन बाद उसका शव कंकाल जैसी अवस्था में जंगल से बरामद किया है। पुलिस ने बरामद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव बनका निवासी राजेश ने बताया कि उनका भाई किशोरी लाल (41) नशा करता था। इसी चक्कर में गांव का 16 वर्षीय किशोर उसके भाई के पास आकर उठता बैठता था। दोनों के बीच काफी गहरी दोस्ती हो गई थी। 13 अप्रैल को आरोपी किशोर भाई के पास आया। भाई किशोरीलाल अपनी मोपेड से साथी किशोर के साथ पड़ोसी गांव रहीमपुर गया था। शाम को किशोर उसकी मोपेड घर पर लाकर खड़ी कर दी और चला गया, लेकिन उनका भाई वापस जेर शाम तक नहीं पहुंचा तो परिवार के लोगों ने आरोपी किशोर से पूछताछ की, लेकिन उसने कोई सही बात नहीं बताई। इससे परिवार के लोग परेशान हो उठे और उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। इस पर राजेश ने भाई के गायब होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली, लेकिन उसकी तलाश के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए। राजेश ने बताया कि तीन दिन बाद वह फिर थाने गए और पुलिस से मिलकर भाई के साथी किशोर पर शक जाहिर किया, लेकिन पुलिस हरकत में आठ दिन बाद आई। पुलिस ने आरोपी किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह टूट गया। उसने अपने साथी रहीमपुर निवासी मुल्तान सिंह के साथ मिलकर हत्या करने की बात कबूल की। इस पर पुलिस दूसरे आरोपी मुल्तान सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर रहीमपुर के जंगल से उसका शव बरामद किया है।शव की स्थिति बड़ी खराब थी। जंगली जानवरों ने नोच कर उसे कंकाल जैसा कर दिया था। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने डंडों से पिटाई कर हत्या करने की बात कही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। थानाध्यक्ष जितेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या करने का तरीका और भी स्पष्ट होगा। मृतक के घर में मंद बुद्धि की पत्नी और एक बेटी है।

बाप ने बेटे की हत्या कर शव जलाया

संवाददाता, मितौली (लखीमपुर खीरी), अमृत विचार : थाना मितौली क्षेत्र के गांव गनेशपुर गांव में एक बाप ने अपने पुत्र की हत्या कर शव को खेत मे जला दिया। उसकी अस्थियों को तालाब में फेंक दिया। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने अस्थियों को तालाब से बरामद किया है। हत्या से गांव में सनसनी फैली हुई है। थाना क्षेत्र के गनेशपुर गांव की रहने वाली नीलम देवी ने अपने पति के गायब होने की सूचना पुलिस को दी थी और अपने ही ससुर पर पति विजेंद्र कुमार को गायब करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी ससुर राम नक्षत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने पुलिस को बताया कि विजेंद्र की मौत हो गई और उसके शव को जलाकर उसकी अस्थियों को पास के तालाब में फेंक दिया है। थाना प्रभारी राजू राव ने बताया कि होली के दिन बहू और बेटे में लड़ाई हुई थी, जिससे नाराज होकर विजेंद्र की पत्नी नीलम अपने बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। इसके बाद उसने पुत्र की हत्या कर दी। इसके चलते उसने शव को खेत मे जला दिया। इतने से भी उसका मन नहीं भरा तो उसने उसकी अस्थियां गांव में ही तालाब में फेंक दीं। विजेंद्र की पत्नी नीलम ने मायके से कई बार विजेंद्र को फोन किया तो उसका फोन स्विच ऑफ जा रहा था। शक होने वह बुधवार को वापस अपने बच्चों के साथ अपनी ससुराल गनेशपुर पहुची। उसने अपने ससुर से पति के बारे में पूछा, लेकिन उसको सही से कोई जवाब नहीं मिला। इस पर नीलम ने 20 अप्रैल को पुलिस को पति के गायब होने की सूचना दी और ससुर पर शक जताते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने शव जलाने वाले स्थान से वैज्ञानिक साक्ष्य भी जुटाए हैं।

विजेंद्र कुमार (फाइल फोटो)

सार-संक्षेप

चीनी मिल कर्मियों को बताए आग बुझाने के तरीके

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड के डिस्टिलरी यूनिट के कर्मचारियों को अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को आग बुझाने के तरीके बताए। मुख्य अतिथि अग्निशमन अधिकारी सुरेंद्र सिंह शिंदे ने बताया कि राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाए जाने का मुख्य कारण 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डॉकयार्ड मुंबई में सेना का माल वाहक जहाज जिसमें अचानक आग लग गई थी, जिसको बुझाने एवं आग को काबू में करने के लिए मुंबई फायर सर्विस के 66 अग्निशमन कर्मचारियों को अपनी जान की आहुति देनी पड़ी, उन फायर फाइटर को श्रद्धांजलि देने के लिए अग्निशमन सेवा दिवस 14 अप्रैल को मनाया जाता है। उन्होने ने शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। डिस्टलरी हेड सहदेव सिंह, गिरेन्द्रनाथ सिंह, खुशहाल सिंह ने अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाने का कारण एवं अग्नि से बचाव के बारे में अवगत कराया। मिल के सुरक्षा अधिकारी शोभन औदीच्य ने सभी कर्मचारियों को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई, डिस्टिलरी परिसर के बाहर फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। मिल के अधिकारी दीपक मिश्रा, गौरी शंकर जोशी, खैरुल वारा कादिर, गोपाल जायसवाल, अरुण यादव, आर एस यादव, संजीव पांडे, अभिषेक सक्सेना एवं अग्निशमन कर्मचारी मौजूद रहे।

बजाज चीनी मिल में आग बुझाने का डेमो दिखाते फायर ब्रिगेड कर्मी। अमृत विचार

पत्नी, प्रेमी समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना पलिया के गांव रामप्रसाद पुरवा निवासी सूरज के आत्महत्या करने के मामले में नया मोड़ आ गया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मृतक की पत्नी, सास-ससुर समेत पांच लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि ससुराल वालों की पिटाई से आहत होकर सूरज ने जहर खाकर आत्महत्या की थी। गांव रामप्रसाद पुरवा निवासी पंचम ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि उसके पुत्र सूरज का विवाह 07 फरवरी 2023 को थाना मझगईं क्षेत्र के एक गांव से हुआ था। उसकी बहू के गांव शंकरपुर निवासी आशीष से अवैध संबंध थे। आशीष का आना जाना पुत्र की ससुराल में था। 07 जुलाई 2023 को पुत्र सूरज अपनी ससुराल गया था, जहां उसने अपनी पत्नी को आशीष के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था, जिसका पुत्र ने जब विरोध किया तो ससुराल वाले भड़क गए। पत्नी ने अपने प्रेमी आशीष, भाई अजय, पिता और मां के साथ मिलकर सूरज को डराया धमकाया और मारपीट की गई। इससे क्षुब्ध होकर सूरज ने घर आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां आठ जुलाई को मौत उसकी हो गई थी। सूरज ने जहर खाने से पहले एक सुसाइड नोट लिखा, जो उसके कमरे से मिला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था, लेकिन तहरीर देने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मृतक की पत्नी, प्रेमी समेत सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रकरण की जांच एसआई इंसाफ अली को सौंपी गई है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ की मौत हो गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोपालापुर निवासी ओमकार ने बताया कि उसके पिता छोटेलाल (54) 19 अप्रैल की शाम 7:30 बजे गोपालापुर से खोजियापुर के खेत में गेहूं की फसल देखकर पैदल आ रहे थे। तभी अज्ञात चौपहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए लखीमपुर ले जा रहे थे। रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमृतापुर में जमीनी विवाद के चलते गांव निवासी दलजीत सिंह ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनका जमीनी विवाद चल रहा है। जिसमें 16 अप्रैल को न्यायालय ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। 19 अप्रैल को बलविंदर सिंह और रनदीप सिंह ने ट्रैक्टर से पक्की मेड़ तोड़कर खेत अपने खेत में मिला लिया। मना करने पर आरोपियों ने ट्रैक्टर से दबाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पंचर बना रहे दुकानदार की कार से कुचलकर मौत

संवाददाता, रजागंज, अमृत विचार : पीलीभीत बस्ती नेशनल हाईवे पर रविवार को लखीमपुर से गोला जा रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुकान में जा घुसी, जिससे कार की चपेट में आकर पंचर बना रहे साइकिल मिस्त्री की मौत हो गई। हादसे बच्चे समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसा रविवार की शाम करीब छह बजे हुआ। पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर गांव मुर्तिहा निवासी तेजी राम (55) की मुर्तिहा चौराहा पर साइकिल पंचर बनाने की दुकान है। शाम को वह साइकिल बना रहा था। तभी लखीमपुर से गोला जा रही काले रंग की कार अनियंत्रित हो गई और उसे कुचलते हुए उसकी दुकान में जा घुसी। हादसे में तेजी राम की मौके पर ही मौत हो गई। दुकान पर साइकिल बनवा रहा आर्यन (5) बालगोविंद (30) निवासी फूलबेहड़, ताज (25) निवासी मुर्तिहा, इरफान (32) निवासी हजरतपुर थाना फूलबेहड घायल हो गए। इससे अफरा-तफरी मच गई। तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे के बाद कार मौके पर छोड़कर चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में सभी घायलों को सीएचसी फरधान भेजा, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया है। गोला पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सरस्वती विद्या मंदिर की निधि ने इंटर में पाए 93 प्रतिशत

पलिया कलां

अमृत विचार : हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षाफल में नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा निधि गुप्ता 93% अंक प्राप्त कर नगर में टॉप पर रही हैं, जबकि इसी विद्यालय के आर्यन ने 92% अंक प्राप्त कर हाई स्कूल में बाजी मारी। इंटरमीडिएट में कुल 48 छात्र थे, जिसमें 42 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जबकि हाई स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। यहां 94 में सभी विद्यार्थी अच्छे अंको से उत्तीर्णहुए। रामलीला बालिका इंटर कॉलेज का परीक्षा फल 93.5 प्रतिशत रहा, जिसमें 31 छात्राएं प्रथम श्रेणी,39 द्वितीय में उत्तीर्ण हुईं। पलिया मांटेसरी स्कूल के प्रबंधक अनूप गुप्ता व प्रधानाचार्य रत्ना वाजपेई ने बताया कि विद्यालय में हाईस्कूल में 95% विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। छात्रा हनी लोंगिया 80% अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान लाई। बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डोरी लाल भार्गव ने बताया कि श्रद्धा शुक्ला ने इंटर में 87.6% अंक प्राप्त किया है, जबकि हाई स्कूल में छात्र स्वास्तिक गुप्ता ने 91.5% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

निधि गुप्ता आर्यन

ज्ञानस्थली एकेडमी: विशाल व अखिल ने किया टॉप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: ज्ञानस्थली एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के इंटरमीडिएट के छात्र अखिल वर्मा ने 456 अंक लाकर विद्यालय टॉप किया है। जबकि अभिषेक वर्मा 451 अंकों के साथ दूसरे और शिवा वर्मा 449 अंकों के साथ तृतीय रहे। इस क्रम में हर्षित शुक्ला को 447, हिमांशु वर्मा को 445, हर्ष वर्मा को 403, छात्रा शिखा राठौर को 400, अंकित कुमार को 396, शिवम वर्मा को 387, शिवा मिश्रा को 379 अंक प्राप्त हुए। वहीं हाईस्कूल में विशाल कुमार 562 अंक लाकर प्रथम, आदर्श वर्मा 560 अंकों के साथ दूसरे, प्रियांशु वर्मा 557 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहें। छात्र सेहत कुमार को 559, कार्तिक वर्मा को 550, अभिषेक वर्मा को 528, माही वर्मा को 522, शादाब अहमद को 516, सत्यम वर्मा को 508, अर्पित को 502, रिवांशू भारती को 495 अंक्र लाकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य नितिन कुमार श्रीवास्तव एवं प्रबंधक रघुवीर सिंह यादव ने मेधावियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

आकांक्षा ने केन ग्रोअर्स इंटर कॉलेज का नाम किया रोशन

पसगवां, अमृत विचार : यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में जेबीगंज के केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज की छात्रा आकांक्षा सक्सेना ने 94.83 प्रतिशत अंक लाकर जिले की टॉपटेन सूची में छठा स्थान प्राप्त किया है। छात्रा ने कॉलेज और परिवार का नाम रोशन इतिहास रचा है। इनके पिता प्रमोद कुमार सक्सेना एक निजी विद्यालय में प्रधानाचार्य हैं। आकांक्षा ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता और शिक्षकों को दिया है। आकांक्षा का सपना सिविल सर्विसेज में जाकर देश व समाज की सेवा करना है। वहीं कॉलेज की इंटर की छात्रा गांव नरदी निवासी नंदनी गुप्ता पुत्री संजीव गुप्ता ने 88.2 प्रतिशत अंक लाकर कॉलेज टॉप किया है। नंदिनों को हर विषय में विशेष योग्यता मिली है। नंदिनी का सपना प्रोफेसर बनना है।

इंटरमीडिएट | **हाईस्कूल** | **1. सौरभ वर्मा-95.16%, पं. दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज लखीमपुर।**



अरशद खान-92.6%	भव्या सिंह-94%	अंशुल वर्मा-92%	दीक्षा- 91.3%	संजना देवी-90.16%
नवभारत पब्लिक इंटर कॉलेज, महेवागंज	सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज लखीमपुर	शिववती देवी विद्या मंदिर उ. माध्यमिक विद्यालय	नवभारत पब्लिक इंटर कॉलेज महेवागंज	गुरूकुल विद्यापीठ इंटर कॉलेज मढिया सड़क

प्रिया ने हाईस्कूल में 91.83 प्रतिशत अंक लाकर किया कालेज टॉप

संवाददाता, कुकरा, अमृत विचार : श्रीगुरु नानक इंटर कॉलेज पहाड़पुर की छात्रा प्रिया ने हाई स्कूल में 91.83 प्रतिशत अंक लाकर अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य कुलवंत सिंह चीमा ने छात्रा को मिठाई खिलाकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रा ने इसका श्रेय शिक्षकों और अपने माता-पिता को दिया है। स्नेहाशीष कुमार ने हाई स्कूल में 90.83 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय और इंटर में जफरुद्दीन ने 84.8 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, आकांक्षा देवी ने 82.4 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।शिक्षक श्रवण कुमार बाजपेई, इमरान खान, हरिहर कुमार अवस्थी, रामनरेश मिश्रा, संजीव कुमार मिश्रा, करतार सिंह, अजय कुमार शर्मा, चंद्रप्रकाश राठौर, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

पहाड़पुर में छात्रा का मुंह मीठा कराते प्रधानाचार्य।

पलक को दिव्यांगता भी नहीं रोक पाई आगे बढ़ने से

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नगर की सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कालेज की छात्रा पलक मिश्रा एक आंख से दिव्यांग है। परीक्षा के दो माह पूर्व पैरालिसिस अटैक के चलते दाहिने हाथ ने काम करना भी बंद कर दिया किंतु समय से सही इलाज मिलने से वह सही हो गई, और यूपी बोर्ड में इंटर की परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक लाकर यह साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत और पक्के इरादे से सफलता हासिल होकर रहती है। गांव करनपुर निवासी पलक मिश्रा के पिता बिझौली के जूनियर विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक हैं। माता अर्चना मिश्रा गृहणी हैं। पलक के दो बड़े भाई देवार्चन मिश्रा और शिवार्चन मिश्रा ने विद्या निकेतन से इंटर की परीक्षा पास की थी। देवार्चन की तैनाती लेखपाल के पद पर गोला सर्किल में हुई है। उसने बताया कि उसकी बहन पलक मिश्रा जब तीन वर्ष की थी तभी एक आंख खराब हो गई, जिसका दिल्ली एम्स में इलाज कराकर आंख पत्थर की लगवाई किंतु दो बार आंख में इनफेक्शन होने पर पत्थर की आंख निकलवा दी। पलक एक आंख से पढ़ाई कर हमेशा टाप आती रही। 2022 की हाईस्कूल की परीक्षा में जनपर की टापटेन सूची में अपना नाम दर्ज कराया। परीक्षा से दो माह पूर्व नवंबर में उसके पैरालिसिस अटैक पड़ने पर दाहिने हाथ ने काम करना बंद कर दिया। समय से लखनऊ में सही इलाज होने से एक महीने बाद हाथ सही होने पर उसने हिम्मत नहीं हारी और दो माह बाद हुई इंटर की बोर्ड परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक लाकर हिंदी में 96, अंग्रेजी 96, भौतिक विज्ञान 74, रसायन विज्ञान 92 और जीव विज्ञान में 97 अंक लाकर साबित कर दिया कि शारीरिक अक्षमता भी हौंसलों के आगे फीकी है।

माता पिता के साथ पलक मिश्रा।

हड़ताल पर सफाई कर्मी, मोहल्लों में फैली गंदगी

- **काम बंद कर सफाईकर्मियों ने की नारेबाजी, नगरवासियों की बढ़ी मुश्किलें**

संवाददाता पलिया कलां।

अमृत विचार: नगर पालिका के सफाई कर्मियों ने रविवार को काम बंद कर हड़ताल शुरू कर दी। इससे शहर के मुख्य मार्गों से लेकर मोहल्लों में जगह जगह पर गंदगी के ढ़ेर लगे हैं। ऐसे में इस भीषण गर्मी में फैली गंदगी से संक्रामक रोगों के पनपने का खतरा मंडराने लगा है। हालांकि ईओ का कहना है कि नगर वासियों को किसी प्रकार दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। सफाई कर्मियों से बात कर हड़ताल खत्म करा दी जाएगी।

नगर पालिका में ठेका पर 125 सफाई कर्मी तैनात हैं। इनके हड़ताल पर जाने से शहर की गलियों से लेकर बाजार व मोहल्लों में गंदगी का अंबार लग गया है। ठेका सफाई कर्मी वीरू पुत्र राम आसरे ने बताया कि 16 मार्च को चीनी मिल रोड पर जेसीबी से बैनर पोस्टर उतारते समय हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी, जिसका मुकदमा भी दर्ज है। सफाई कर्मी ने बताया कि पालिका अध्यक्ष हादसे के समय जेसीबी चलाने की बात स्वीकार करने का दबाव बना रहे हैं, जबकि जेसीबी हम चला तक नहीं पाते हैं। मामला अपने ऊपर न लेने पर पालिकाध्यक्ष ने घर बैठा दिया है। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों के पीएफ का पैसा सभी खातों में नियमित नहीं जमा हो रहा है। पीएफ की मांग करने पर पालिका प्रशासन नौकरी से निकाल देने की धमकी देता हैं। सफाई कर्मी वीरू को काम पर वापस लेने और पीएम का पैसा खातों में भेजवाने की मांग को लेकर रविवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। प्रदर्शन में वीरू सहित संजय, सुनील कुमार, रामकुमार, संदीप, रोहित, मयंक, पप्पू, अनुज, आकाश, वंदना, कुंती, ममता, सरवन देवी आदि तमाम सफाई कर्मी मौजूद रहें।

प्रदर्शन करते नगर पालिका के सफाई कर्मी। अमृत विचार

सफाई न होने से पटी गंदगी।

> 16 मार्च 2024 को भीरा रोड पर पलिया निवासी उमेश पांडेय के पुत्र की मौत के मामले में सफाई कर्मी वीरू ने पहले स्वयं ट्रैक्टर ट्राली से दुर्घटना होने की बात कही थी, जिसके बाद ट्रैक्टर ट्राली को थाने में खड़ा भी करा लिया गया था, किंतु अब यह अपनी बात से मुकर रहा है। आज सुबह सफाई कर्मचारियों के हड़ताल की सूचना मिलने पर वे स्वयं मौके पर गए थे और सबको समझाने का प्रयास भी किया।
>
> -केबी गुप्ता नगर पालिकाध्यक्ष, पलिया कलां

सड़क दुर्घटना में चार छात्र घायल, 3 की हालत गंभीर

संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार। पलिया -भीरा मार्ग पर ग्राम कचनारा के निकट शनिवार शाम बाइक और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक पर सवार चार छात्र घायल हो गए। घायलों में तीन छात्रों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थाना मझगई के ग्राम लोधपुरवा निवासी नितिन लोधी पुत्र प्रदीप लोधी, पृथ्वीपुरवा निवासी प्रियांशु मौर्य पुत्र सोमेश्वर मौर्य, लोखंदर पुरवा निवासी आशीष कुमार तव लतीश राठौर भीरा थाना क्षेत्र के गांव बोझवा के कृषि महाविद्यालय में स्नातक के छात्र हैं। शनिवार शाम बाइक पर सवार होकर अपने घरों को जा रहे थे। भीरा थाना क्षेत्र के गांव कचनारा के निकट उनकी बाइक सामने से आ रही जायलो कार से टकरा गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां नितिन लोधी, प्रियांशु मौर्य व आशीष कुमार की हालत गंभीर पाई गई।

मेधावियों को सीख | परीक्षा में कम नंबर आने व फेल होने पर न घबराएं, अभिभावक भी बच्चों को उलाहना देकर न करें हतोत्साहित

असफलताओं से सबक लेकर सफलता पाने के लिए करें मेहनत

कार्यालय संवाददाता लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: यूपी बोर्ड ने शनिवार को परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। इससे मेधावी खुश हैं तो उम्मीद से कम नंबर मिलने एवं फेल होने वालों में निराशा है। हालांकि तमाम ऐसे छात्र छात्राएं मेधावी बने हैं, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों और मुश्किलों के बीच पढ़ाई कर सफलता की नई इबारत गढ़ी है।

बोर्ड परीक्षा में मनमुताबिक नंबर न मिलने और असफल रहने से छात्र तनाव में हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि कोई भी परीक्षा आखिरी नहीं होती। इसलिए नंबर कम आने पर छात्र निराश बिल्कुल न हों। वहीं घरवाले भी अन्य के नंबरों से उनकी तुलना बिल्कुल न करें। ऐसा करने से बच्चों के दिल और दिमाग पर गलत प्रभाव पड़ता है। इस तरह बच्चे अवसाद में जा सकते हैं। नंबर कम आने पर न तो बच्चों को डांटे और न ही किसी तरह की उलाहना दें, बल्कि भविष्य में सफल होने के लिए मेहनत करने लिए प्रेरित करें। डांट आदि से बच्चों के मन में नकारात्मक विचार आएंगे। जो नुकसानदेय हैं। रिजल्ट जारी होने के बाद नंबर कम आने एवं असफल होने वाले छात्रों को अभिभावक अकेला न छोड़े। इसके अलावा बच्चा यदि गुमशुम रहता है तो उसे समझाएं और अगली बार परीक्षा में बेहतर करने के लिए प्रेरित करें।

कर्तव्य पथ से न हों विमुख, पूर्ण मनोयोग से शुरू कर दें तैयारी

वाईडी कॉलेज के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. जेएन सिंह बताते हैं असफलता से निराश न होकर उससे सबक लें, कि आखिर सफलता मिलने में कहां पर कमी रह गई। बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक न आने पर अपने कर्तव्य पथ से विमुख बिल्कुल न हों, क्योंकि जीवन में कई परीक्षाएं होगीं। अगली परीक्षा के लिए मन लगाकर तैयारी करें।

बच्चों को न दे उलाहना

जिला अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला बताते हैं कि परीक्षा में मनमुताबिक नंबर न आने एवं विफल होने पर घबराएं नहीं। घरवाले भी बच्चों को न तो उलाहना दें और न ही अन्य से उनकी तुलना करें। इससे बच्चों के मन में नकारात्मकता बढ़ती है। रिजल्ट के बाद बच्चे की मन स्थिति पर नजर रखें। बच्चा उदास लगे या फिर अकेले में रहने लगे तो उसे अस्पताल लाकर काउंसलिंग करवाएं। इन परिस्थितियों में बच्चों को अकेला बिल्कुल न छोड़े।

कक्षा	पंजीकृत परीक्षार्थी	शामिल	उत्तीर्ण	अनुत्तीर्ण	प्रतिशत
हाईस्कूल	52736	49653	40634	9019	81.84
इंटरमीडिएट	45079	42952	33510	9442	78.02

हाईस्कूल व इंटर में 18461 परीक्षार्थी हुए फेल

माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा में 49653 छात्र छात्राएं शामिल हुए थे, जिसमें से 40634 ही पास हुए। इसी तरह इंटरमीडिएट के पेपर में शामिल 42952 परीक्षार्थियों में से 33510 ही पास हुए। हाईस्कूल में 9019 और इंटरमीडिएट की परीक्षा में 9442 छात्र छात्राएं असफल रहे हैं। उधर, उत्तीर्ण होने वालों में भी तमाम छात्र छात्राएं ऐसे है, जिनको मनमुताबिक अंक न मिलने का मलाल है।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

कोई नहीं उतार रहा धरती का कर्ज खिलवाड़ होने से सूखते जा रहे पेड़

विश्व पृथ्वी दिवस : पॉलीथिन से जल, हरियाली और पर्यावरण को पहुंच रहा नुकसान

अमन सक्सेना, शुक्लागंज

अमृत विचार। 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस है। इस दिन जन प्रतिनिधि व समाजसेवियों के अलावा अन्य लोग भी पृथ्वी को संरक्षित रखने के लिये उस दिन पर्यावरण के हित में कार्य करते हुये सोशल मीडिया वर वाहवाही बटोरेंगे। फिर दूसरे ही दिन से सभी पृथ्वी के साथ खिलवाड़ करने लगते हैं। जिस कारण जल, हरियाली, वन्य प्राणी, प्रदूषण व इससे जुड़े अन्य कारक तेजी से बढ़ रहे हैं। उसी का नतीजा है कि पेड़, पौधे सूखते जा रहे हैं और नदी, नहरों का पानी भी दिनों दिन सिमटता चला जा रहा है।

हर साल 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। जहां पर्यावरण के प्रति जागरूकता और पृथ्वी को बचाने के लिये लोग तमाम प्रयास कर रहे हैं। इतना ही नहीं पृथ्वी को बचाने के लिये तरह-तरह के संकल्प भी लेते हैं। इसके बावजूद अधिकांश लोग अपने संकल्प को भूल जाते हैं और पृथ्वी से खिलावाड़ करते चले जा रहे हैं। जिस कारण पेड़ पौधे सूखते जा रहे हैं। वहीं प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग होने से नदी, तालाबों पर पानी की जगह सिर्फ पॉलीथिन ही नजर आ रही हैं। वहीं शुक्लागंज की मुख्य बाजारों और दुकानों में वर्तमान समय पर खुलेआम पॉलीथिन का प्रयोग किया जा रहा है। सब्जी मंडी से लेकर अन्य खाने-पीने की वस्तुएं पॉलीथिन में दी जा रही हैं। जिससे तेजी से प्रदूषण बढ़ रहा है। कई बार पालिका प्रशासन ने पॉलिथिन के विरूद्ध अभियान भी चलाया लेकिन उसे अमलीजामा नहीं पहना सकी। जिस कारण भारी मात्रों में प्रतिदिन पॉलीथिन का प्रयोग हो रहा है।


आवोहवा दूषित होने से ग्रामीण क्षेत्र में सूखा खड़ा पेड़।

दुकान में टंगी प्रतिबंधित पॉलीथिन।

ग्रामीण क्षेत्रों की हवा दूषित होने से सूख रहे पेड़

जाजमऊ क्षेत्र में कई अवैध ग्लू भट्ठियां मानकों को ताक पर रखकर संचालित हो रही हैं। उसनने निकलने वाले जहरीला धुंआ जहां पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है। वहीं लोगों को भी तरह-तरह की बीमारियां दे रहा है। जिस कारण हरे पेड़ भी सूखते जा रहे हैं।

गंगा में फेंकी जा रही प्रतिबंधित पॉलीथिन

शुक्लागंज और कानपुर से आने-जाने वाले राहगीरों को अक्सर नवीन पुल पर खड़े होकर गंगा में पॉलीथिन में भरकर पूजन सामग्री के अलावा अन्य सामान को फेंकते हुये साफ देखा जा सकता है। जिस कारण गंगा का जल भी प्रदूषित हो रहा है।

आंबेडकर जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए

शुक्लागंज उन्नाव। डॉ भीमराव आंबेडकर बहुजन उत्थान समिति के तत्वावधान में शनिवार रात गंगाघाट कोतवाली के बाहर डा. आंबेडकर की 133वी जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया।

डा. आंबेडकर बहुजन उत्थान समिति की ओर से प्रतिवर्ष थाने के पास स्थित आंबेडकर प्रतिमा के पास सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उसी को लेकर शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किये गये। जहां मुख्य अतिथि लोकसभा प्रत्यासी अशोक पांडेय ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। जिसके बाद नीलम बौद्ध द्वारा अपने गानों के माध्यम से बाबा साहब के जीवन और उनके संघर्ष पर ज़ोर डाला गया। बद्री प्रसाद, मेजर संतराम, मनोज कुमार, राजेन्द्र गौतम, दिलीप, भरत कुरील, जे जे लाल, अमन गौतम, स्वामी दयाल, राजेश, रामचन्द्र आदि रहे।

डीसीएम की टक्कर से किसान की मौत

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

अमृत विचार। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के कठिघरा गांव के पास साइकिल से खेत जा रहे किसान को डीसीएम ने रौंद दिया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे की खबर पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। बेटे की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


रमेश।

लुंबाई गांव निवासी रमेश (60) काली मिट्टी में रहता था। खेती के कार्य के लिए रविवार सुबह वह साइकिल से गांव जा रहा था। तभी कठिघरा गांव के सामने पीछे से आई तेज रफ्तार डीसीएम ने साइकिल में टक्कर मार दी। इसमें वह उछलकर डीसीएम के टायर नीचे चला गया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची ने परिजनों को घटना की जानकारी देने के साथ शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दिवंगत किसान के तीन बेटे हैं। इनमें कुलदीप व दिलीप थल सेना में हैं। उसकी मौत से पत्नी सरला सहित अन्य परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। इंस्पेक्टर राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। चालक को वाहन सहित पकड़ लिया गया है।

बिलखते परिजन। अमृत विचार

ब्रेकर पर पड़ने से उछली बाइक, युवक की जान गई

पुरवा उन्नाव। क्षेत्र के मौरावां-बछरावां मार्ग पर कूटीखेड़ा गांव के पास तेज रफ्तार बाइक सवार स्पीड ब्रेकर में उछलकर सड़क पर गिर गया। इसमें उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। रायबरेली जिला के थाना शिवगढ़ क्षेत्र के गांव कुम्हरावां निवासी रामफेर मिश्रा का 30 वर्षीय बेटा सुभाषचंद्र शनिवार को किसी काम से उन्नाव आया था। देरशाम लौटते समय मौरावां-बछरावां मार्ग पर कूटीखेड़ा गांव के पास बने स्पीड ब्रेकर में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर उछल गई। इसमें सुभाष सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने एंबुलेंस से उसे सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पिता ने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता था। उसकी शादी हो चुकी है। घटना के बाद से परिजन बेहाल हैं। एसओ चंद्रकांत सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

आग से पांच बीघा गेहूं की फसल राख

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

अमृत विचार। हसनगंज तहसील क्षेत्र के नेवलगंज गांव में खेत में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। ग्रामीण दौड़े और आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने जब तक आग पर काबू पाया तब तक दो बीघा फसल जलकर खाक हो चुकी थी। वहीं सदर तहसील क्षेत्र के गांव जरगांव के मजरा बाबा खेड़ा में आग से तीन बीघा फसल जल गई।

नेवलगंज गांव में रविवार सुबह करीब नौ बजे गांव के मुकेश पंडित के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे गेंहू की फसल चपेट में आ गई। लपटें उठती देख ग्रामीण दौड़े और निजी साधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की सूचना पर दमकल पहुंची। पानी की बौछार कर दमकल कर्मियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान दो बीघा फसल राख हो गई। दमकल कर्मियों के समय से पहुंचने से आग अन्य खेतों और बस्ती तक नही पहुंच पाई। एसडीएम हिमांशु गुप्ता ने कहा कि आग लगने की जानकारी हुई है। मौके पर लेखपाल को भेज कर क्षति का आकलन कर रिपोर्ट देने को कहा है।

जली हुई फसल को देखते अधिकारी व पुलिस। अमृत विचार

आग लगने का कारण पता नहीं चल सका

बिछिया। सदर तहसील क्षेत्र के गांव जरगांव के मजरा बाबा खेड़ा में किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फ़सल जलकर राख हो गई। रविवार दोपहर किसान कालिका, रामचंद्र व र देवी चरण के गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई। इसमें खेत में पकी खड़ी गेहूं की फ़सल जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका। ग्रामीणों की सूचना पर पीआरवी तो पहुंची लेकिन, दमकल नहीं पहुंची। इस पर ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन, तब तक किसानों की फसल स्वाहा हो चुकी थी। किसानों के अनुसार आग से करीब तीन बीघा फसल जली है। क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दी गई है।

वैश्विक मंच पर भारत का गौरव बढ़ा: साक्षी महाराज

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी व सांसद साक्षी महाराज ने सदर विधानसभा क्षेत्र के गावों में जनसंपर्क किया। उन्होंने वोट मांगते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए पीएम मोदी को एक बार फिर सत्तारूढ़ करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में अथक परिश्रम करते हुए तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करा पीएम ने 120 करोड़ देश वासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में कामयाबी हासिल की है। महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने से परिवारों में खुशहाली आई है। साथ ही वैश्विक मंच पर भारत का गौरव बढ़ा है, जिसके स्वावलंबन के क्षेत्र में दुरगामी परिणाम आने बाकी है।

इसलिए मतदाताओं को उन्हें अभूतपूर्व सफलता दिलानी चाहिए। उन्होंने विधायक सदर पंकज गुप्ता, चेयरमेन प्रतिनिधि प्रवीण मिश्र भानू, महंत राम मोहन दास, नंद किशोर लोधी, मुन्ना कुशवाहा, प्रधान कमल किशोर, सुधीर लोधी व राजेश सैनी आदि के साथ क्षेत्र अब्बासपुर, बरवट, फतेउल्लाह नगर, पतारी, राजेपुर, परमनी व ऐरा भदियार आदि आधा सैकड़ा गांवों में जनसंपर्क व नुक्कड़ सभाएं की।

लोकसभा प्रत्याशी साक्षी महाराज का माल्यार्पण करते भाजपा कार्यकर्ता।

ऑटो में छूटा जेवर से भरा बैग, पुलिस ने लौटाया

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला न्यू इंदिरा नगर निवासी रंजीत की मां का कपड़ों व जेवरों से भरा बैग गदन खेड़ा बाईपास के पास उतरते समय ऑटो में छूट गया था। बैग की सुध आने पर महिला ने बेटे को बताया।

बेटे ने कोतवाली में इसकी जानकारी दी। चौराहों पर लगे सीसीटीवी से ऑटो की पहचान कराई गई और आधे घंटे में ही बैग बरामद कर पीड़िता को सौंप दिया गया।

बैग मिलते ही महिला की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कोतवाली प्रभारी प्रमोद मिश्र ने बताया कि महिला के बेटे ने इसकी सूचना दी थी। सूचना के बाद कंप्यूटर ऑपरेटर विजित श्रीवास्तव व नीरज कुमार की टीम ने आनन-फानन इस पर काम किया और महिला का बैग सकुशल बरामद कर उसे सौंप दिया गया।

सार-संक्षेप

हरी झंडी दिखाकर पुलिसकर्मियों की बस को रवाना करते एएसपी। अमृत विचार

चुनाव ड्यूटी के लिए गाजियाबाद भेजा गया फोर्स

उन्नाव। लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण के मतदान के लिए जिले से भी फोर्स मांगा गया था। गाजियाबाद में चुनाव ड्यूटी के लिए लगे पुलिस कर्मियों की रविवार को रवानगी हुई। इसके लिये एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने सभी को ब्रीफ किया और अपने तैनाती स्थलों पर मुस्तैदी से ड्यूटी करने का पाठ पढ़ाया। चुनाव आयोग और स्थानीय अफसरों के निर्देशों का पालन करते हुए निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के साथ मतपेटियों को स्ट्रांग रूम तक पहुंचाने तक बरती जाने वाली सावधानियां बताईं। एएसपी ने बताया कि सभी पुलिस कर्मी अपना परिचय पत्र साथ रखें। जिससे उन्हें कोई समस्या न आए। कहा कि पोलिंग बूथ पर मुस्तैदी से ड्यूटी करें और मिले निर्देशों का पालन करने के साथ मत पेटिया स्ट्रांग रूम में जमा कराने के बाद अपनी रिलीविंग प्राप्त कर लें। इन्हें ब्रीफ करने के बाद एएसपी ने बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीओ सिटी सोनम सिंह व सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला भी मौजूद रहे।

युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

गंजमुरादाबाद उन्नाव। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गौरिया कलां निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। गांव का ही लोडर चालक बीते शनिवार उसे बतौर हेल्पर ले गया था। रविवार को जब लोडर चालक उसका शव लेकर पहुंचा तो हड़कंप मच गया। फिलहाल उसकी मौत का कारण अधिक शराब पीना बताया जा रहा है। मृतक के पिता जगन्नाथ सिंह ने बेहटा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव गौरिया कलां निवासी लोडर चालक शरीफ पुत्र माशूक बीती शनिवार शाम उसके बेटे बलराम सिंह को बतौर हेल्पर काम कराने हरदोई ले गया था। रविवार सुबह करीब छह बजे वह बेटे का शव लेकर गांव पहुंचा। यह देख परिजनों व ग्रामीणों में कोहराम मच गया। पिता ने मृत्यु का कारण जानने के लिए पुलिस से शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। बलराम की मौत पर पिता जगन्नाथ सिंह, मां भागवंती देवी व भाई सोनू का रो-रोकर बुरा हाल रहा। ग्रामीणों के अनुसार बलराम शराब पीने का आदी था। इसके चक्कर में ही वह अक्सर लोडर पर चला जाता था। पिता की तहरीर पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। बेहटा थाना प्रभारी फूलचंद्र ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

ई-रिक्शा को बचाने में आपस में टकराईं तीन कारें

सोहरामऊ उन्नाव। लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित गांव आशाखेड़ा के पास ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में तीन कारें आपस में टकरा गईं। इस हादसे में कई लोग घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों की मदद से नवाबगंज सीएचसी में उपचार के लिए भेजा गया बाद में सभी घायलों को घर भेज दिया गया है। सोहरामऊ थानांतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे पर आशाखेड़ा चौराहे के पास एक ई-रिक्शा को बचाने में तीन कारें आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी तेज थी कि एक कार रोड पर ही पलट गई। ग्रामीणों की मदद से घायलों को कार से निकालकर स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां इलाज के बाद डाक्टर ने सभी को घर भेज दिया। एक कार के चालक आशीष कश्यप ने बताया कि वह अपनकी कार कानपुर के घंटाघर के साईं ट्रैवल्स की बुकिंग लेकर लखनऊ लेकर गया था। लखनऊ से दूसरी सवारी को फिर से साईं ट्रैवल्स की बुकिंग से कानपुर ले जा रहा था। तभी कानपुर की ओर से आ रही एक कार ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में रोड क्रॉस कर लखनऊ से कानपुर लेन पर आ गई। इसमें उसकी और दूसरी कार आपस में टकरा गईं। वहीं, पीछे से आ रही एक अन्य कार टक्कर खाकर रोड पर पलट गई। हालांकि, घटना में किसी को अधिक चोट नहीं आई है। सोहरामऊ एसओ ने मामले की जानकारी होने से इंकार किया है।

डीजे बंद कराने पर बारातियों ने दुल्हन के भाई को बेल्ट से पीटा

परियर उन्नाव। परियर स्थित एक गेस्ट हाउस में नशे में हुडदंग काट रहे बारातियों ने डीजे बंद कराने पर दुल्हन के भाई की बेल्ट से पिटाई कर दी। जनातियों के पहुंचने पर मारपीट करने वाले भाग निकले। सूचना पर चौकी पुलिस पहुंची और घटना की जानकारी ली। फिलहाल किसी ने इसे लेकर तहरीर नहीं दी है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर स्थिति एक गेस्ट हाउस में यहीं के निवासी रामजीवन निषाद की बेटी की बारात गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धोबिन गांव से शनिवार को आई थी। अगवानी के बाद पंडाल में लगे डीजे में रात 10 बजे के बाद भी शराब के नशे में धुत युवक हुडदंग काट रहे थे। इस पर कन्या के भाई ने समय का हवाला देते हुए डीजे बंद करा दिया। इससे नाराज युवकों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। बेल्टों से किए गए हमले से उसे गंभीर चोटें आ गईं। मारपीट होती देख कन्या पक्ष के लोग दौड़े तो हुड़दंगी मौके से भाग निकले। इसी बीच परियर पुलिस भी पहुंची और घटना के संबंध में जानकारी ली। परियर चौकी इंचार्ज राकेश तिवारी ने बताया कि रात में डीजे को लेकर विवाद हुआ था। जिसको मौके पर पहुंचकर शांत करा दिया गया था। किसी पक्ष से कोई प्रार्थनापत्र नहीं मिला है।

हिम्मत है तो उपलब्धियां गिनाएं भाजपा प्रत्याशी: अन्नू टंडन

उन्नाव। प्रचार अभियान के दौरान सपा की लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने आरोप लगाया कि ज़िले की बढ़ती आबादी के सापेक्ष पिछले 10 वर्षों में स्वास्थ्य, शिक्षा व यातायात सुविधाओं की वृद्धि नहीं हो सकी है। इसीलिए संबंधित सभी क्षेत्रों में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। शुक्लागंज के गांधीनगर व मिश्रा कालोनी में हुई नुक्कड़ सभाओं में सपा प्रत्याशी ने कहा कि जिला मुख्यालय सहित कस्बाई इलाकों और गांवों में स्थित प्रमुख चौराहों पर जाम की स्थिति भयावाह होती जा रही है। निवर्तमान सांसद स्वयं के बजाए सरकारों की उपलब्धियां गिनाते घूम रहे हैं। दावा किया कि निर्वाचित घोषित होकर सबसे पहले शुक्लागंज सहित अन्य स्थानों की जाम की समस्या हल कराएंगी। सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव, धर्मेंद्र यादव, ओम प्रकाश पासवान, धर्मेंद्र रावत, यश करन पटेल, धर्मेंद्र पटेल, अशोक सोनी, सौरभ मिश्रा, जयपाल पटेल, मानू शुक्ला, रामेश्वर पटेल, राकेश यादव, पूर्व प्रधान राज बहादुर यादव, सुनील रावत, राजू रावत, सूरज राजपूत, विजय यादव व आशीष यादव रहे।

संगठन के कार्यों के लिए बायोमीट्रिक हाजरी में छूट

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। कर्मचारी संगठनों की मांग पर शासन ने पदाधिकारियों को कर्मचारी हित में उच्चाधिकारियों से मुलाकात तय होने पर बॉयोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने से रियायत दी है। अपर मुख्य सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी ने विभागाध्यक्ष व कार्यालयाध्यक्षों को इसके लिए पत्र जारी किया है।

उच्चाधिकारी ने पत्र जारी करते हुए कहा है कि मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठन संगठनात्मक गतिविधियों खासकर बैठकों के समय पदाधिकारियों को उपस्थिति दर्ज कराने में रियायत की मांग करते हैं। इस संदर्भ में पहले से ही सुस्पष्ट निर्देश जारी हैं। उन्हें संगठन से जुड़े लोगों की समस्याओं पर विचार कर निराकरण की कोशिशें करनी होती हैं। इसलिए संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन के लिए वह बॉयोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने में रियायत की मांग कर रहे हैं। जिन कार्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था लागू है, वहां मान्यता प्राप्त संगठनों के पदाधिकारियों खासकर अध्यक्ष, महामंत्री व सचिव को शासन, विभागाध्यक्ष, कार्यालयाध्यक्ष, मंडलायुक्त व जिलाधिकारी के साथ बैठक का समय तय होने पर पूर्वाह्न या अपराह्न समय बॉयोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने की बाध्यता नहीं लागू की जानी चाहिए।

दुष्कर्म का एक आरोपी गिरफ्तार दूसरा अभी फरार

फतेहपुर चौरासी। थानाक्षेत्र में महिला अपराधों में वांछित लोगों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत दुष्कर्म के आरोपी एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

गुरुवार को क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने ही गांव के एक व पड़ोसी गांव के एक युवक पर अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रविवार को एक आरोपी सुभाष को गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जा रही है।

लटके मिले युवक व महिला के शव

बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवंतपुर गोटपाली के मजरा काजीपुर का युवक अज्ञात कारणों के चलते गांव के पास आम के बाग में फंदे पर लटक गया। वहीं, इसी क्षेत्र के गांव सिंघूपुर बेरिया गाड़ा के मजरा अचल पुरवा में एक 30 वर्षीय विवाहिता ने कमरे में छत की कुंडी से रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। ससुर ने देखा तो किसी तरह दरवाजे के पल्ले तोड़कर रस्सी काटी और उसे नीचे उतारा। लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेजे हैं।

केस 01 काजीपुर गांव निवासी सर्वेश (26) पुत्र खेमकरन का शव रविवार सुबह गांव के पास स्थित आम के बाग में पेड़ की डाल के सहारे फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही उसका छोटा भाई संदीप व मां शिवदेवी मौके पर पहुंची और शव देख बेहाल हो गई। भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा। मृतक सर्वेश व उसके छोटे भाई संदीप की अभी शादी नहीं हुई है। दोनों ईंट-भट्ठे पर मजदूरी कर अपना व मां का भरण-पोषण करते थे। युवक द्वारा की गई आत्महत्या का कारण पता नहीं चल सका है।

केस 02 कोतवाली बांगरमु क्षेत्र के गांव अचल पुरवा निवासी तहसील बांगरमऊ के वरिष्ठ अधिवक्ता अर्जुन सिंह के बेटे महेंद्र की शादी वर्ष-2015 में गांव माखी निवासी कीर्ति से हुई थी। बताते हैं कि महेंद्र शराब पीने का आदी है और आएदिन पत्नी व पिता से झगड़ा किया करता है। पति के गलत व्यवहार से परेशान होकर कीर्ति ने बीती शनिवार देरशाम अपने दो बेटों व एक बेटी को बाहर कर कमरे की छत की कुंडी से रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। उसके बच्चों ने दादा अर्जुन सिंह को बताया कि मां दरवाजा नहीं खोल रही हैं। तब अर्जुन किसी तरह दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और फंदे पर लटकी बहू को रस्सी काटकर नीचे उतारा और इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। अर्जुन सिंह ने इसकी सूचना मुंबई में रह रहे बहू के पिता को दे दी है। सूचना के अनुसार मृतका के पिता मुंबई से चल चुके हैं। मां की अचानक मौत होने से उसके तीनों अबोध बच्चे रो-रोकर बेहाल हैं।

लोकसभा चुनाव-2024 | 80-90 की उम्र के लोग समाज को सीख दे रहे कि मतदान कर लोकतंत्र का त्योहार अवश्य मनाएं

उम्र हो गई 90 पार, मतदान के लिए हौसला बरकरार

चुनाव विशेष

ब्रजेंद्र प्रताप सिंह, सफीपुर

अमृत विचार। लोकतंत्र के पर्व यानी मतदान को अब सिर्फ तीन हफ्ते बचे है। जहां हर कोई अधिक से अधिक मतदान के लिए युवाओं व समाज को जागरूक करने पर लगा है। वहीं 80 और 90 की उम्र पार कर चुके लोग भी युवाओं से लेकर आमजन को बढ़-चढ़कर मतदान करने सीख दे रहे हैं। यह लोकतंत्र के प्रति आस्था का बड़ा उदाहरण है कि इस उम्र के लोग आज भी मतदान का महत्व समझते हैं। वे गांव में रोजाना लगने वाली चौपालों में युवाओं, महिलाओं व अपनी उम्र के समकक्ष वाले लोगों से यह कहते अक्सर दिख जाते हैं कि अगर देश में मजबूत और टिकाऊ सरकार बनाना चाहते हो तो मतदान के दिन हर काम छोड़कर हर हाल में वोट डालने जरूर जाना। वे यह भी कह रहे हैं कि बच्चा तुम जाओ चाहे न जाओ, हम तो वोट देन जरूर जइबे।

यह कह रहे बुजुर्ग

बेटा मतदान करोगे तभी सवाल करके अपना हक पाओगे

महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य व क्षेत्र में अनुशासन के लिए अपनी अलग पहचान बनाने वाले 92 वर्षीय युधिष्ठिर सिंह लोकतंत्र के महापर्व पर समाज को जागरूक करते हुये कहते हैं कि अगर हम मतदान नहीं करेंगे तो युवाओं को क्या सीख देंगे। मैंने सदैव बच्चों को समाज के सहयोग को प्रेरित किया है और आगे भी समाज से अधिक से अधिक मतदान के अपील करता हूं। वे कहते हैं कि वह अब तक करीब 200 से अधिक बार वोट डाल चुके हैं। वे युवाओं से अपील करते हैं कि वह उनका रिकॉर्ड तोड़ें।

युधिष्ठिर सिंह।

सफीपुर क्षेत्र की मीरनगर निवासी 87 वर्षीय श्यामा देवी भी मतदान को जागरूक करते हुए कहती हैं कि वह अस्वस्थ हैं फिर भी मतदान करने जरूर जाएंगीं। अपने पूरे परिवार से मतदान करवाएंगी। उनके खानदान में करीब 30 से अधिक लोग हैं। उन्होंने सभी को सबसे पहले मतदान के लिए सभी को शपथ भी दिलाई है। कहती हैं कि वोट डालना इसलिए जरूरी है कि इसी के जरिए हम देश में एक अच्छी सरकार चुन सकते हैं।

श्यामा देवी।

सफीपुर कस्बे से कुछ दूर गांव रैय्यामऊ निवासी 86 वर्षीय शंकर देवी कहती हैं कि जब से मेरा वोट आया तब से मैंने सदैव मतदान किया है। जब तक जीवन है मतदान करती रहूंगी। लेकिन, मैं आप सभी को कहना चाहूंगी कि आप सभी अधिक से अधिक मतदान करें। मतदान के दिन सभी काम छोड़कर वोट डालने जाएं। लोकतंत्र में मतदान बहुत जरूरी है। इसको कर्तव्य मान कर वोट करने जरूर जाना चाहिए।

शंकर देवी।

महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्रवक्ता विजयपाल गौड़ 78 वर्ष के हो चुके हैं। वह लोगों से अपील करते हैं कि ने लोकसभा चुनाव में बिना किसी प्रलोभन के शत-प्रतिशत मतदान करना चाहिए। वोट हमारा अधिकार है और इसका प्रयोग जरूर करना चाहिए। ताकि राष्ट्र को समर्पित सरकार बनाई जा सके। उन्होंने कहाकि युवाओं को तो वोट जरूर करना चाहिए ताकि वे अपने भविष्य के लिए अच्छी सरकार बना सकें।

विजयपाल।

बिछिया की टीम ने तूरी क्लब को हराया

बिछिया उन्नाव। मिनी स्टेडियम ग्राउंड पर समाजसेवी व पूर्व मंत्री के पुत्र ने फीता काटकर डायमंड ग्रामीण प्रीमियर लीग टूर्नामेंट मैच का उद्घाटन किया। इसके साथ ही वहां मौजूद दर्शकों व खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया।

क्षेत्र के गांव तौरा में निर्मित पं. दीनदयाल मिनी स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री डा. गंगा बक्श सिंह के पुत्र योगेंद्र सिंह व प्रमुख समाजसेवी और त्रिमूर्ति ट्रेडिंग कंपनी के संस्थापक अजय पाल सिंह पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया और फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच तूरी क्रिकेट क्लब व बिछिया के बीच हुआ। जिसमें तूरी क्लब द्वारा बल्लेबाजी कर 68 रन बनाए गए। जिसे बिछिया द्वारा मात्र 7 ओवरों में राजन की 35 रनों की विस्फोटक बल्लेबाजी से हासिल कर लिया।

चेकिंग के दौरान भगाई कार बाल-बाल बची उड़नदस्ता टीम

मजिस्ट्रेट ने कार चालक को जमकर फटकार लगाई, कारों की काली फिल्म हटाई

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के निर्देश पर उड़नदस्ता टीम के मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में बैराज मार्ग व मरहला चौराहा पर वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान मरहला चौराहे पर पुलिस ने एक कार को रोका तो चालक ने कार भगा दी। जिससे टीम बाल-बाल बच गई। मजिस्ट्रेट ने कार चालक को फटकार लगाई।

आगाती लोक सभा चुनाव को देखते हुये जिला निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रविवार को उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट सूर्य प्रकाश शुक्ला अपनी टीम के साथ बैराज मार्ग पर चेकिंग की। जिसके बाद दोपहर के समय वह टीम के साथ मरहला चौराहे पर पहुंचे। इस दौरान बैराज मार्ग, फोरलेन व आजाद मार्ग की ओर से आने जाने वाली कारों को रोका गया। जहां टीम ने कारों की सघन चेकिंग की। इसके साथ ही चालक का मोबाइल नंबर, नाम और कार का नंबर दर्ज करने का काम किया गया। दोपहर करीब पौने एक बजे चेकिंग के दौरान बैराज मार्ग की ओर से आ रही एक भाजपा का झंडा लगी लग्जरी कार को टीम ने रोकने के लिये हाथ दिया। इसी दौरान कार चालक ने कार भगा दी। जिससे मौजूद पुलिस कर्मी बाल-बाल बच गये। जिस पर टीम ने कार को दौड़ाकर पकड़ लिया और कार चालक को मजिस्ट्रेट ने आड़े हाथों लेते हुये जमकर फटकार लगाई और भाजपा का लगा झंडा उतरवाया। मजिस्ट्रेट ने बताया कि बैराज मार्ग पर 20 और मरहला चौराहे पर 25 कारों की चेकिंग की गई थी। जहां किसी के पास मानक से अधिक नकदी और चुनाव प्रचार सामग्री नहीं मिली। इस दौरान कई कारों में पार्टी के झंडे, काली फिल्म भी उतरवाई गई।

पार्टी का झंडा उतरवाते उड़नदस्ता के मजिस्ट्रेट। अमृत विचार

पुलिस ने कराया शव का क्रियाकर्म

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी निवासी एक अधेड़ की मौत हो गई थी। पुलिस ने उसका पीएम कराया। लेकिन, परिजनों के पास अंतिम संस्कार के लिये पैसे नहीं थे। पश्चिमी चौकी पुलिस ने शव का क्रियाकर्म कराया।

मिश्रा कॉलोनी निवासी 60 वर्षीय आनंद मिश्रा का रविवार को निधन हो गया था। जिसकी सूचना गंगाघाट कोतवाली पुलिस को हुई तो शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए मृतक की पत्नी सीमा व बेटी को इसकी जानकारी दी गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाया गया। जहां परिजनों के पास अंतिम संस्कार कराने के लिये पैसे नहीं थे। इसकी जानकारी पश्चिमी चौकी इंचार्ज कृष्णकांत व कांस्टेबल योगेश प्रजापति को हुई। वे मौके पर पहुंचे और अपने खर्चे से शव का अंतिम संस्कार कराया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से रिटायर्ड रेलवे कर्मी की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- रोड पार करते समय 20 अप्रैल को हुआ था हादसा

अमृत विचार। पत्नी के साथ पैदल रोड पार कर रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर घायल वृद्ध को अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव भाभामऊ निवासी द्वारिका प्रसाद शर्मा इस समय झांसी के कृष्णानगर में रहते थे। वह अपनी पत्नी विद्यावती के साथ बीती 19 अप्रैल को क्षेत्र के मुगुलपुर गांव निवासी मन्नालाल शर्मा के यहां तिलक में शामिल होने आए थे। 20 अप्रैल को लौटते समय उन्नाव-लालगंज हाइवे पर गांव के सामने सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इसमें वे गंभीर घायल हो गए थे। तभी वहां से जा रहे नेवरना चौकी प्रभारी वीरेंद्र यादव ने उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा था। रविवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पिता की मौत की सूचना पर पहुंचे बेटे श्याम प्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बेटे ने बताया कि पिता रेलवे से सेवानिवृत्त हुए थे। उसने थाने पहुंचकर हादसे में मौत होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मृतक के चार बच्चों में दो बेटे व बेटियां हैं। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि मृतक के बेटे की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ अज्ञात वाहन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

रेलवे ट्रैक पर दो टुकड़ों में मिला युवक का शव शिनाख्त नहीं

गंजमुरादाबाद। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में बालामऊ-कानपुर रेलवे ट्रैक पर क्षेत्र के गांव नसिरापुर के पास एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। उसका सिर ट्रैक के बीचोबीच व धड़ पटरी के बाहर पड़ा था। उसकी उम्र करीब 40 वर्ष है। वह नीले रंग की शर्ट व क्रीम रंग की पैंट पहने है। ग्रामीणों के अनुसार ट्रेन आने के चंद मिनट पहले ही युवक रेलवे ट्रैक पर पहुंचा था। उसके आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि शव की शिनाख़्त कराने का प्रयास किया गया। लेकिन, उसकी शिनाख़्त नहीं हो सकी।

पतंजलि योग केंद्र की वर्षगांठ पर अनुष्ठान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। रविवार को चंपापुरवा स्थित पतंजलि योग केंद्र की वर्षगांठ पर योग केंद्र में धार्मिक अनुष्ठान कराये गये। जहां विधिविधान से पूजा-अर्चना कर हवन पूजन किया गया। इससे पहले योग साधकों को योगाभ्यास कराया गया।

शुक्लागंज के चंपापुरवा स्थित पतंजलि योग केंद्र की रविवार को 15वीं वर्षगांठ केंद्र प्रभारी योगाचार्य उमा शंकर यादव के नेतृत्व में मनाई गई। जिसमें नगर व जिले स्तर से आये योग साधकों ने हिस्सा लिया। जिला प्रभारी मंजू मूर्ति ने विधिविधान से हवन पूजन कराया। जहां योग साधकों ने आहुतियां डालीं। योगाचार्य ने बताया कि अनुलोम-विलोम, कपाल भांति, प्राणायाम आदि यदि नियमित किये जायें तो शरीर में कोई बीमारी नहीं होगी। वैसे तो तमाम योग हैं जिन्हें करने से लोग बड़ी से बड़ी बीमारी को मात दे सकते हैं। इस दौरान जिला प्रभारी ललित शुक्ला, अनुज निगम, यूपी तिवारी, अलोपी मिश्रा, राघवेन्द्र अग्निहोत्री, राजेश निगम, पवन अवस्थी, रामलखन गुप्ता, मनीष यादव, राजू द्विवेदी, सुषमा वर्मा, जया दीक्षित, नयनतारा त्रिपाठी, श्रेष्ठा तिवारी, जयराम सेंगर, अंजू, गायत्री सिंह, संतोष श्रीवास्तव, राजू गुप्ता आदि योग साधक मौजूद रहे।

- विधि- विधान से हवन पूजन किया गया, योग साधकों ने आहुतियां डालीं

योग केंद्र में होता हवन पूजन। अमृत विचार

महावीर मंदिर में मना रामोत्सव

शुक्लागंज। रामनवमी के उपलक्ष्य पर रविवार को राजधानी मार्ग स्थित महावीर मंदिर के पास कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां कार्यकर्ताओं ने प्रभु श्री राम की आरती की। जिसके बाद भंडारे का आयोजन कराया गया। भंडारा दोपहर से शाम तक चलता रहा।

विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रामनवमी को देखते हुये रविवार को महावीर मंदिर में बाबा का भव्य श्रंगार कराया। जिसके बाद आचार्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। दोपहर के समय कार्यकर्ताओं ने मंदिर के बाहर प्रभु श्री राम की महाआरती का आयोजन किया गया। भंडारे में लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा। इस मौके पर ओपी पांडे, आशीष, अवनीश, मनीष शुक्ला, बब्लू तिवारी, दुर्गा तिवारी, जीतेन्द्र सिसोदिया आदि ने व्यवस्था बनाने में सहयोग दिया।

विद्यालय प्रबंधन की ओर से माला पहनाकर प्रोत्साहित किए गए मेधावी। अमृत विचार

बीआरएएसआईसी बना ओवरऑल चैंपियन

संवाददाता,उन्नाव

अमृत विचार। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के बीआरए सर्वोदय इंटर कालेज विद्यालय की मेधा को साबित करने में सफलता प्राप्त की है। विद्यालय प्रबंधन ने दावा किया कि विद्यालय को ओवरआल चैंपियन बताया गया है, जिसके लिए विद्यालय को शील्ड प्राप्त होगी। विद्यालय के छात्र नैतिक विमल ने 94.83, नितेश कनौजिया ने 92, अमन कुमार ने 90.83, अंक प्राप्त कर हाईस्कूल पास किया है। छात्राओं में स्नेहा सोनी ने 90.33 व समरा परवीन 89.33 प्रतिशत अकों से सफलता पाई। इंटरमीडिएट में दीपक ने 90 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय को गौरवांवित कराया है। प्रबंधक विश्राम कुरील व प्रधानाचार्य शांति पांडेय ने मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया।

अव्वल आने वाले विद्यार्थी

अनुभव शर्मा, 88 .33 प्रतिशत, हाईस्कूल।

सरल कुशवाहा, 88 प्रतिशत, हाईस्कूल।

मो . आरिफ, 86 प्रतिशत, हाईस्कूल।

अर्दम कुमार, 80 .6 प्रतिशत हाईस्कूल।

आख्या सिंह, 74 .5 प्रतिशत, हाईस्कूल।

सौंदर्या शुक्ला, 87 प्रतिशत हाईस्कूल।

आकांक्षा, 91 प्रतिशत, हाईस्कूल।

प्रिया प्रजापति, 95 .5 प्रतिशत, हाईस्कूल।

राधा साहू, 93 प्रतिशत, हाईस्कूल।

देवारा कलां के एसपीडीएम कॉलेज में मेधावियों का होता सम्मान। अमृत विचार

एसपीडीएम के मेधावियों को किया गया सम्मानित

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। शनिवार को हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ था। जहां देवारा कलां स्थित एसपीडीएम इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक लाकर स्कूल का मान बढ़ाया है। जिस पर रविवार को स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्र रोहित चौहान, अंश साहू, सौरभ, प्रिंस, अर्जुन, कुलदीप, सत्येंद्र, अनूप, नैंसी, राधिका, नीलम, संध्या, शिवानी, दीपू, रूचि, खुशी, ऋचा पाल, रोशनी बानो, अंजलि, रितिका, शिवानी, अनीसा आदि को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रबंधक रामशंकर यादव, मयंक यादव, प्रधानाचार्य सत्येंद्र यादव, कोमल सिंह, दिव्या यादव, शिव बहादुर ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एसपी के आदेश पर सोहरामऊ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

सोहरामऊ उन्नाव। बंथरा थानाक्षेत्र के पहाड़पुर निवासी जन्मेजय सिंह उर्फ जैकी पुत्र महेश सिंह ने एसपी सिद्धार्थ को दिये प्रार्थनापत्र में बताया था कि वह बीती 13 अप्रैल की शाम चार बजे रुदवारा गांव में एक जमीन देखने जा रहा था। तभी नंदौहां व रुदवारा गावों के बीच बने फार्म हाउस पर पहले से घात लगाए 20-25 लोग खड़े थे। उन लोगों ने उसे रोक लिया और जमकर पीटने के साथ लूटपाट भी की। उसने सोहरामऊ थाना में इसकी शिकायत की। लेकिन, कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। अब एसपी के दखल के बाद पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित का मेडिकल कराया है। पीड़ित ने बताया कि आशीष निवासी कटी बगिया, पवन निवासी हरौनी, राहुल निवासी ककौहां, विपिन लोधी निवासी सरौती, अजय निवासी आशाखेड़ा, सनी निवासी सोहरामऊ, जीतू पुत्र वीरेंद्र, सनी व आशीष रावत असलहा लिये हुए थे।

टॉप-10 मेधावियों का बढ़ा रहे हौसला

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- अगले सत्र के परीक्षार्थियों को प्रेरित करने को पुरस्कृत होंगे मेधावी

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद से हाई स्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा में प्रदेश व जिले की मेरिट में न शामिल होने वाले मेधावियों की उनके विद्यालय हौसला आफजाई कर रहे हैं। शहर के बेनहर इंटर कालेज सहित अन्य निजी स्कूलों में मेधावियों को पुरस्कृत करते हुए अन्य बच्चों को बेहतर करने के लिए प्रेरित करने की योजना पर काम हो रहा है। वहीं विद्यालय मेधावियों के जरिए स्कूलों के प्रचार पर भी जोर दे रहे हैं, जिससे अन्य अभिभावकों को आकर्षित कर छात्र संख्या बढ़ाई जा सके।

शहर के महंगे स्कूलों में शामिल बेनहर इंटर कालेज का कोई विद्यार्थी टाप टेन में स्थान भले नहीं पा सका, लेकिन पांच छात्र-छात्राओं काफी अच्छे अंक हासिल किए हैं। अनुभव शर्मा ने 600 में 530, सरल कुशवाहा ने 528, मो. आरिफ ने 520, आदर्श कुमार ने 483 व आख्या सिंह ने 447 अंक प्राप्त करते हुए 10वीं की परीक्षा पास की है। इन सभी विद्यार्थियों ने अलग-अलग एक या दो विषयों में विशेष योग्यता का रिमार्क भी प्राप्त किया है।

इसी तरह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज एबी नगर के रुद्र प्रताप सिंह ने हाई स्कूल में 93 और सत्यम सोनकर ने इंटरमीडिएट परीक्षा 92.66 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की है। विद्यालय स्तर पर हाईस्कूल में खुशी यादव 91.16 व स्वरित प्रताप सिंह 86.33 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में प्रांजुल शुक्ला ने 89 व अर्चित पांडेय ने 87.2 फीसदी अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार अवस्थी, आचार्य अनुपम, जगत, शिवशंकर व अशोक ने मेधावियों का मुंह मीठा करा बधाइयां दी हैं।

इधर, आवास विकास कालोनी में संचालित चंद्रशेखर आजाद इंटर कालेज की हाई स्कूल की छात्रा अशिकी सिंह ने 94.33, अंशिका गुप्ता ने 93.16, त्रुषा मौर्या व खुशबू गौतम ने 92, एकता गौतम ने 91, रौनक सिंह ने 90.5, अदिति वाजपेयी ने 92.83, कृष्णा द्विवेदी व हर्ष वाजपेयी ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए है।

इसी तरह इंटरमीडिएट में आशा शुक्ला ने 91, मोनी ने 90.4, शिल्पी वाजपेयी ने 90, रशिका ने 89.6, अमृता कुशवाहा ने 88.6, सृष्टि वर्मा ने 87.2, पलक तिवारी ने 86.6, अनुप्रिया यादव ने 88.4, अंशिका यादव व कृतिका पांडेय ने 85.8 प्रतिशत अंका प्राप्त कर विद्यालय की मेरिट में टाप टेन में स्थान प्राप्त किया है।

सौंदर्या ने 87 फीसदी अंकों से हाई स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है। सफीपुर स्थित कालिंदी गुप्ता इंटर कालेज की छात्रा श्रेयसी शुक्ला ने इंटरमीडिएट में 89.8 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं।

श्रेयशी शुक्ला, 89 .8 प्रतिशत, इंटरमीडिएट।

ज्योति, 89 .8 प्रतिशत, इंटरमीडिएट।

सार-संक्षेप

स्वास्थ्य मेले में 46 मरीजों का हुआ परीक्षण, दी गईं दवाइयां

शुक्लागंज उन्नाव। रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डा . रवि सचान, डा . शिप्रा झा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। प्रभारी ने बताया कि पीएचसी में 46 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान अमित कुशवाहा, सिद्धार्थ बाजपेई, अवनीश मिश्रा समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की... पर झूमे भक्त

शुक्लागंज उन्नाव। देवारा कलां स्थित बाबा वीर भद्रेश्वर मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा आयोजित हो रही है। जहां रविवार को व्यास ने मौजूद श्रोताओं को श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। जिसे सुन श्रोता झूमने लगे। कथा को आगे बढ़ाते हुये कथा पं . अभिषेक कृष्ण शास्त्री महराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने भक्तों का उद्धार व पृथ्वी को दैत्य शक्तियों से मुक्त कराने के लिए अवतार लिया था। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग व उनके जन्म लेने के गूढ़ रहस्यों को कथा व्यास ने बेहद संजीदगी के साथ सुनाया। इसके साथ ही राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की गई। वहीं व्यास ने नंद के आनंद भयो गीत गाया। जिस पर पंडाल में मौजूद सभी श्रोता झूमने लगे। इस मौके पर विजय लक्ष्मी, सुरेश चंद्र मिश्रा, उदयशंकर, कृष्ण औतार, राजू, महेश, रमेश, पप्पू, अवधेश, चंदन मिश्रा, गणेश, शाश्वत, श्रियांश मौजूद रहे।

कथा का बखान करते पं . अभिषेक कृष्ण शास्त्री।

चार दिनों से लापता वृद्ध का शव खंती में मिला, हत्या का आरोप

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के गांव मेदपुर निवासी 72 वर्षीय कन्हैयालाल उर्फ कंधई बीती 18 मार्च को रायपुर स्थित एक मांगलिक कार्यक्रम में गए थे। जहां से काफी देर तक वापस न आने पर परिजनों ने 19 मार्च को पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद से पुलिस व परिजन उसकी खोज कर रहे थे। रविवार दोपहर मंगतखेड़ा-कांथा मार्ग पर रायपुर गांव के पास से निकल रहे ग्रामीणों ने सड़क किनारे खंती में एक पड़ा शव देखा। जिस पर कन्हैयालाल का शव होने की आशंका पर परिजनों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। परिजनों ने हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगा मार्ग जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंचे एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ सोमेंद्र विश्वास, कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। एएसपी ने परिजनों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खत्म कराया।

खेल के मैदान से | अनिल कुमार सिन्हा चैलेंजर ट्राफी के अंतर्गत खेला गया क्रिकेट मैच

पुलिस क्लब पर भारी पड़े डीसीए रेड के 84 रन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। डीसीए के बैनर तले आयोजित हो रही अनिल कुमार सिन्हा मेमोरियल चैलेंजर ट्राफी के अंतर्गत पुलिस क्लब व डीसीए रेड के मध्य मुकाबला हुआ। निर्धारित 25 ओवरों के मैच में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पुलिस क्लब ने प्रतिद्वंदी टीम को जीतने के लिए 175 रन बनाने का लक्ष्य दिया।

पुलिस क्लब के कप्तान प्रशांत ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम की ओर बल्लेबाज वीरभान ने शानदार 104 रन की पारी खेली, जिसमें उन्होंने 13 जबर्दस्त चौके और पांच छक्के लगाकर आयोजकों व दर्शकों की खूब वाहवाही प्राप्त की। इस धुंआधार पारी की बदौलत टीम ने निर्धारित 25 ओवर में छह विकेट खोकर 174 रन बनाने में सफलता प्राप्त की। इसके अलावा मनीष ने टीम के लिए 18 और रोहित 13 रन की पारी खेली। वहीं डीसीए रेड के ऋषभ यादव, आयुष जायसवाल व अर्पित कुशवाहा ने एक-एक विकेट प्राप्त किया।

जवाब में बैटिंग करने उतरी डीसीए रेड की टीम के कप्तान सिद्धार्थ सिंह ने अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन करते हुए 52 गेंदों का सामना करते हुए आठ चौके व एक छक्के की सहायता से 84 रन बनाए। कप्तानी पारी की बदौलत डीसीए रेड टीम को जीत हासिल करना आसान हो गया। इसके अलावा गुरवीर ने दो चौके व एक छक्का लगाते हुए 24 रन बनाए। इसके अलावा नवरत्न ने जीत के लिए महत्वपूर्ण 19 रन की पारी खेली। पुलिस क्लब की ओर से रोहित भढ़ाना ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए पांच ओवर में 18 रन देकर दो विकेट प्राप्त किये।

खेल शुरू होने से पहले मुख्य अतिथि यूपी मेडिकल एंड पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रीयलएसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम सिंह सेंगर ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलकर परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने सभी से बेहतर खेल भावना से प्रतिस्पर्धा करने की नसीहत दी। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन मनीष दीक्षित ने किया। डीसीए सचिव पीके मिश्र ने मुख्य अतिथि का आभार जताया। इस अवसर पर जिला खेल सचिव माध्यमिक नवीन सिन्हा, ओम् मिश्रा, अभिषेक श्रीवास्तव शंकर, साकिर हुसैन, विकास सिन्हा, अबरार, सौरभ त्रिवेदी व मोहित सिंह आदि रहे।

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि प्रेम सिंह सेंगर। अमृत विचार

गांव के बाहर मिला युवक इलाज के दौरान हुई मौत

संवाददाता,उन्नाव

अमृत विचार। बिहार थानाक्षेत्र के गांव दुर्गागंज निवासी श्यामलाल का बेटा मनोज मुंबई में रहकर सोफा बनाने का काम करता था। दो दिन पहले ही वह घर लौटा था। शनिवार रात परिजनों के साथ परसंडा गांव निवासी मामा के घर तिलक में शामिल होने को घर से निकला था। रात करीब 10 बजे परिजन वापस आ गये थे।

इसके करीब एक घंटे बाद 11 बजे मनोज का छोटे भाई रोहित के पास फोन आया कि वह कुछ देर बाद घर आ जाएगा। देररात साढ़े 12 बजे तक जब वह घर नहीं आया तो रोहित ने उसे फोन किया तो स्विच आफ था। इस पर रोहित ने मनोज की तलाश शुरू की तो वह गांव के बाहर तालाब के पास लहूलुहान पड़ा मिला। उसके शरीर में गंभीर चोटें थीं। इसके बाद परिजन उसे लखनऊ ले गए। रविवार भोरपहर चार बजे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। रोहित ने अज्ञात लोगों पर मारपीट के बाद तालाब किनारे फेंकने की आशंका जताई है।

महिला की अचानक बिगड़ी हालत, मौत

पुरवा। मौरावां थानाक्षेत्र के गांव लोटना के मजरे चंदनखेड़ा निवासी रामखिलाड़ी की पत्नी प्रेमा देवी (54) अमृतसर में पति व बच्चों के साथ रहती थीं। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम होने से वह बीती 19 अप्रैल को गांव आई थीं। काफी बीमार होने से शनिवार शाम अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एक नजर

राम जानकी मंदिर में छठी महोत्सव आज

हरदोई, अमृत विचार। नगर के राम जानकी मंदिर में सोमवार को प्रभु राम की छठी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी मैथिलीशरण शास्त्री ने बताया कि 12 बजे महाआरती का आयोजन होगा। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। महाआरती से पूर्व प्रभु राम की बधाई गीत व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा। इसकी शुरुआत 10 बजे से होगी। हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ के साथ ही भजन प्रस्तुति किए जाएंगे। दोपहर 12 बजे जन्म की महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

तमंचे के साथ रील बनाते युवक का वीडियो वायरल

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। मंझिला थाना क्षेत्र के पलिया कोट के रहने वाले एक युवक का तमंचे के साथ वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में युवक तमंचे के साथ रील बना रहा है। उसकी रील सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो वायरल होने के बाद मंझिला पुलिस हरकत में आई और जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है। एएसपी मार्तंड प्रताप सिंह ने बताया वायरल वीडियो मंझिला थाना क्षेत्र का है थाना प्रभारी को जांच के आदेश दिए गए हैं।

धूमधाम से मनाया गया महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव

हरदोई

अमृत विचार। जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर श्री 1008 महावीर भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव रविवार को सरकुलर रोड स्थित जैन मंदिर में बड़े ही धूमधाम के साथ अहिंसा दिवस के रूप में मनाया गया।

जैन समाज के महामंत्री पवन जैन ने बताया कि श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन मंदिर में जैन धर्म के अनुयायियों द्वारा प्रातः छह बजे से महावीर भगवान एवं पारसनाथ भगवान का जलाभिषेक एवं संपूर्ण जगत की शांति के लिए मंत्रोच्चारण के साथ शांति धारा की गई। उसके बाद बड़े ही भक्ति पूर्वक सामूहिक रूप से जल, चंदन ,अक्षत, पुष्प ,नैवेद्य ,दीप, धूप ,फल ,अरघ (अष्ट द्रव्य)से देव शास्त्र गुरु तथा 24 तीर्थंकर एवं महावीर भगवान की पूजा अर्चना की गई। पीतांबर गंज दूल्ली बाबू जैन मार्ग के पास विशाल भंडारे का आयोजन किया गया एवं जैन मंदिर गली के बाहर शरबत वितरण का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। सायं काल 5:30 बजे से जैन मंदिर में सामूहिक रूप से भगवान महावीर का 40 बार चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद पंच परमेष्ठी एवं भगवान महावीर की महा आरती की गई। सभी भक्तों ने बड़े उल्लास के साथ भगवान महावीर के सिद्धांतों को दोहराते हुए जयकारे लगाए।

महावीर मंदिर में पूजन करते पुजारी। अमृत विचार

मंदिर में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

महिलाओं ने प्रस्तुति किए मनमोहक भजन : हरदोई। सभी लोगों ने भगवान महावीर के बताए मार्ग सत्य अहिंसा पर चलने के संकल्प को दोहराया। सभी भक्तों ने महावीर का जन्म कल्याण पर हर्ष व्यक्त करते हुए भजन गाते हुए एवं भक्ति नृत्य करते हुए पालना भी झुलाया। महावीर के सिद्धांत जियो और जीने दो एवं अहिंसा परमो धर्म को जीवन में अपनाने के लिए सभी से आह्वान किया गया। इस अवसर पर जैन समाज के महामंत्री पवन जैन ने बताया कि महावीर स्वामी ने सभी प्राणियों को अहिंसा परमो धर्म एवं जिओ और जीने दो का संदेश देते हुए बताया कि मानव जीवन के लिए शाकाहार ही सर्वश्रेष्ठ आहार है। ईश्वर ने शाकाहारी और मांसाहारी प्राणियों की संरचना अलग-अलग तरीके से की है। 84 लाख योनियों में बड़े ही पुण्य कर्मों से हमें मानव जीवन मिला है। इस जीवन में हमेशा शाकाहार को अपनाते हुए जगत के सभी प्राणियों के प्रति दया का भाव एवं परोपकार की भावना रखते हुए दान धर्म करते रहना चाहिए, जिससे कि हम सभी इस जन्म मरण से छुटकारा प्राप्त कर मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर हो सके। हम सभी मिलकर भगवान महावीर के बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लें, जिससे कि हमारे जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि बनी रहे। सभी कार्यक्रमों में जैन धर्म के पुरुषों महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

पिकअप से टकरायी बाइक युवक की मौत, साथी गंभीर

शादी में शामिल होने सीतापुर जा रहे थे दोनों दोस्त

टड़ियावां, हरदोई

अमृत विचार। शादी में शामिल होने सीतापुर जा रहे बाइक सवार दोस्त ओवरटेक करने में भूसे से लदी पिकअप से टकरा गए। जिससे एक की वहीं पर मौत हो गई,जबकि दूसरा बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। जिसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

टड़ियावां थाने के नौरंगपुर मजरा गुलरिहा निवासी सुरेश सक्सेना का 19 वर्षीय पुत्र अरविंद शनिवार की देर शाम अपने दोस्त राहुल मौर्य के साथ बाइक से गांव के दलगंजन मौर्य के बेटे की शादी में शामिल होने सीतापुर ज़िले के पिसावां थाने के देवकली गांव जा रहा था। उसी बीच रास्ते में अज़ीज़पुर मजरा हरिहरपुर के पास भूंसे से लदे पिकअप को ओवरटेक करने में अरविंद की बाइक पिकअप की चपेट में आकर उससे टकरा गई। हादसे में अरविंद की वहीं पर मौत हो गई। उसका दोस्त राहुल मौर्य बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। अरविंद की शादी नहीं हुई थी। अरविंद से एक बड़ा और एक उससे छोटा भाई व एक बहन है। इस तरह हुए हादसे में उसकी मौत होने की खबर सुनते ही उसके घर में कोहराम मच गया। हादसा होते ही पिकअप ड्राइवर वहां से फरार हो गया। एसएचओ टड़ियावां अशओक कुमार सिंह ने बताया कि बाइक सवार नशे में था। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

हरदोई,

रफ्तार की मार

- सण्डीला-मल्लावां रोड पर वाहन ने मारी टक्कर
- उन्नाव जिले के रसूलाबाद शहबाद का निवासी था युवक

अमृत विचार। उन्नाव ज़िले का बाइक सवार युवक सण्डीला-मल्लावां रोड पर मुसलमानाबाद के पास तेज़ रफ्तार की चपेट में आने से बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया था। पुलिस ने उसे एम्बुलेंस-108 की मदद से कछौना सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे रिफर किए जाने के बाद मेडिकल कालेज लाया जा रहा था,उसी बीच उसकी रास्ते में मौत हो गई।

शनिवार की देर रात एक बाइक सवार युवक सण्डीला से मल्लावां रोड पर जा रहा था। उसी बीच बीच रास्ते में कासिमपुर थाने के मुसलमानाबाद के पास एक तेज़ रफ्तार गाड़ी की चपेट में आने से उसका चेहरा ज़ख्मी हो गया। राहगीरों से इसका पता होते ही गौसगंज चौकी पर तैनात कांस्टेबिल अजय कुमार ने उसे एम्बुलेंस-108 की मदद से सीएचसी कछौना में भर्ती कराया। जहां के डाक्टरों ने उसकी हालत बिगड़ती देख उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया। उसे मेडिकल कालेज लाया जा रहा था,उसी बीच उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस की छानबीन में युवक की पहचान जितेंद्र सिंह पुत्र राजीव कुमार निवासी रसूलाबाद शहबाद ज़िला उन्नाव के रूप में हुई। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

नगर में जेबकतरों का बढ़ रहा आतंक

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। नगर में दिन दहाड़े लोगों को बातों में फंसाकर उनसे लूटपाट करने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

इन्द्रपाल पुत्र स्वर्गीय गयादीन निवासी ग्राम शेखवापुर मजरा सिकन्दरपुर ने कोतवाली में तहरीर दी है कि नगर स्थिति पंजाब नेशनल बैंक में ऋण के बकाया पचास हजार रुपए जमा करने के लिए अपने घर से 40 हजार रुपये व सिकन्दरपुर मोड़ पर स्थित शिवशंकर वैश्य की गल्ले की दुकान पर ग्यारह हजार छः सौ रुपये के गेहूं बेचकर जाने लगा तो दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से आए और उसके पैर छूकर हाल चाल पूछने लगे और अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर सण्डीला रोड पर स्थित बीयर के ठेका के पास तक ले गए और उतार दिया, तब उसने देखा कि उसके जेब में रखे करीब 53 हजार रुपये मौजूद नहीं थे और उसके सदरी की जेब कटी हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना था कि सांसद के नामांकन यात्रा के दौरान सम्मान समारोह में भी कई लोगों की जेबें कटी थीं।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने दी जान

कोथावां, हरदोई, अमृत विचार। विकास खण्ड कोथावां क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेरुआ मे युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जामुन के पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

विकास खण्ड कोथावां क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम हुलासपुर माइनर निवासी ललित (30) पुत्र मैकू शनिवार को सुबह घर से निकला और ग्राम खतीरपुर के पास स्थित गिरिजा के खेत में लगे पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, ललित का विवाह लगभग चार वर्ष पूर्व हुआ था और उनकी कोई संतान नही थी, स्थानीय लोगों के मुताबिक ललित कुछ दिनों से मानसिक रूप से तनाव ग्रस्त था।

कार्यकर्ताओं का जोश बता रहा जनता का स्नेहः शाही

दावा

- हरदोई की जनता ने मोदी जी को आशीर्वाद दे दिया है: सांसद

हरदोई

अमृत विचार। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रसाद शाही ने सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र में बूथ अध्यक्षों को चुनावी टिप्स देते हुए पार्टी की नीतियां जन-जन तक पहुंचाने को कहा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव भारत के भाग्य को सुनिश्चित करने वाला है।

बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी को जनता को अटूट विश्वास है। यह चुनाव भारत के भाग्य को सुनिश्चित करने वाला है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों को पार्टी की नीतियां जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा। श्री शाही ने कहा कि देश में जितना विकास पिछले 10 सालों में हुआ है उतना इससे पूर्व की सरकारें कभी नहीं कर पाई। सम्मेलन को सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश ने जनता से प्यार व सहयोग की अपेक्षा की। सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने की। इस अवसर पर प्रीतेश दीक्षित के पी सिंह मंडल अध्यक्ष राकेश मिश्रा शिवम तिवारी जैनेंद्र सिंह सभी मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सदस्य जिला पंचायत प्रदीप पाठक, जितेंद्र सिंह, अमित वर्मा, आदि समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शव गांव पहुंचते ही मची चीख-पुकार

माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव हुमायूंपुर मजरा शुक्लापुर भगत निवासी अविनाश गुप्ता (25) शनिवार शाम बाइक से पत्नी नैन्सी व पुत्र दिव्यांश को लेकर घर लौट आ रहा था। रास्ते में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर कार की टक्कर से युवक ने मौके पर दम तोड़ दिया। वहीं घायल पत्नी का इलाज ट्रामा सेण्टर लखनऊ में चल रहा है। आठ माह के बच्चे को भी चोटें आईं हैं। रविवार को युवक का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा तो चीखपुकार मच गई। चचेरे भाई राहुल गुप्ता ने बताया कि अविनाश हरदोई के एक डायग्नोस्टिक सेन्टर पर काम करता था। शुक्रवार शाम सण्डीला स्थित एक शादी समारोह में शामिल होकर लखनऊ ससुराल चला गया। वापसी में हादसा हो गया।

मां और उसके दुधमुंही बच्चे को सड़क पर फेंका

हरदोई, अमृत विचार। बिलग्राम कोतवाली के गुजराती कालोनी सदर बाज़ार रोड निवासी अखिलेन्द्र सिंह ने 11 फरवरी 2022 को अपनी पुत्री प्रियंक सिंह की शादी फर्रुखाबाद ज़िले के नई सैनिक कालोनी नगला दीना कोतवाली फतेहगढ़ निवासी प्रेमपाल सिंह के पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह के साथ की थी। शादी में 10 का माल-ज़ेवर और दहेज़ के अलावा 5 लाख कैश भी दिया था। पुलिस को दी तहरीर में प्रियंका सिंह ने कहा कि शादी के बाद उसका पति और ससुर प्रेमपाल सिंह,सास नीलम,जेठ अनुराग सिंह और जेठानी ममता देवी कम दहेज़ के ताने मारती थी। आए दिन कारोबार के लिए उससे अपने पिता से 10 लाख रुपये ले कर आने का दबाव बना कर उसकी पिटाई की जाने लगी। 14 अप्रैल को ससुराल वालों ने उससे सारे ज़ेवर और कपड़े छीन लिए और उसे व उसकी 14 महीनें की दुधमुही बच्ची गौरी को एक कार में ठूंस कर बिलग्राम कस्बे के गुलाब बाडी चुंगी के पास फेंक कर फरार हो गए। पुलिस ने प्रियंका की तहरीर पर पति पुष्पेन्द्र सिंह,ससुर प्रेमपाल सिंह,सास नीलम,जेठ अनुराग सिंह और जेठानी ममता देवी कए खिलाफ केस दर्ज किया है।

सार-संक्षेप

भगवती जागरण में जमकर झूमे श्रद्धालु


जागरण में भजन गाती कलाकार। अमृत विचार

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। नगर के पावर हाउस मैदान पर जागरण में श्रद्धालु पूरी रात झूमते रहे। झांकी की प्रस्तुति देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। सहायक एंड पार्टी बरेली के के कलाकारों द्वारा शनिवार शाम को पावर हाउस पिहानी में माता रानी का भजन संध्या अर्धरात्रि जागरण हुआ। ब्लॉक प्रमुख कुशी बाजपेई ने ज्योति स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की। जागरण की शुरुआत श्रीगणेशजी की वंदना से हुई। गायकों ने देवा श्री गणेशा, ऊंचा तेरा है भवन, मेरी मां का मुखड़ा बड़ा प्यारा है, राधा बन के देखो मेरे सांवरिया, चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया भजन गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

मलेरिया जागरूकता प्रदर्शनी का होगा आयोजन

प्रेस वार्ता में जानकारी देते डा. सीके गुप्ता। अमृत विचार

हरदोई, अमृत विचार। मच्छरों द्वारा फैलने वाली बीमारियां जैसे कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया फाइलेरिया , जापानीज इन्सेफलाइटिस आदि मानव जाति के लिए एक बड़ा ख़तरा हैं। इनमें से मलेरिया के कारण लाखों लोग प्रतिवर्ष काल के गाल में समा जाते हैं। विशेष तौर से अफ़्रीका और एशिया में मलेरिया एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है। इस महत्वपूर्ण समस्या से निपटने के लिए हमें मच्छरों से बचाव करनाहै जो कि हम छोटी-छोटी बातों को अपने जीवन में अपना कर कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार के राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के माध्यम से जनता को जागरूक करने के लिए 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस गंभीर और महत्वपूर्ण समस्या पर हरदोई की जनता को जागरूक करने के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की जिला शाखा भी प्रयासरत है। नि :शुल्क सभी जांचे भी की जायेंगीं। मलेरिया दिवस के अवसर पर मच्छर जनित सभी बीमारियों के लिये लखनऊ के विशेषज्ञ द्वारा नि :शुल्क परामर्श दिया जाएगा। जिले की जनता को मलेरिया के प्रति जागरूक करने के लिये पोस्टर प्रदर्शनी हरदोई नर्सिंग होम पर लगायी जायेगी। स्कूल के बच्चों में पोस्टर स्लोगन प्रतियोगिता कराई जायेगी प्रेस वार्ता में डॉ. अजय अस्थाना, डॉ. रवींद्र सिंह, डॉ .मनीष गुप्ता, डॉ. सीके गुप्ता, डॉ. विनीष वर्मा, डॉ. आशीष सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

तार में स्पार्किंग से गेहूं की फसल में लगी आग

तार में स्पार्किंग के कारण धू-धूकर जलती खेत में खड़ी गेहूं की फसल।

बघौली, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बघौली कस्बे के महमदपुर गांव निकट रेलवे लाइन के समीप तेरवा गांव निवासी अशरफ के खेत में 33 केवी तार लाइन में अचानक स्पार्किंग होने से कंबाइंड से कटे हुए गेहूं के खेत में आग लग गई। हवा के झोंकों से आग की रफ्तार बढ़ते देख घबराए ग्रामीणों ने फायर स्टेशन और पुलिस स्टेशन को सूचना दी। मौके से पहुंचे थाना अध्यक्ष बघौली विवेक वर्मा ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। यहां पर यूकेलिप्टस की शाखाओं और बोरिंग के पानी की मदद से आग पर काबू पाया जा सका।

झोपड़ी में पकड़ी गई तमंचा बनाने की फैक्ट्री

हरदोई, अमृत विचार। पुलिस ने फिर एक बार दो ऐसे शातिरों को दबोचा,जो झोपड़ी में बैठ कर तमंचे तैयार कर रहे थे। अनंगपुर चौराहे पर चेकिंग कर रही पचदेवरा पुलिस को ऐसे शातिरों के बारे में सुराग़ लगा। पुलिस दो शातिरों को दबोचते हुए उनके कब्ज़े से पांच बने, दो अधबने तमंचें, कारतूस और खोखे बरामद किए है।

एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया कि शनिवार को पचदेवरा पुलिस अनंगपुर चौराहे पर चेकिंग कर रही थी,उसी बीच मुखबिर से पता चला कि मडैया गांव के उत्तर तालाब के किनारे एक झोपड़ी में कुछ लोग तमंचे बना रहे हैं। एसएचओ पचदेवरा रमेश चन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में वहां पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर झोपड़ी में तमंचे तैयार कर रहे वसीम उर्फ नन्हू निवासी मडैया मजरा बिल्सर हिलेन और दिन्ने निवासी नरभा को दबोचते हुए झोपड़ी के अंदर से पांच बने हुए और दो अधबने तमंचे,दो कारतूस व तीन खोखे बरामद किए गए। एएसपी पश्चिमी श्री सिंह ने बताया कि पकड़ में आए वसीम उर्फ नन्हू व दिन्नी ने कुबूल किया कि वे तमंचे बनाते हैं।

एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया कि एसपी ने पुलिस टीम को 10 हज़ार रुपये का इनाम देते हुए पीठ थपथपाई है।

65 दिन बाद दर्ज हुआ किशोरी के अपहरण का केस

कोर्ट का आदेश

- पुलिस ने नहीं सुनी, डीएम और एसपी ने भी नहीं की मदद
- रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए भटक रहा था पिता

हरदोई

अमृत विचार। घर से शौच के लिए निकली बेटी को दबंग जबरन कार से उठा ले गए। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए बेबस बाप महीनों पुलिस के पास भटकता रहा, डीएम और एसपी की ड्योढ़ी के चक्कर लगाते-लगाते उसके पैरों की चप्पलें तक घिस गई ,फिर किसी को उसकी बेबसी पर तरस नहीं आया। थक-हारकर उसने कोर्ट का सहारा लिया और कोर्ट ने उसकी अर्ज़ी पर सुनवाई करते हुए पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया। तब कहीं पिहानी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु की।

पिहानी कोतवाली के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी 15 फरवरी की भोर पहर करीब पांच बजे घर से शौच के लिए निकली थी,उसी बीच एटा ज़िले के घुमरी जैथरा निवासी अमित व सोनपाल वहां कार से पहुंचे और किशोरी को जबरन कार में बैठा कर वहां से भाग गए। किशोरी का बाप अपनी अर्ज़ी ले कर पुलिस के पास पहुंचा,लेकिन उसकी किसी ने नहीं सुनी। उसके बाद वह किसी तरह पता-ठिकाना ढूंढते हुए एटा पहुंच गया,जहां आरोपियो ने उसे धमकी दे कर वहां भगा दिया।

पुलिस के कुछ न करने पर बेबस बाप ने डीएम और एसपी की ड्यूढ़ी के कई चक्कर लगाए,उसकी चप्पलें तक घिस गई,फिर भी कोई राहत नहीं मिली।उसके बाद थक-हारकर कर उसने कोर्ट में अर्ज़ी दाखिल की,जिस पर कोर्ट ने सुनवाई पूरी करते हुए पिहानी पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया,तब कहीं पुलिस ने आरोपी अमित व सोनपाल के खिलाफ धारा 363/366/506 के तहत केस दर्ज किया। मामले की जांच एसआई अरविंद कुमार यादव को सौंपी गई है।

भाई और भतीजों के खिलाफ दर्ज कराया केस

हरदोई, अमृत विचार। लघु सिंचाई के जेई ने अपने भाई और भतीजो के खिलाफ ज़मीन और मकान पर कब्ज़ा करने की नियत से वहां लगे पिलर तोड़ दिए जाने का आरोप लगाया है। कोतवाली देहात पुलिस ने दी गई तहरीर पर पिता-पुत्रों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली देहात के नानकगंज ग्रंट पतलोहिया निवासी गजराज बहादुर आर्य पुत्र मिट्ठूलाल लघु सिंचाई में जेई है,ने कोतवाली देहात पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि भूमि संख्या-459 का मालिक है,उसी ज़मीन के कुछ हिस्से में मकान बनाया हुआ है। नौकरी के चलते गजराज बहादुर बाहर ही रहना होता है। गजराज बहादुर का भाई रामसिंह और उसके पुत्रों अनूप सिंह,राहुल कुमार व सुदामा ने ज़मीन पर कब्ज़ा करने की नीयत से ज़मीन के आस-पास लगे पिलर तोड़ दिए। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक रामसिंह और उसके पुत्रों अनूप,राहुल व सुदामा के खिलाफ धारा 504/427 के तहत केस करते हुए जांच शुरु कर दी है।

लिया जायजा जिलाधिकारी ने मंडी परिसर का किया निरीक्षण, शेष कार्य जल्द पूरा कराने का दिया निर्देश

मतगणना स्थल पर सुरक्षा के हों पुख्ता प्रबंध

हरदोई

अमृत विचार। मतगणना स्थल बनाये जाने के लिए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने रविवार को मंडी परिसर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के सभी मानकों का ध्यान रखा जाये। स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरों की उपयुक्त व्यवस्था की जाये। रिकार्डिंग की उचित व्यवस्था की जाये। सभी स्थानों पर विद्युत संयोजन सुनिश्चित किया जाये। प्रकाश की उचित व्यवस्था की जाये। मरम्मत के अवशेष कार्य जल्द पूरे किये जाएं। आवश्यक समतलीकरण का कार्य जल्द पूरा किया जाये। साफ सफाई की व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाये। बैरीकैडिंग का कार्य ससमय कराया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मतगणना स्थल का निरीक्षण करते डीएम एमपी सिंह। अमृत विचार

एसपी ने पुलिस फोर्स के साथ किया रूट मार्च

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने पुलिस फोर्स के साथ रूट मार्च किया। रविवार को कस्बे में पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने चौराहे से छोटा चौराहा, सुभाष पार्क, गंगारामपुर, मिर्जापुर तक रूट मार्च किया। ऐसे में लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिस मुस्तैद दिखाई दे रही है। चुनावों में गड़बड़ी फैलाने वालों को सख्त हिदायत दी जा रही है।

गैस वेल्डिंग के दौरान कार के सीएनजी टैंक में लगी आग। अमृत विचार

कार के सीएनजी टैंक में आग लगने से मची भगदड़

हरदोई, अमृत विचार। बीच शहर ऑल्टो कार में गैस वेल्डिंग के दौरान उसके सीएनजी टैंक ने आग पकड़ ली। रविवार की दोपहर लखनऊ चुंगी पर हुए हादसे से भगदड़ मच गई। हालंकि उस बीच कुछ लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए आग पर काबू करने की कोशिश की, लेकिन उसके बाद वहां पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। रविवार की दोपहर लखनऊ चुंगी पर एक ऑल्टो कार में गैस वेल्डिंग हो रही थी। उसी बीच कार के सीएनजी टैंक ने आग पकड़ ली। लोग टैंक में विस्फोट होने के डर से चीखने-चिल्लाने लगे, दुकानदार आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। दमकल कर्मियों ने उसे पूरी तरह से काबू करते हुए एक बड़ा हादसा होने से टाला। माना जा रहा है कि अगर सीएनजी के टैंक में विस्फोट होता तो वहां कई लोग उसकी चपेट में आए बिना नहीं रह सकते थे।

किसानों और मजदूरों के बच्चों ने लहराया अपनी मेधा का परचम

यूपी बोर्ड में शत-प्रतिशत रहा गौतम बुद्ध पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम

बच्चों को माला पहनाकर मिठाई खिलाते सीबीजी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गिरजेश तिवारी। अमृत विचार

हरदोई

अमृत विचार। शनिवार को घोषित हुए हाई स्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा परिणाम में किसानों और मजदूरों के बच्चों की मेधा उभर कर सामने आई है। जिन्होंने कठिन परिश्रम करके बुलन्दी कायम की है। टड़ियावां संवाददाता के अनुसार यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में कस्बे के गौतम बुद्ध पब्लिक स्कूल/कॉलेज का इस बार भी दबदबा कायम रहा है। हाईस्कूल में अव्वल आए छात्र पूरी तरह से झूम उठे है। परिणाम को लेकर पूरे दिन कॉलेज में गहमा-गहमी का माहौल बना रहा है।

शनिवार को दोपहर करीब आए यूपी बोर्ड के परीक्षाफल में क्षेत्र के लिलवल रोड स्थित गौतम बुद्ध पब्लिक स्कूल/कॉलेज के छात्रों ने परचम लहराते हुए शत-प्रतिशत रिजल्ट देकर क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन किया। कॉलेज के संस्थापक और संरक्षक अनिल कुमार गौतम ने उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। हाईस्कूल में छात्र शिवानंद 91 को प्रतिशत अंक हासिल किए है। ग्राम अमेठिया के मजरा हीरालाल पुरवा निवासी छात्र शिवानंद तीन भाइयों में सबसे बड़ा है, उसके पिता सुभाष चंद्र कृषि कार्य करते हैं, वहीं मां पूजा देवी ग्राम पंचायत में रोजगार सेवक के पद कार्य कर रही है। शिवानंद के अच्छे नंबरों से हाई स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर घरवालों में खुशी का जश्न मनाया जा रहा है। छात्र तन्मय शुक्ला को 88 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं, शानू वर्मा को 85 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले तन्मय शुक्ला ग्राम व पोस्ट टड़ियावां के निवासी हैं, उसके पिता राजीव शुक्ला व्यवसाय करते हैं, वहीं मां रजनी शुक्ला ग्रहणी है। हाई स्कूल में बेहतर परिणाम आने पर छात्र के घर वालो ने एक- दूसरे को मिठाई बांटी और खुशी का जश्न मनाया है। छात्रों के बेहतर परिणाम आने पर कॉलेज प्रबंधक नीतू सिंह ने उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

कछौना संवाददाता के अनुसार जिले की टॉप टेन सूची में श्री जानकी प्रसाद इंटर कॉलेज की इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल की चार छात्राएं स्थान हासिल करने में रहीं कामयाब, इंटरमीडिएट में अविका सिंह ने 95.8 प्रतिशत अंक, हाईस्कूल में कशिश गुप्ता ने 96 प्रतिशत अंक एवं संध्या गुप्ता ने 96 प्रतिशत अंक समेत प्रतिज्ञा देवी ने 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने जिले के साथ अपने विद्यालय परिवार व परिजनों का नाम रोशन किया। प्रतिभावान छात्राओं का परीक्षा परिणाम देख विद्यालय प्रधानचार्य डॉ. शिवराज सिंह पटेल समेत गुरुजनों एवं अभिभावकों ने जताया हर्ष।

जनता इंटर कॉलेज कछौना में छात्र-छात्राओं ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर विद्यालय का परचम लहराया। उनके भविष्य के उड़ान को पंख मिल गए। छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित हैं।

इंटरमीडिएट की छात्रा काजल पुत्री लवकुश ने 500 में 461 अंक पाकर 92.1 प्रतिशत अंक हासिल किये। छात्र अतुल पटेल पुत्र राजेंद्र प्रसाद वर्मा ने 500 में 433 अंक पाकर 86.6% अंक हासिल किये। छात्रा महिमा गौतम पुत्री लालता प्रसाद ने 77.21% अंक हासिल किए।

हाईस्कूल में प्रीति पुत्री तुलसीराम ने 600 में 500 अंक पाकर 92.16% अंक हासिल किये। छात्रा रानी पाल ने 89.33 प्रतिशत अंक हासिल किये। छात्र अंकुर चौरसिया पुत्र सर्वेश कुमार ने 83.67 प्रतिशत अंक हासिल किये। छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय की प्रबंधक रेखा अग्रवाल व प्रधानाचार्या शिवानी शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। छात्र-छात्राओं ने बताया कि वह भविष्य में विभिन्न क्षेत्र जैसे शिक्षक, डॉक्टर इंजीनियर, व्यवसायी, वैज्ञानिक क्षेत्र में जाकर देश को मजबूत राष्ट्र बनाने के लिए कार्य करेंगे।

बेनीगंज संवाददाता के अनुसार उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी किए गए हाईस्कूल व इण्टर मीडिएट के परीक्षा परिणामों मे बेटों के साथ साथ बेटियों ने परचम लहराया।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल में नगर की बेटी श्रेया गुप्ता सुपुत्री विवेक गुप्ता ने 94.84% व इण्टर में सूर्यांश पाण्डेय सुपुत्र रामनिवास पाण्डेय ने 92.40% अंक अर्जित कर परचम लहराया। श्रेया गुप्ता के पिता विवेक गुप्ता कपड़ा व्यवसायी है, बेटी की सफलता पर उन्होंने कहा कि उनका बड़ा बेटा भी हाइस्कूल व इण्टर में टाप किया था जिसके बाद अब उनकी बेटी ने भी हाईस्कूल में 95% प्रतिशत अंक प्राप्त कर उनका मान बढ़ाया है, इस सफलता पर श्रेया गुप्ता का कहना है कि वह अपने बड़े भाई को ही प्रेरणा मानती है और इस सफलता मे उनके परिजनों के साथ साथ विद्यालय मे पढ़ाने वाले अध्यापकों का भी चतना ही हाथ है। इनके साथ ही क्षेत्र के अन्य बच्चों विकास कुमार 93.16%, उज्वल द्विवेदी 92.80%, चारु वर्मा 92.50%, काव्या सिंह 86.16% ने हाईस्कूल व शिखा वर्मा 90.80%, आकांक्षा वर्मा 90.60%, जान्वह्वी शुक्ला 89.20% ने इण्टर मे अंक अर्जित कर अपने अभिभावकों, विद्यालय, व क्षेत्र का नाम रोशन किया।

माधौगंज संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के ग्राम तपनौर स्थित महात्मा मंगू लाल इण्टर कॉलेज के छात्र/छात्राओं ने ग्रामीण क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में शेखर कुमार ने 88 प्रतिशत, शिवप्रसाद 85, शालूदेवी 82, आरजू बानो 80, रिंकू राजपूत ने 80 प्रतिशत तक अंक हासिल कर किसानों का मान बढ़ाया है। वहीं इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में साधना 91, दामिनी, पलक ने 89 प्रतिशत अंक पाए। शालू 88, कामना 86, सादिया 85, अर्चना देवी 84, अंजली 83, छमा 82, शिवानी देवी, शिवानी गौतम दिव्यांशी ने 81 प्रतिशत अंक अर्जित किए। साधना व शेखर ने 80 प्रतिशत अंक पाकर ग्रामीण क्षेत्र का मान बढ़ाया है। विद्यालय संचालक महेन्द्र सिंह कुलदीप ने छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि स्कूल के सभी बच्चों ने सम्मानजनक अंक हासिल किए हैं। सभी बच्चे किसानों और मजदूरों के है जिन्होंने कठिन् परिश्रम करके बुलन्दी कायम की है।

इसी के साथ कस्बे के मोहल्ला पटेल नगर पूर्वी स्थित प्रदीप प्रजापति की बेटी नेहा देवी ने इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में 95.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले की टॉप टेन सूची में जगह बनाई है। जिले में छठवें पायदान पर रही छात्रा ने बताया कि वह नीट की तैयारी करके डॉक्टर बनना चाहती है। उसका मकशद है कि गरीबों को इलाज में मदद की जरूरत होती है डॉक्टर के पद पर रहकर वह बखूबी सेवा कर सकेगी।

मोहल्ला सुभाष नगर स्थित ओमकार गुप्ता के पुत्र वेदांश ने हाईस्कूल की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। छात्र का कहना है कि आईएएस के पद पर प्रशिक्षण ले रहे बड़े भाई आयुष गुप्ता की तरह वह भी प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहता है।अभी उसने 94.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं इण्टरमीडिएट में और भी मेहनत करेगा। राजवर्धन पुत्र सुशील कुमार निवासी कुरसठ विद्यालय- महर्षि दयानन्द- पटेल उमा विद्यालय अटवा अली मर्दानपुर ने हाईस्कूल में 573/600 अंक प्राप्त कर जिले में 9वां स्थान प्राप्त किया।

एकता ने 80 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया मान

हरदोई, अमृत विचार। शहर के श्री वेणी माधव बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा एकता त्रिवेदी ने इंटरमीडिएट में 80 .20प्रतिशत अंक हासिल कर कालेज का व अपने माता-पिता का मान बढ़ाया। उन्होंने 500 में 401 अंक हासिल किए। सामान्य हिन्दी में 83 प्रतिशत, अंग्रेजी में 85प्रतिशत, फिजिक्स में 66प्रतिशत, कैमेस्ट्री में 79प्रतिशत और बायोलोजी में 88 प्रतिशत अंक हासिल किए। एकता के बाबा एडवोकेट संतोष कुमार त्रिवेदी ने उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं।

टाप टेन छात्र-छात्राएं

इण्टरमीडिएट	
सुहावनी मिश्रा	425/500 विद्यालय में प्रथम
मोहन सिंह	404/500 विद्यालय में द्वितीय
सुमित द्विवेदी	393/500
लाजो देवी	382/500
महिमा	372/500
कोमल मिश्रा	378/500
संदीप	370/500
मुस्कान सिंह	367/500
लवी सिंह	365/500
कमल मिश्रा	363/500

हाईस्कूल

शीशराम	555/600 विद्यालय में प्रथम
ऋषभ कुमार	542/600
आकांक्षा मिश्रा	526/600
सूरज	521/600
लव दीक्षित	492/600
प्रहलाद	486/600
प्रियंका	459/600
संदीप कुमार	452/600
ज्योति शर्मा	444/600
नम्रता देवी	418/600



एकता।

शानू वर्मा।

श्रेया गुप्ता।

सूर्यांश पांडे।

नेहा देवी।

राजवर्धन।

प्रधानाचार्य ने दी बधाई

श्री बृजराज सिंह इंटर कालेज अनंगपुर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य को कामना की।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में अपनी प्रतिभा दिखाने वाली छात्राएं सम्मानित की गयीं। अमृत विचार

अच्छे अंक पाकर बढ़ाया परिवार का हौसला

बघौली, हरदोई, अमृत विचार। सिर्फ पढ़ना ही नहीं उसके साथ-साथ नियम धर्म के पथ पर चलने से भी सफलता मिलती है। एक ऐसी ही सफलता पाकर घर परिवार के दुलारे ऋषिवर अवस्थी को मिली है। बघौली थाना क्षेत्र अन्तर्गत महरी गांव के मूल निवासी स्व. चन्द्रभाल अवस्थी के सुपौत्र ऋषिवर अवस्थी ने वर्ष 2024 में हाईस्कूल की परीक्षा 87.17 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की।

सुन्नी गांव में वर्तमान निवास कर रहे श्री जानकी प्रसाद इण्टर कालेज में अध्यनरत ऋषिवर अवस्थी ने बताया कि उनके पिता सुधीर अवस्थी 'परदेशी 'हिन्दी दैनिक हिन्दुस्तान अखबार के पत्रकार हैं। मां मणि अवस्थी ' वीणा' ग्रहणी हैं। दादी कमल कुमारी का कुशल नेतृत्व हिम्मत बढ़ाता है। छोटे भाई मुनिवर अवस्थी का पढ़ाई में विशेष सहयोग है। उन्नाव जिले के औरास में श्री राष्ट्रीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य बड़े पापा श्री रामशंकर अवस्थी के मार्गदर्शन से ही अच्छे अंक मिल सके। बड़ी मम्मी सुषमा अवस्थी बड़े भाइयों में शिवप्रकाश अवस्थी 'शानू' , रामप्रकाश अवस्थी 'ज्ञानू' और श्याम प्रकाश अवस्थी 'छोटू' ने समय समय पर पढ़ने के लिए उत्साहित कर हर तरह से सहयोग किया। रिश्तेदार और पापा जी की मित्रमंडली ने आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। दादीजी की सेवा, गौ सेवा, मन्दिर सेवा, बड़े बुजुर्गों का आदर और ब्रह्म मुहूर्त में उठना शाम को समय से विश्राम करना दिनचर्या में शामिल है।

रोजगारपरक शिक्षा पर दिया जोर

कार्यक्रम

- तीन दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ शुरू
- शिक्षकों को गैर सरकारी संगठनों के साथ कार्य करने की जरूरत

संडीला, हरदोई

अमृत विचार। नेशनल डेवलपमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट, ग्राम तिलोइयां खुर्द, संडीला, हरदोई द्वारा यूपिका सामुदायिक उत्सव केंद्र, संडीला में "शिक्षा में बदलावः राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने का मार्ग प्रशस्त करना" विषय पर तीन दिवसीय सेमिनार का आयोजन प्रारंभ हुआ। जिसमें रविवार को प्रथम दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) बेसिक शिक्षा विभाग हरदोई राकेश कुमार शुक्ला तथा विशिष्ट अतिथि सीनियर सोशल वर्कर एवं शिक्षाविद् गोपा कुमार पिल्लई द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश कुमार शुक्ला ने नयी शिक्षा नीति के महत्त्व तथा कौशल आधारित शिक्षा पर जोर दिया। जिससे छात्र/छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर सकें जिससे नयी शिक्षा नीति का उद्देश्य पूरा हो सके।

इसी के साथ नेशनल डेवलपमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री राशिद अली वारसी द्वारा वर्तमान तथा भविष्य के सन्दर्भ में नयी शिक्षा नीति क्यों आवश्यक है पर अपने विचार व्यक्त किये और कहा की "हमें शिक्षा में बदलावः राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने का मार्ग प्रशस्त करने जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्य को पूरा करने के लिए शिक्षकों एवं युवाओं और गैर सरकारी संगठनों आदि के साथ मिलकर विचार विमर्श करके उचित दिशा को कार्य योजना का रूप देकर कार्य करने की आवशयकता है। सेमिनार के पहले दिन में 80 प्रतिभागी और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया जिसमे मुख्य रूप से अभिषेक दीक्षित एडवोकेट, आरएन तिवारी, प्रदीप कुमार मुन्ना, डॉक्टर उबैद, ट्रस्ट सचिव हिमांशु कुमार यादव, नियामतुल्ला अंसारी, पूजा देवी, अध्यापक सागर, आदि लोग उपस्थित रहे ।

नाला निर्माण के दौरान मलबे में दबने से श्रमिक की मौत

- नाले के बगल की दीवार गिरने से हुआ हादसा

सण्डीला, हरदोई

अमृत विचार। सरकारी नाले का निर्माण होने के दौरान वहां खड़ी दीवार एका-एक भर-भरा कर गिर पड़ी,जिससे वहां मज़दूरी कर रहा मज़दूर उसके मलबे में दब गया, उसे मलबे से बाहर निकाला जाता,उससे पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।

बताया गया है कि कस्बे के इमलिया बाग चौराहा बेनीगंज रोड पर सरकारी नाले का निर्माण हो रहा है। रविवार को वहां काम चल रहा था। कस्बे के मोहल्ला माकूम कुआं निवासी 52 वर्षीय रफीक वहां मज़दूरी कर रहा था। उसी बीच वहां नाले से सटी हुई दीवार एका-एक भर-भरा कर गिर पड़ी। जिससे रफीक उसके मलबे में दब गया।

हादसा होते ही वहां चीख-पुकार मच गई। आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। आनन-फानन में मलबा हटा कर उसके नीचे दबे पड़े मज़दूर को बाहर निकाला गया,लेकिन उससे पहले उसकी मौत हो चुकी थी। इस तरह हुए हादसे की खबर सुनते ही वहां कोहराम मच गया। इसका पता होते हई वहां पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरु कर दी।

सड़क पर बह रहा कीचड़युक्त गंदा पानी

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। बाजार शंभा और सैय्यदवाड़ा की गली में चार दिन से कीचड़युक्त गंदा पानी भरा है। इसी गंदे पानी से गुजर कर लोग अपने घरों को पहुंच रहे हैं लेकिन लाख शिकायतों के बाद भी कीचड़ युक्त गंदे पानी से मोहल्ला वासियों को मुक्ति नहीं मिल सकती। बासित नगर मार्ग से सैय्यद वाड़ा, बाजार संभा मोहल्ले को जोड़ने वाली एवं हरिजन बस्ती की ओर जाने वाली सड़क पर पिछले चार दिनों से गंदा कीचड़युक्त पानी भरा हुआ है। पानी से बदबू उठ रही है,और इसी गंदे पानी से गुजर कर सैयय्दवाड़ा और बाजार संभा के लोग अपने घरों तक पहुंच रहे हैं। रामकुमार मेमोरियल इंटर कॉलेज जाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का भी यह मुख्य मार्ग है। इसी मार्ग से बड़ी संख्या में स्कूली छात्राएं निकलते हैं। अक्सर स्कूली छात्र-छात्राएं कीचड़युक्त गंदे पानी में गिर जाते हैं और उन्हें शर्मिंदगी महसूस होती है, घर वापस लौट जाते हैं। इधर से गुजरने वाले संदीप कुमार, हरपाल राजपूत एवं सोनू त्रिपाठी ने बताया कि वह नगर पालिका परिषद के सफाई नायकों और कर्मचारियों से कई बार फोन करके बता चुके हैं लेकिन यहां पर नालियों की सफाई नहीं की गई जिसकी वजह से सड़कों पर जल भराव हो गया है।

सैय्यदवाड़ा जाने वाली गली में भरा कीचड़ युक्त गंदा पानी। अमृत विचार

पहल अस्तित्व फाउंडेशन ने जेल के अंदर शिविर लगाकर दिया मानसिक परामर्श

कौशल विकास कार्यक्रम से जोड़ी गईं महिला बंदी

हरदोई

अमृत विचार। अस्तित्व फाउंडेशन ने जेल में शिविर लगा कर वहां की महिला बंदियों को मानसिक परामर्श दिलाया और उन्हें कौशल विकास कार्यक्रम से जोड़ा। फाउंडेशन ने शनिवार को

ज़िला जेल में 33 महिला बंदियों के लिए मानसिक परामर्श एवं कौशल विकास कार्यक्रम के तहत उन्हे मानसिक स्वास्थ्य के मामले में सहायता प्रदान की और उन्हें विभिन्न कौशलों का परिचय दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक सतीश चन्द्र त्रिपाठी,विशिष्ट अतिथि जेलर संजय कुमार सिंह व डिप्टी जेलर मिथिलेश भदौरिया को स्मृति चिन्ह एवं पौधे देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ़ रिहैबिलिटेशन साइंसेज की सहायक प्रो. नीलम बंसल ने संवासिनियों से सकारात्मक संवाद किया और उन्हे मानसिक परामर्श दिया। उसके बाद कौशल विकास कार्यक्रम के तहत रचनात्मक कार्य का आयोजन डा.प्रिया गुप्ता,एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स द्वारा किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन द्वारा महिला बंदियों के बच्चों को खिलौने दिए और रिफ्रेशमेंट वितरण का मुकम्मल बंदोबस्त कराया गया। इस दौरान फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा गुप्ता ने बताया कि महिलाओं को स्वतंत्र एवं सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और उन्हे गर्व है कि वे इस प्रयास में सक्रिय रूप से भाग ले रहीं हैं। कार्यक्रम में जेल का स्टाफ, पूजा गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव, जय भोले सेवा समिति और अस्तित्व की उपाध्यक्ष कार्तिका माथुर व टीम के सदस्य लक्ष्मी, संध्या, श्यामा, पुष्पा, मीनाक्षी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

शिविर में जानकारी देते फाउंडेशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

गड्ढों में तब्दील हुई सड़क, राहगीर परेशान

कछौना, हरदोई

अमृत विचार। कस्बे की लखनऊ हरदोई नेशनल हाईवे 731 से गौसगंज तक जाने वाली सड़क की वर्तमान में स्थिति काफी जर्जर है। जिससे क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों के राहगीरों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

यह मार्ग छः वर्ष पूर्व वर्ष 2017 में पूर्व सांसद अंजू वाला के अथक प्रयास में कई दशकों से अपेक्षित जर्जर सड़क का जीर्णोद्धार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कराया गया था। उसके निर्माण से किस सड़क के निर्माण से लोगों का आवागमन सुगम हो गया था। वर्तमान समय में लखनऊ पलिया राजमार्ग का फोरलेन निर्माण कार्य होने के कारण कार्यदाई संस्था पीएनसी कम्पनी द्वारा बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन का कार्य कराया जा रहा है। जिसके ओवरलोड डंपर दिन-रात गुजरते हैं। जिसके कारण पूरा मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। मार्ग में जगह-जगह गहरे गहरे गड्ढे व बजरी उखड़ गई चुकी है। उक्त मार्ग कछौना से गौसगंज आवागमन का मुख्य मार्ग है। इस मार्ग पर ग्राम तकिया, पंचम खेड़ा, कलौली, हरिचन्दापुर, नारायणदेव, बबूरहा, बालामऊ, बघौड़ा, पैरा, बाण, गौसगंज आदि ग्रामों के आवागमन का प्रमुख साधन है। इस मार्ग ब्लॉक मल्लावां, माधौगंज व कछौना को जोड़ती हैं।

इस मार्ग पर कई डिग्री कॉलेज व इंटर कॉलेज व मुख्य बाजार स्थित हैं। गहरे गहरे गड्ढे होने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो गया है। कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया उक्त मार्ग का जीर्णोद्धार हेतु एस्टीमेट बनाकर शासन को भेज दिया गया है। वहां से स्वीकृत भी मिल गई है। शीघ्र ही निर्माण कार्य करा दिया जाएगा।

मरम्मत के अभाव में जर्जर हो गया मार्ग। अमृत विचार

एक नजर

आईपीएल में ऑनलाइन सट्टा खेल रहे तीन गिरफ्तार

लहरपुर। कोतवाली पुलिस ने आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा खेल रहे तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। नगर क्षेत्र के कर्बला मैदान के अंदर आईपीएल में लिंक के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए पुलिस ने 10 हजार नगद, तीन मोबाइल व तीन लोगों को रंगे हाथ पकड़ लिया। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत सूचना के आधार पर चैकी प्रभारी राम आसरे चैधरी एवं पुलिस टीम ने कर्बला में ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए शान मोहम्मद नई बस्ती, इरशाद व गयासुद्दीन खानपुर सादात को पकड़ लिया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि तीन लोगों को 10 हजार नकद व तीन मोबाइलों के साथ पकड़कर कार्रवाई की जा रही है।

चोरी की बाइक बरामद

हरगांव। हरगांव पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान हरगांव थाना क्षेत्र के गांव नमुआपुर मजरा कटेसर निवासी अमित वर्मा को गिरफ्तार किया। जिससे पास चोरी की एक मोटरसाइकिल व एक अवैध शस्त्र बरामद हुआ है। बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में थाना हरगांव में पूर्व मे मुकदमा पंजीकृत है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट एवं चोरी के मामले मे अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्रवाई की गयी है।

साइकिल में टक्कर मारकर गड्ढे में पलटी कार

दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत, चालक फरार, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

संवाददाता, पिसावां, सीतापुर

अमृत विचार। बाजार से सामान खरीदकर वापस घर जा रहे साइकिल सवार को कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद अनियंत्रित कार थोड़ी दूर पर एक गड्ढे में पलट गई। राहगीरों की भीड़ देख कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना के। बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई पूरी की।

पिसावां थाना क्षेत्र के कपूरपुर निवासी गयाप्रसाद पुत्र रामनाथ (40) रविवार को गांव से साइकिल द्वारा बरगावां कस्बे स्थित बाजार को गया था। सामान खरीद करने के बाद जब वह वापस अपने घर कपुरपुर जा रहा था। जैसे ही युवक थाना क्षेत्र के पिहानी बरगावाँ मार्ग पर पहुंचा कि तभी पिहानी की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही स्विफ्ट कार ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। कार की रफ्तार तेज होने के कारण कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई। भीड़ को घटनास्थल की ओर आता देख कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही परिजन सहित स्थानीय पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमवीर सिंह चौहान ने बताया की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गड्ढे में पलटी पड़ी कार।

घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भारी भीड़। अमृत विचार

ट्रैक्टर की ठोकर से ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, एक की मौत

महमूदाबाद। बिलौली बाजार के निकट सिद्धबाबा आश्रम के पास टेंट हाउस की सामग्री लदे ट्रैक्टर ट्रॉली को पीछे से दूसरे ट्रैक्टर ने जोरदार ठोकर मार दी। जिससे अनियंत्रित टेंट की सामग्री से लदा ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गया। ट्रैक्टर पर बैठे चार लोगों में से एक की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई। जबकि ठोकर मारने वाला ट्रैक्टर ट्रॉली चालक मय वाहन के फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला भेज दिया है।

रविवार शाम महमूदाबाद कोतवाली इलाके के बिलौरी चौराहे के निकट सिद्धबाबा आश्रम के पास एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने दूसरे ट्रैक्टर ट्राली को पीछे से ठोकर मार दी। जिससे अनियंत्रित होकर टेंट सामग्री लदा ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गया। ट्रैक्टर पर बैठे चार लोगों में से राकेश पुत्र मुरली (35) निवासी रामपुरवा जनपद बाराबंकी की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई। जबकि अन्य तीन लोगों को मामूली चोटें आईं। मृतक राकेश गांव के ही समर टेंट हाउस पर मजदूरी करते थे।

रविवार टेंट की सामग्री लेकर ट्रैक्टर ट्रॉली से सीतापुर के अशरफपुर गांव जा रहे थे, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सिद्धबाबा आश्रम के पास दूसरे ट्रैक्टर ने पीछे से ठोकर मार दी जिससे ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गया और राकेश की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

सार-संक्षेप

राम उत्सव पर भक्तों ने निकाली शोभायात्रा

शोभायात्रा निकालते बजरंग दल कार्यकर्ता। अमृत विचार

तंबौर। क्षेत्र में शिव मंदिर स्थित हैठा हजतपुर मे बजरंग दल और क्षेत्रीय लोगों ने राम उत्सव कार्यक्रम पर प्रखंड बेहटा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा हैठा शिव मंदिर से तंबौर नगर भ्रमण के लिए निकली, जिसमें सैकड़ों की संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे। शोभायात्रा में जय श्री राम के जयकारे गूंजते रहे। जिला सहसंयोजक बजरंग दल सीनू मिश्रा की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान शिवेंद्र बजरंगी, अंकित बजरंगी, ऋतिक बजरंगी, आलोक बजरंगी, दीपू बजरंगी, नरेंद्र बजरंगी, सतीश मिश्रा बजरंगी, मोनू सिंह, अभिषेक बजरंगी, मुनेंद्र तिवारी बजरंगी, अर्चित बजरंगी, दिव्यांश बजरंगी, महेश बजरंगी, हरिओम रस्तोगी, दीपक गुप्ता, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, सूरज गुप्ता, सनोज अवस्थी, उमेश निर्मल, राम भोखन जी, विजय वर्मा, जय वर्मा बजरंगी, सुधीर वर्मा बजरंगी, शिवम बजरंगी, आराध्या बजरंगी, सहित सैकड़ो राम भक्त उपस्थित रहे।

जनता इस बार बीजेपी को उखाड़कर फेंक देगी: शरद

मीडिया से बात करते उप्र कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष शरद मिश्रा व मौजूद प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं अवध जोन के इंचार्ज शरद मिश्रा ने रविवार को स्थानीय ट्रीट होटल में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। शरद मिश्रा ने कहा कि 2024 का चुनाव लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र पर कहा कि यह जनता का घोषणा पत्र है जो राहुल गांधी जी के नेतृत्व में जनता को समर्पित है। एक सवाल का जवाब देते हुए शरद मिश्रा ने कहा कि सीतापुर ऐतिहासिक जिला है, यहां की जनता इस बार बीजेपी को उखाड़कर फेंक देगी। प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता ने स्थानीय मुद्दों पर कहा कि यहां महिलाओं के लिए डिग्री कॉलेज नहीं है। रेउसा थाना क्षेत्र में विगत दिनों में जिस तरह छोटी बच्चियों पर जघन्य अपराध हुआ। उससे भाजपा सरकार की कानून व्यवस्था की सच्चाई पता चलती है। प्रवक्ता सचिन रावत ने सीता पासी का जिक्र करते हुए कहा कि इतने बड़े महापुरुष के किले की बत्ती गुल है। जिससे या सिद्ध होता है कि यह सरकार दलित विरोधी है। श्री रावत ने स्थानीय मुद्दों पर ट्रॉमा सेंटर सुहागन चीनी मिल एवं अन्य मुद्दों को लेकर अपनी बातें रखीं। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव, आमोद मिश्र, यूथ प्रेसिडेंट नरेंद्र वर्मा, चोक्ष विभू अवस्थी, मंजरि राही, संजय दीक्षित, शुभम अवस्थी व रामपाल यादव आदि उपस्थित रहे।

सनातन धर्म से निकलकर तैयार हुये अनेक पंत: गजेंद्र

दीप उत्सव जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते गजेंद्र विहिप। अमृत विचार

रेउसा, सीतापुर, अमृत विचार। रविवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने आस्था नमन गेस्ट हाउस में राम जन्म महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद अवध क्षेत्र के गजेंद्र विहिप रहे कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प दीप जलाकर किया व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्म उत्सव कार्यक्रम भगवान की प्रतिमा पर मालपान व दीप जलाकर किया गया। गजेंद्र विहिप ने कहा राम और रावण को समझकर हिन्दू समाज अपना निर्णय ले। हिंदू समाज किसी भी समाज के हित के बारे में ही काम करता है और आगे भी इसी तरह से करता रहेगा। हिंदू संगठन के अलग-अलग नाम है जैसे आर एस एस राष्ट्रीय बजरंग दल विश्व हिंदू बजरंग दल आदि संगठन अपने देश व हिंदू समाज के लोगों के प्रति प्रेम और निष्ठा का संदेश देने का काम करता है। हिंदू समाज किसी भी समाज को गलत नहीं कहता है। भारत देश एक हिंदू देश है, लेकिन भारत देश में रहने वाला हर व्यक्ति हिंदू ही कहलाएगा। धर्म सनातन ही है और इसी धर्म से निकलकर अनेक पंत तैयार हुए हैं। इस अवसर पर संत शिरोमणि त्यागी जी महाराज, विश्व हिंदू बजरंग दल जिला संयोजक संदीप अवस्थी, बृजेश मिश्रा, अशोक बाजपेयी, सोनू पांडेय, हेमा दीक्षित व लीला देवी आदि लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

गौशाला में गौवंशों की मौत पर अफसरों ने पीटी कार्रवाई की लकीर

संवाददाता, महोली/सीतापुर

फॉलोअप

- लापरवाही उजागर न हो इसके लिए ग्राम विकास अधिकारी डाल रहे पर्दा
- प्रधान सहित तीन लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

अमृत विचार। पिसावां थाना इलाके के कपसा कलां गांव में श्री कृष्ण गौ आश्रय स्थल में हो रहे कुकृत्यों से पर्दा उठने के बाद सरकारी दावों की पोल खुलकर सामने आ गई है। अधीनस्थों ने अपनी फजीहत बचाने के लिए ब्लॉक प्रशासन और सियासी लोगों ने चश्मदीद लोगों के तर्क, मौके से बनाए गये वीडियो, उद्देश्य विशेष के लिए लाए गए धारदार चाकू और छूरी आदि को नजरअंदाज करते हुए ग्राम प्रधान सहित चार गैर जनपदीय आरोपियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई है। हैरत की बात यह है कि सच्चाई छिपाने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा लिखाई गई रिपोर्ट खुद सवालों के घेरे में है। ब्लॉक स्तरीय प्रशासनिक अफसर अगर गौशाला का नियमित निरीक्षण करते होते तो ये अपराध कारित न होता।

बताते चलें कि बीते शुक्रवार को गांव की गोशाला में हो रहे कुकृत्य को देखने के बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा काटा और मौके से वीडियो वायरल कर पुलिस-प्रशासन को जमीनी हकीकत दिखाने का प्रयास किया। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी कुमुद सिंह चैहान ने सुबह करीब दस बजे इस प्रकरण में प्रधान सहित तीन नामजद और चार अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी।

मामले के तूल पकड़ने के बाद अधिकारी हरकत में आए और उच्च स्तरीय जांच के दायरे से बाहर रहने और खुद को पाक-साफ जताने के लिए काना-फूसी शुरू कर दी। दोपहर करीब एक बजे कपसा कलां गांव में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी संजय वर्मा पुत्र लालजी निवासी संतनगर, पश्चिमी वार्ड, सिधौली ने थाने में दूसरी तहरीर देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई। उनकी तहरीर पर पुलिस ने धारा 429/352/504/506 आईपीसी और पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत केस दर्ज किया है। चर्चा है शनिवार को आरोपियों का शांतिभंग की धारा में भी चालान किया था। महोली तहसील आने के बाद वह अपने घर वापस चले गए थे। ग्राम पंचायत अधिकारी और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी की तहरीर और तर्क में विरोधाभास दाल में काला होने की गवाही दे रहा है।

गौशाला में मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस व विहिप के लोग (फाइल फोटो)।

दबने से हुई गौवंशों की मौत-संजय

गौवंशों की मौत पर स्थलीय निरीक्षण कर लौटे ग्राम विकास अधिकारी संजय वर्मा का दावा है कि गौशाला में 7 टीन शेड बने हुए हैं। संचालक की गलती से गौवंश एक टीन शेड में काफी अधिक मात्रा में घुसा दिए गए। देखने से पाया कि गोवंश उठ बैठ भी नहीं पा रहे हैं तथा पशुओं की आंखों से आंसू निकल रहे थे। जिससे आपस में एक-दूसरे से दबकर 9 पशुओं की मृत्यु हो गई। ग्राम विकास अधिकारी का यह तर्क ग्रामीणों के गले नहीं उतर रहा है। हिन्दू संगठन के लोगों का कहना है कि ग्राम विकास अधिकारी सम्भवतः भूल रहे है कि गोशाला में संरक्षित गोवंश स्वतंत्र होते है। टीनशेड भी चारों ओर से खुला है। वहां पशु मित्र और जिम्मेदार मजदूर भी रहते हैं। ऐसे में एक टीनशेड में अधिक मात्रा में गोवंशों को घुसा देना संभव नहीं है। फिर पशुओं की मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से तय होता है। स्थलीय निरीक्षण से नहीं। आरोप है कि अगर जिम्मेदार अफसर नियमित गौशाला का निरीक्षण करते तो शायद गौवंशो की जान बच जाती।

> सियासी और प्रभावशाली लोगों को बचाने की गरज से हकीकत को नजरअंदाज करते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है। संगठन के निर्देश पर अगला कदम उठाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर आंदोलन भी किया जाएगा।
>
> **-कुमुद सिंह चौहान,** जिला सहमंत्री, विश्व हिंदू परिषद

> ग्राम प्रधान सहित तीन लोगों के खिलाफ नोटिस तामील कराते हुए निरोधात्मक कार्यवाई अमल में लाई गई थी। शेष दो अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। मामले की गहनता से छानबीन कर विधिक कार्यवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> **-ओमवीर सिंह चौहान,** प्रभारी निरीक्षक, पिसावां

अंतिम संस्कार को पहुंचे व्यक्ति निकालने लगे खाल!

ग्राम विकास अधिकारी संजय वर्मा का तर्क है कि संचालक (प्रधान विपिन कुमार) द्वारा मृत गोवंशों के नियमानुसार निस्तारण हेतु गांव के पास के फुरकान पुत्र रसीद, सलीम पुत्र भन्नू, अतीक पुत्र रसीद निवासीगण गोपामऊ, थाना टड़ियावां जिला हरदोई तथा जफर पुत्र उमर निवासी ग्राम देहरिया थाना पिहानी जिला हरदोई को बुलाया गया था। हैरत की बात तो यह है कि जब गैर जनपदीय लोगों को गोवंशों के अंतिम संस्कार के लिए बुलाया गया था तो उन्हें नमक और गड्ढा खोदने के लिए फावड़ा अथवा जेसीबी लेकर आना चाहिए था। वह चाकू, छूरी लेकर खाल क्यों निकालने लगे। ग्रामीणों द्वारा आपत्ति किए जाने पर फुरकान आदि अभद्रता कर गाली-गलौज करते हुए आमादा फौजदारी हो गए। यह जानते हुए भी कि वह प्रधान के द्वारा दूसरे कार्य के लिए बुलाए गए हैं, लेकिन अपराध करते हुए ग्रामीणों को धमकाने लगे। संजय वर्मा का यह तर्क हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों को हजम नहीं हो रहा है।

एलपीजी सिलेंडर फटने से तीन किशोरी घायल

- दसवीं के दिन घर में बन रहा था खाना, दरवाजा टूटा, टीनशेड उड़ा

महोली, अमृत विचार। कोतवाली इलाके के खाना बनाते समय घर में अचानक तेज धमाके के साथ एलपीजी सिलेंडर फटने से हादसा हो गया। सिलेंडर में धमाके से घर का टीन शेड टूटकर बिखर गया।

क्षेत्र के ग्राम सिसिर नगर निवासी बड़क्के पुत्र स्वर्गीय नंदराम ने बताया कि कई दिन पूर्व उनकी माता नंदरानी (70) का देहांत हो गया था। रविवार को दसवां संस्कार होना था, इसलिए वह मेहमानों के भोजन के लिए दो दिन पहले ही महोली से एचपी का एलपीजी सिलेंडर लेकर घर गये थे। बताया जाता है कि रविवार को जब मेहमानों और परिजनों के लिए गैस सिलेंडर पर खाना बन रहा था। तभी अचानक एलपीजी सिलेंडर में आग लग गई। इससे पहले की घरवाले कुछ समझ पाते, तेज धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। धमाके के दौरान रसोई घर में मौजूद कोमल (16) वर्ष पुत्री क्षत्रपाल, शोभा (18) पुत्री राजकुमार तथा अंशिका (14) पुत्री राजकुमार घायल हो गईं। धमाका इतना तेज था कि पक्की दीवारों पर पड़ा टीनशेड टूट कर बिखर गया जबकि एक कमरे का दरवाजा कई टुकड़ों में तब्दील हो गया। गृहस्थी का अन्य सामान भी बरबाद हो गया। धमाके की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर इकट्ठे हो गए। आनन-फानन में घायल बच्चियों को महोली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है। धमाके की दहशत से लोग भयभीत हैं।

आग और धमाके से घायल तीनों किशोरियां अस्पताल में भर्ती। अमृत विचार

महीनों से हैंडपंप खराब

पहला, अमृत विचार। विकास खंड पहला अंतर्गत ग्राम पंचायत बेडौरा में आगनवाड़ी आदि जगहों पर लगे हैंडपंप खराब पड़े हैं मगर जिम्मेदार अनभिज्ञता व्यक्त कर रहे हैं।मिली जानकारी अनुसार ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेडौरा में आगनवाड़ी सेंटर सचिवालय तथा स्कूल के पास लगा इंडिया मार्का हैंड पंप कई महीनो से खराब पड़ा है जिस कारण स्कूली बच्चों को भीषण चिलचिलाती गर्मी धूप में बूंद बूंद पानी को तरसना पड़ रहा है मगर किसी अधिकारी का ध्यान इस तरफ नही गया है इस संबंध में जब ग्राम विकास अधिकारी दिनेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मुझे जानकारी नहीं है अगर खराब है तो बनवा दिया जायेगा।

प्राथमिक विद्यालय में खराब पड़ा हैंडपंप।

हर्षोल्लास | जैन धर्मावलम्बियों ने उतारी आरती, जगह-जगह प्रसाद वितरित किया प्रसाद

श्रीजी को रथ पर विराजमान कर शुरू हुई शोभायात्रा

महमूदाबाद, अमृत विचार। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। प्रातःकाल मंदिर जी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। तत्पश्चात श्रीजी को रथ पर विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जैन धर्मावलम्बियों ने जगह-जगह प्रसाद वितरित किया।

सरावगी टोला स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में प्रातःकाल से ही बड़ी संख्या में बुजुर्ग, बच्चे, महिलाओं ने उपस्थित होकर श्रीजी का अभिषेक व पूजन किया। तत्पश्चात श्रीजी को रथ पर विराजमान कर शोभायात्रा की शुरूआत हुई। शोभायात्रा उद्घाटन का सौभाग्य नीरज जैन परिवार को प्राप्त हुआ। श्रीजी के रथ का सारथी बनने का सौभाग्य पराग जैन को प्राप्त हुआ। शोभायात्रा मंदिर से शुरू होकर बजाजा चैराहा, रामकुण्ड चैराहा होते हुए महावीर उद्यान पहुंची जहां श्रीजी को पाण्डुक शिला पर विराजमान कर अभिषेक, शांतिधारा और पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुए। महावीर उद्यान से शोभायात्रा पुनः रामकुण्ड चैराहा, कोतवाली मार्ग, बस स्टॉप होते हुए जैन मंदिर पर समाप्त हुई। जुलूस के दौरान जैन अनुयायियों ने जगह-जगह श्रीजी की आरती उतारी और आशीर्वाद प्राप्त कर मानव कल्याण की कामना की। शोभायात्रा में महिलाएँ डांडिया नृत्य करते हुए खुशी जाहिर कर रही थी। भांगड़े की धुन पर युवा भी थिरकते नजर आये। वापस मंदिर पहुंचने पर सभी जैन धर्मावलम्बियों ने भगवान महावीर के जोरदार जयकारे लगाए। अतिथियों का स्वागत जैन समाज अध्यक्ष अनुज जैन ने माल्यार्पण, पगड़ी व बैज अलंकरण कर किया। इस दौरान आशिष जैन, प्रदीप जैन, अशोक जैन, भाजपा नेता अम्ब्रीश गुप्त, समाजसेवी अतुल वर्मा, विकास जैन, योगेश जैन, अरुण जैन, संदीप जैन आदि के साथ साथ जैन महिला मंडल की महिलाएं शामिल रहीं।

शोभायात्रा में डांडिया नृत्य करतीं महिलाएं। अमृत विचार

धूमधाम से हुई महावीर की पूजा-अर्चना

जन्म कल्याणक महोत्सव के दौरान मौजूद जैन समाज की महिलाएं। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार। अहिंसा के अवतार जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। सकल जैन समाज ने रविवार को शहर में शोभायात्रा निकाली।

सुबह प्रेम नगर स्थित पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अभिषेक के उपरांत भगवान महावीर की पूजा हुई। तत्पश्चात महावीर उद्यान स्थित मानस्तंभ में पूजा अभिषेक किया गया। महिलाओं ने डांडिया नृत्य किया तत्पश्चात बस स्टैंड निकट प्रसाद वितरण किया गया। अपराहन 3 बजे से पार्श्वनाथ जैन मंदिर से जुलूस शुरू हुआ, जो लालबाग, घंटाघर ग्रीक गंज ,लोहार बाग लालबाग होते हुए पुनः पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पहुंचा। इस शोभायात्रा में जैन समाज के सभी लोगो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया पूरे जुलूस में महावीर स्वामी के संदेशों के नारे लगाए गए। भक्ति नृत्य किए। सभी मुख्य जैन प्रतिष्ठानों पर भगवान महावीर की आरती की गई सभी महिला पीले परिधान में थी और पुरुषों ने सफेद ड्रेस पहनी थी। रात्रि में महावीर उद्यान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

अकामान् कामयति यः कामयानान् परित्यजेत्।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम् ॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।

संपादकीय

जलवायु वित्त पर सुस्ती

जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया में आर्थिक असमानता बढ़ती जा रही है। यानि ग्रीन हाउस गैसों के सबसे बड़े उत्सर्जक देश पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन का मुख्य स्रोत अमीर देश हैं। परंतु इसका सर्वाधिक प्रभाव गरीब देशों पर पड़ रहा है। गरीब देश लगातार जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले नुकसान की आर्थिक भरपाई की बात अमीर देशों से करते हैं, पर बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश चुप्पी साध लेते हैं। एक अध्ययन के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2050 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रत्येक वर्ष औसतन 19 प्रतिशत का नुकसान होगा। अमेरिका और यूरोप में जलवायु परिवर्तन के कारण अर्थव्यवस्था में औसतन 11 प्रतिशत का नुकसान होगा। सर्वाधिक नुकसान, 22 प्रतिशत, अफ्रीका और दक्षिण एशिया में होगा। मार्च-अप्रैल के महीनों में ही दुनिया के तमाम क्षेत्रों में भीषण गर्मी से वैज्ञानिक भी हैरान हैं। देश में दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में गर्मी का कहर जारी है और देश के कई हिस्सों में तो लू भी चल रही है। साथ ही अनेक आपदाएं या उनके प्रभाव वैज्ञानिकों को भी हैरान करती हैं। जाहिर है वैज्ञानिकों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर नए सिरे से अध्ययन करने की जरूरत है। क्योंकि अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए देशों को अपना रवैय्या बदलना होगा वरना शताब्दी के अंत तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में होने वाला नुकसान 60 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। अध्ययन में बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर तापमान वृद्धि को रोकने के लिए जितने खर्च की जरूरत है, इससे होने वाला नुकसान लगभग 6 गुना अधिक है, यानि तापमान वृद्धि को नियंत्रित करना इससे होने वाले नुकसान की तुलना में बहुत सस्ता है। आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 2020 से 3,300 अरब डॉलर खो दिए हैं। उन्होंने कहा कि सबसे गरीब देश अपने बजट का 14 प्रतिशत से अधिक ऋण भुगतान पर खर्च करते हैं।

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने उम्मीद जताई कि दानदाता अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) के माध्यम से सबसे गरीब देशों के लिए अतिरिक्त 100 अरब डॉलर की सहायता का इंतजाम कर सकते हैं। शनिवार को विश्व बैंक और आईएमएफ की समाप्त हुई वसंत बैठकों के दौरान जी7 और जी20 के वित्त मंत्रियों के बीच जलवायु और विकास उद्देश्यों के लिए विकासशील देशों को वित्त मुहैया कराने पर चर्चा हुई। चिंताजनक है कि बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं। विडंबना है कि तापमान वृद्धि को रोकने की गंभीर पहल किसी भी देश में नजर नहीं आ रही है।

दक्षिण फतेह करने में भाजपा को योगी-सावंत पर भरोसा

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नरेंद्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी।

पिछली 19 अप्रैल को तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो गया। तमिलनाडु में हिंदू आबादी 87 फीसद से अधिक है। इधर भाजपा को इस बार बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा है। भाजपा कोयंबटूर और कन्याकुमारी को छोड़कर राज्य में कहीं कोई बड़ी पकड़ नहीं बना सकी है। जानने वाले जानते हैं कि तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुईं इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है। और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद द्रविड़ पार्टी के प्रभुत्व वाले दक्षिणी राज्य में भाजपा की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं।

नरेंद्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी। भाजपा को इस बार तमिलनाडु में मछुआरों, महिलाओं तथा समाज के अन्य वर्गों से वोट मिले हैं। भाजपा मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति के मुद्दों को लेकर गई। अन्नामलाई ने पूरे राज्य की पदयात्रा करके भाजपा के लिए माहौल बनाया। सात महीने की लंबी यात्रा का समापन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कोयंबटूर से खुद अन्नामलाई चुनावी मैदान में थे। अमित शाह का दावा है कि 4 जून को देश तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं। इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्रप्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल(20) और पुदुचेरी (1) शामिल हैं।

भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज-तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। यह दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में कैंपन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में देते हैं। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिल भारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहे हैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यान से सुनती हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवा की स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते है कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं।

इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोट बैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी-जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल-संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है।

अगर बात कर्नाटक की करें तो यहां पर भाजपा बड़ी मौजूदगी है। भाजपा ने पहली बार 2008 में कर्नाटक में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। भाजपा तटीय कर्नाटक क्षेत्र में मजबूत है। कर्नाटक में भाजपा के मजबूत होने का एक और कारण जाति है। कर्नाटक में लिंगायत और ब्राह्मण हमेशा भाजपा का समर्थन करते हैं जबकि वोक्कालिगा, दलित और अल्पसंख्यक या तो कांग्रेस या जनता दल (सेक्युलर) को वोट देते हैं। कर्नाटक वास्तव में भाजपा के लिए एक गढ़ है। यह भारत के दक्षिण में एक ऐसा राज्य है जहां भाजपा अपनी राजनीतिक पैठ बनाने में अकेले सक्षम है।

केरल में 54 फीसद आबादी हिंदू है। यह दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य है जहां किसी भी एक दल को अकेले राज्य विधानसभा में पूर्ण बहुमत नहीं मिलता। केरल का चुनाव गठबंधन से ही जीता जाता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट है तो कम्युनिस्ट पार्टियों के नेतृत्व वाला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट। भाजपा केरल में अपनी जगह बनाने में लगी है। भाजपा के खिलाफ केरल में यह प्रचार किया गया है कि यह हिंदी पार्टी है। स्थानीय स्तर पर भाजपा कैडर धार्मिक उन्मादियों से लड़ रहे हैं।

केरल में ईसाई समुदाय तेजी से भाजपा की ओर आ रहा हैं। केरल का ईसाई समुदाय कैथोलिक और गैर कैथोलिक के बीच विभाजित है। कैथोलिक वेटिकन के साथ पूरी तरह नहीं जुड़े हैं। केरल में मोटे तौर पर 8 प्रमुख ईसाई समुदाय हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि प्रत्येक ईसाई समुदाय के बीच दूसरे के साथ प्रतिद्वंद्विता है। ऑर्थोडॉक्स और जैकोबाइट के बीच लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच चुकी है। वहां कोई भी एक पार्टी पूरे ईसाइयों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती और अधिकांश ईसाई ऐतिहासिक रूप से कम्युनिस्ट विरोधी हैं।

कैथोलिकों के भीतर कुछ समुदायों ने धीरे-धीरे भाजपा को एक संभावित विकल्प के रूप में तलाशना शुरू कर दिया है। ईसाई समुदाय परंपरागत रूप से राजनीतिक शक्ति समीकरणों में एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। वे लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहना बर्दाश्त नहीं कर सकते, इसलिए उनसे तालमेल बिठा रहे हैं जिनके पास शक्ति है। पादरी वर्ग के कई सदस्य माकपा से मिले अपमानों को दृढ़ता से याद करते हैं और अपना भविष्य भाजपा के साथ देखते हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की सक्रियता देखने लायक है, वह लगातार इन पादरियों के साथ बने हुए हैं। उनकी विशेष भूमिका केरल में भाजपा के लिए वरदान साबित हो सकती है।

इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोटबैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोटबैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी-जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल-संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है। केरल में मुस्लिम 28 फीसदी और ईसाई लगभग 18 फीसदी हैं। जाहिर है केरल की राजनीति की दशा और दिशा निर्धारित करने में इनकी अहम भूमिका है। ईसाई वोट बैंक मुख्यरूप से कांग्रेस के पास है और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन में मुस्लिम वोट बैंक भी काफी हद तक जुड़ जाता है। बहरहाल तमाम विपरीत परिस्थितियों के भाजपा दक्षिण भारत के राज्यों में 2024 के लोकसभा चुनावों में बड़ी सफलता हासिल करने का ख्वाब देख रही है। अगर उसका ख्वाब सच हुआ तो उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को भी क्रेडिट देना होगा।

व्यंग्य

गुरूर से भरा व्यस्त आदमी

दुनिया में बस एक काम ऐसा है जो करने वालों के सौ फीसदी खुश रहने की गारंटी दे सकता है। वो है गोलगप्पे बेचने का काम। शशि थरूर से कम किस्मत का धनी नहीं होता ये बंदा। ये नाम के साथ साथ झोले भर-भर कर नोट भी कमाता है और पेट भर खुश भी रहता है।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

वर्क सेटिस्फैक्शन जैसी चीज देखी सुनी है आपने? शेखचिल्ली जैसी ऐसी मनोकामना जिसे हासिल करना चील के मूत्र की तरह दुर्लभ है। इसका मतलब ये कि आप को अपना पेट पालने के लिए अपना मनपसंद काम करने को मिले। ऐसा काम जिसे करने में आपको मजा भी आए और आप नोट भी छापें। मजे की बात हमारे देश में और पूरी दुनिया में, सौ में से नब्बे इस बात को लेकर ज़िंदगी भर दुखी रहते है। पैसे भले कमा लें पर कसक रहती है उनके मन में। यार मजा नहीं आ रहा लाईफ में। इसके बजाए वो काम कर पाता तो मैं ज्यादा खुश रहता।

अब सत्रह सौ साठ जरिए पेट पालने के। करोड़ों अरबों लोग। हर आदमी को उसका मनपसंद काम करने का मौका हासिल हो ये मुमकिन नहीं। आप बड़े होकर कैसे घर चलाएंगे अपना, क्या जरिया होगा उसका ये आपकी क़ाबिलियत से ज्यादा आपकी किस्मत और संयोगों पर निर्भर करता है। पर कुछ तकदीर वाले होते है ऐसे जो बतौर जॉब, मनपसंद काम कर पाते है, खुश रहते है और बाकी सभी उनसे जलते है।

दुनिया में बस एक काम ऐसा है जो करने वालों के सौ फीसदी खुश रहने की गारंटी दे सकता है। वो है गोलगप्पे बेचने का काम। शशि थरूर से कम किस्मत का धनी नहीं होता ये बंदा। ये नाम के साथ साथ झोले भर भर कर नोट भी कमाता है और पेट भर खुश भी रहता है। जहां वो होता है वहां रौनक होती है और जहां वो पहुंच जाता है, जो उसका ठिया होता है वहां रौनक होती है। वो खुद खुश रहता है और खुशियां बांटने का काम करता है। सच्चे अर्थों में यदि कोई आनंद मंत्रालय है तो वो पानीपुरी बेचने वाला ही है।

पानीपुरी बेचने वाला कभी खुद कभी अपनी पानीपुरी नहीं खाता। वो बस दूसरों को खिलाता है। और दूसरों की तृप्ति देख संतुष्ट बना रहता है। ऐसे परोपकारी लोग मिलते कहां है आजकल। दूसरों की खुशियों के लिए जीता जीसस है वो। मेरा मानना है भगवान पानीपुरी बेचने वालों को स्वर्ग में अलग से कोठियां अलॉट करते होगें। लोक और परलोक दोनों ही सुधारना हो तो पानीपुरी बेचने से अच्छा धंधा और कोई दूसरा नहीं है।

कभी गौर से देखिए उसे। बेहद खुश और गुरूर से भरा, व्यस्त आदमी। इंतज़ार करती भीड़, आकर्षक औरतों और खूबसूरत लड़कियों से घिरा, सबके आकर्षण का केंद्र, वीआईपी बंदा। सभी उससे हाथ फैलाए याचना कर रही होती है और वो मुस्कराते हुए, बारी-बारी से सभी को कृतार्थ कर रहा होता है।

उसकी क़ाबिलियत और किस्मत देख कर कौन न जले। कौन हैरान न हो। तटस्थ भाव से पूरे धीरज से काम करता आदमी। चहकती लड़कियां चाहती हैं कि वो उसकी तरफ ध्यान दे। वो बातें करता रहता है सबसे और खिलाए गए गोलगप्पों की गिनती भी याद रखता है। खूबसूरती उसे उसके टॉरगेट से भटकाने मे कभी सफल नहीं होती, इस मायने में वो विश्वामित्र को भी मात करता है।

पानीपुरी बेचने वाला वह इकलौता आदमी जिससे लड़कियां मिलने आती है, वो मिलेगा यह सोचकर भी खुश हो जाती है। जिसका औरतें इंतज़ार करती है, जिससे मिलने के लिए घड़ी देखती हैं और प्लान करती हैं। पता नहीं आप लोगों में से किस किस ने बचपन में यह सोचा था कि मैं बड़ा होकर पानीपुरी बेचने वाला बनूंगा। जो बने वो किस्मत वाले। सच्ची बात तो यह कि मुझे उन सभी पानीपुरी बेचने वालों से, जिन्होंने सोचा और बने या जो बिना सोचे बने, उन सभी से रश्क है।

महावीर का चिंतन सूक्ष्मग्राही और गंभीर

सुशोभित

जैसे 'गीता' में श्रीकृष्ण और 'धम्मपद' में बुद्ध की वाणी है, उसी तरह से 'समण सुत्त' में भगवान महावीर की वाणी संकलित है।

महावीर जयंती

भारत में जो ब्राह्मण-श्रमण द्वैत रहा है, उसकी प्रखर अभिव्यक्ति आज बुद्ध के माध्यम से बहुजन समाज द्वारा बहुत की जाती है, किन्तु महावीर को भुला दिया जाता है। जबकि जैन धर्म मौलिक श्रमण-धर्म है और अनीश्वरवादी है। आज सनातन के नाम पर भारत में ब्राह्मण-धर्म की विजय-पताका फहरा रही है और धीरे-धीरे फिर से वैसी परिस्थितियां निर्मित होने लगी हैं, जैसी कि बुद्ध और महावीर के कालखंड में थीं। आडंबर, कर्मकांड, मूर्तिपूजा और जीवहत्या का बोलबाला फिर से हो रहा है। धर्म में अशुद्धि चली आई है। ब्राह्मण-धर्म का परिष्कार श्रमण-धर्म से उसके सम्यक् सामंजस्य बिना संभव नहीं है और मेरे निजी मत में वेदांत वह भावभूमि है, जहां पर आकर ब्राह्मण-धर्म की औपनिषदिक-धारा श्रमण-धर्म के आत्म-प्रकाश से जा मिलती है।

जैसे 'गीता' में श्रीकृष्ण और 'धम्मपद' में बुद्ध की वाणी है, उसी तरह से 'समण सुत्त' में भगवान महावीर की वाणी संकलित है। जैनियों में दिगंबर सम्प्रदाय ने महावीर-वाणी का संकलन नहीं किया है, श्वेताम्बरों ने किया है। दिगंबर प्रायः उन वचनों को प्रामाणिक नहीं मानते। जैन आगमों में जो महावीर-वाणी है, उसे श्रुति-परंपरा से कालान्तर में लिपिबद्ध किया गया था। जैसे बौद्धों में संगीतियां हुई थीं, वैसे ही जैनों में वाचनाएं हुई थीं, जिनमें आगमों का संकलन हुआ था। दिगंबरों ने 'षटखण्डागम' को मान्यता दी है, जो कि आगमों पर आचार्य धरसेन के उपदेशों पर आधारित है। किन्तु 'समण सुत्त' का संयोजन अत्यंत अर्वाचीन है। इन्हें वर्ष 1974 में विनोबा की प्रेरणा से क्षुल्लकश्री जैनेंद्र वर्णी ने संकलित किया था। इसमें जैनागमों के सारतत्व को यों संयोजित किया गया है कि यह जैन-गीता तक कहलाया है। इसे समस्त जैन पंथों के द्वारा मान्यता दी गई। आचार्य उमास्वामी के 'तत्वार्थसूत्र' के बाद कोई दो हजार साल में पहली बार ऐसा हुआ था।

'समण सुत्त': यह अर्द्धमागधी भाषा का शब्द है, जो संस्कृत में 'श्रमण सूत्र' कहलावेगा। यहां श्रमण शब्द ध्यातव्य है। ब्राह्मण-धर्म का आधार वैदिक परंपरा है। श्रमण-धर्म का मूल जैन धर्म में है। बौद्ध और आजीवक भी श्रमण हैं। जैनियों ने बौद्धों से पहले अपना श्रमण-आंदोलन आरंभ कर दिया था। जैनियों के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ तो कृष्ण के चचेरे भाई बतलाए हैं। नेमिनाथ और पार्श्वनाथ (23वें तीर्थंकर): दोनों में ही जीवदया अत्यंत प्रबल थी, जो महावीर की अहिंसा में शिखर पर पहुंची। ब्राह्मण संस्कृति से जैनियों का वैसा तीक्ष्ण मनोवैज्ञानिक संघर्ष नहीं रहा है, जैसा बौद्धों से रहा। इसके अनेक कारण हैं। एक दार्शनिक कारण तो बौद्धों का अनित्य-अनात्म है, जो कि सनातन के मूलाधार पर ही प्रहार करता था। इसका राजनैतिक कारण बौद्धों को मिला राज्याश्रय था, जिसने उन्हें इतिहास के एक कालखंड में भारत में केंद्रीय महत्व का बना दिया था। अशोक से आंबेडकर तक बौद्धों को राजनैतिक प्रश्रय मिलता ही रहा है। शंकर की धर्मध्वजा ने भारत में सनातन की पुनः प्रतिष्ठा की थी। किंतु श्रमणों के बिना भारत कभी पूर्ण नहीं हो सकता है।

डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल ने बहुत सुंदर बात कही है कि श्रमणों के कारण ब्राह्मण-धर्म में वानप्रस्थ और संन्यास को महत्व मिला। अहिंसा और जीवदया के मूल्य भी श्रमणों से ही मिले। वैदिक ऋषि और श्रमण मुनि कालान्तर में ऋषि-मुनि का युग्म बनकर एकाकार हो गए थे। वैदिक संस्कृति में चले आए दोषों का संशोधन श्रमणों ने किया था। इन अर्थों में श्रमण सुधारवादी, प्रगतिशील और संशोधनकारी हैं।

रजनीश ने कहा है कि जहां वैदिक धर्म अनेकता की ओर प्रसारित होता है-एकोऽहं बहुस्याम्!- वहीं श्रमण धर्म एकत्व की ओर लौटता है, बाहर से भीतर प्रतिक्रमण करता है। यह आरोह और अवरोह की तरह है। आधुनिक काल में गांधी और विनोबा श्रमण-संस्कृति से प्रभावित रहे।

भारतीय चेतना की अंतर्वस्तु में श्रमण परंपरा भी उतनी ही अनुस्यूत है, जितनी कि ब्राह्मण परंपरा। इसका संवैधानिक आलंबन यह है कि हिंदू कोड बिल के दिशानिर्देशों में सनातनियों और आर्यसमाजियों के साथ ही बौद्धों और जैनियों को भी सम्मिलित किया गया था। महावीर का चिंतन अत्यंत सूक्ष्मग्राही और गंभीर है। जैन परंपरा के पारिभाषिक शब्दों का अपना ही एक लोक है। समय, धारणा, विचार, अणु, जीव, द्रव्य, चित्त जैसे अनेक शब्दों का हम जो अर्थ निकालते हैं, जैनियों में उनके नितान्त ही भिन्न अर्थ हैं। समय को आत्मा का पर्याय बतलाकर भगवान महावीर ने एक विचार-क्रांति कर दी थी। इस विलक्षण तीर्थंकर की भारतीय चेतना में सम्यक प्रतिष्ठा हो और भोगवाद से क्लान्त भारत और विश्व में श्रमण धर्म का पुनर्भव हो ।

सोशल फोरम

सवेरा दस्तक देगा

कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

लोकतंत्र में किसी नागरिक को न तो डरना चाहिए और न ही निराश होना चाहिए। लोकतंत्र में कोई अजेय नहीं होता। यह नहीं भूलना चाहिए कि कभी-कभी प्रतिपक्ष इतिहास में सत्ता से बड़ा हो जाता है। लोहिया जी या जयप्रकाश जी कहीं सत्ता में रहते हुए प्रतिपक्ष थे क्या? दिक्कत तब खड़ी नहीं होती, जब हर विरोधी खुद को इतिहास निर्माता कहता है, तब होती है जब बिना परखे बुद्धिजीवी और जनता उस पर यकीन करने लगती है। किस महान ने कहा कि हम महान् हैं और हम इतिहास बदलने के लिए पैदा हुए हैं? बताइये तो! अगर तोल्स्तोय, लेनिन, अंबेडकर, भगतसिंह, रवीन्द्रनाथ टैगोर या प्रेमचंद के साथ फोटो टांग कर उनकी तरह हो जाना होता तो नोबेल पुरस्कार हर साल कम पड़ जाते।

गांधी पर देश को यकीन करने में वक्त लगा था। उनको थेथरई वाले तर्कशास्त्रियों की जरूरत न पड़ी थी। संभव है कोई अंदर से छद्म और उच्चका भी तो हो सकता है। बाहर का जासूस हो सकता है। विदेशी पैसे पर पलने वाला पिल्लू हो सकता है। इसलिए ठहरिये, रुकिये, विचार कीजिए। खूब मनन कीजिए। परखिये कि इसके कथन और आचरण में भेद तो नहीं है। विचार और व्यवहार में मेल है या नहीं। नहीं है तो उसे न ढंकिये, न उसका बचाव कीजिए और उससे सटिये तो हरगिज नहीं। अपने भीतर कर सकें तो आलोचनात्मक विवेक पैदा कीजिए और खुलकर कहने का साहस दिखाइये। खुद वही मत बन जाइये। नहीं तो आगे आप जनता को और गहरी हताशा और निराशा में धकेलने जा रहे हैं। यह मत भूलिए कि जाने-अनजाने विरोध में समर्थन और समर्थन में विरोध का भाव छुपा रहता है। मेरे सोचने का तरीका अलग है। इस विशाल देश की विशाल आबादी में कहीं तो सुगबुगाहट होगी? कुछ तो सुलग रहा होगा। 1857 में जो हुआ, वह अचानक न था। 90 साल तक लड़ना पड़ा था। इतिहास समय-समय पर खुद को दुरुस्त करता है। विचार और जज्बा बना रहे बस। इसीलिए खुद को बराबर टटोलते रहिये। वैचारिक विकलांग होकर इतिहास बदलने की हड़बड़ी मत कीजिए। इतिहास में रात कभी-कभी बहुत लंबी हो जाती है लेकिन सवेरा दरवाजे पर जरूर दस्तक देगा। इतना तो तय है।

-फेसबुक वॉल से

सगुन असगुन

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इन ग्रामीण शब्दों को तत्सम रूप में शगुन, अशगुन कहते हैं। आधुनिकतावादी, वैज्ञानिकता की लाठी भांजने वाले भले ही इन्हें अंधविश्वास कहें, किंतु यह होते तो हैं ही। विज्ञ एवं विद्वान पूर्वजों ने अपने सर्वेक्षणों और अनुभवों के आधार पर ही इन्हें मान्यता दी है। अंग्रेजी में भी 'आस्पिशस' और 'ओमिनस' शब्द तो हैं ही, यानी वे भी यह सब मानते हैं। हमारे धर्म ग्रंथों में जगह जगह इन्हें मान्यता दी गई है और विवेचना है। राजा दशरथ जब बारात लिए श्रीराम के विवाह हेतु मिथिला जा रहे हैं, तो उन्हें नाना प्रकार के शकुन होते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' में कहा है कि बारात के सामने दही, मछली और पुस्तकें लिए दो ब्राह्मण दिखाई पड़े। "सम्मुख आयउ दधि अरु मीना। कर पुस्तक दुइ विप्र प्रवीना"।। अपने दोहावली ग्रंथ में तुलसी बाबा कहते हैं: "नकुल सुदरशन दरसनी, क्षेमकरी चक चाष। दस दिसि देखत सगुन सुभ, पूजहिं मन अभिलाष"।। यानी यदि नेवला, दर्पण, मछली, सफेद चील्ह, चकवा, नीलकण्ठ यदि किसी दिशा में दिख जाएं,तो जिस कार्य से जा रहे हैं, पूरा होगा। श्रीमद्भागवत में जब अक्रूर मथुरा से ब्रज श्रीकृष्ण को लिवाने जा रहे हैं, तो उन्हें तमाम शकुन हुए। गरुड़ पुराण,अध्याय'-46 में शकुन अपशकुनों का वर्णन आया है। आचार्य वराह मिहिर ने "वृहत्संहिता",अध्याय-85 में शकुन अशकुन संदर्भित किए हैं और इन्हें पूर्व जन्म के शुभाशुभ कर्मों से जोड़ा है, यानी ज्योतिष शास्त्र भी यह सब मानता है। चलते समय छींक हो जाय तो अशुभ, किंतु यदि लगातार दो छींकें हों तो शुभ। लोकोक्ति है, "एक नाक दुइ छींक। जहां जाय तहँ नीक"।। बिल्ली और सांप रास्ता काटे, श्रृगाल रोता दिखे, तो अशकुन। राधेश्याम जी अपनी रामायण में ऐसे अशुभ प्रयाण के बारे में कहते हैं, "आगे चल देखे बहुत रोते हुए श्रृगाल। और बढ़े तो रास्ता रोक रहे थे व्याल"।। रास्ते में छूंछे घड़े मिलना, कुत्ते का कान फटफटाना अशुभ है। जनक के धनुष यज्ञ में तमाम राजा आए थे, जो असफल रहे थे। दरबारी एक राजा से पूछता है कि 'महाराज! आप शकुन विचार कर चले होंगे'? तो वह कहता है हां, "छूंछे घट मग में मिले श्वान हिलायेसि कान। ऐसो सगुन विचारि कै तब हम कीन पयान", और फिर उसकी खिल्ली उड़ाई जाती है। स्त्री के बाम अंग फड़कना शकुन, दाहिने अंग फड़कना अशकुन। जब सीता जी ने गौरी पूजन किया और उन्हें पार्वती माता का आशिष मिल गया, तो उनके बायें अंग फड़कने लगे। "मंगल मंजूल मूल बाम अंग फरकन लगे"। ठीक इसके विपरी मेघनाद वध के सभय उसकी पत्नी सुलोचना की दाहिनी भुजा फड़कने लगी थी। "प्रेम सुभाय धुकधुकी धरकी। सूचक अशुभ दहिन भुज फरकी"।। लोमड़ी, गाय-बछड़ा, श्यामा चिड़िया,वैश्या का सामने आ जाना शकुन है। बायीं गदेली में खुजली होना अच्छा होता है। पैसा आने की संभावना बनती है। दाहिनी गदेली की खुजली व्यय की सूचिका होती है। पुच्छल तारा निकलना अशुभ है। वृद्ध बुद्धिहीनता की बातें करें और बच्चे बड़ों की तरह,तो ये बुरी घटना होने के लक्षण हैं। "जूलियस सीज़र" नाटक में शेक्सपियर ने इसका उल्लेख किया है और पश्चात् सीज़र मारा गया और रोम में युद्ध हुआ। स्वप्न में सूखे पेड़, जलाशय, कर्कश पक्षी दिखना, जागृत में ध्रुव तारा न दिखाई पड़ना, दीपक बुझने पर उड़ने वाली गंध न महसूस होना मृत्यु की निकटता के सूचक हैं, ऐसा आयुर्वेद ग्रंथ कहते हैं। महोत्सव या पर्व उपस्थित होने पर किसी स्वजन की मृत्यु असगुन है, कहते हैं 'खोट' हो गई। शिशु जन्म या गाय द्वारा बछड़ा जनना सगुन मान्य है। इनका विस्तार अपार है। इस पर काम होना चाहिए और वैज्ञानिकता से सह-संबंध स्थापित किया जाना चाहिए। ये हमारी संस्कृति के अंगभूत हैं।

पृथ्वी बनाम प्लास्टिक

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल को मनाया जाता है, जो जल जंगल और जमीन के सरक्षण के साथ साथ प्लास्टिक के कचरे को कम कर पृथ्वी को बचाने का भी संदेश देता है, इस बार के पृथ्वी दिवस की थीम भी पृथ्वी बनाम प्लास्टिक है, यह जानकर हैरानी होती है कि प्लास्टिक की औसत प्रति व्यक्ति खपत 20 किलो है आज चलन में प्लास्टिक की खपत बढ़ती ही जा रही है फूड पैकेजिंग, वाटर बाटेल, दैनिक उपयोग की अन्य तमाम वस्तुओं में प्लास्टिक का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। इस प्लास्टिक को नष्ट करना असंभव सा होता है, इससे पर्यावरण तो दूषित हो ही रहा है कचरे के रूप में फेके जा रहे प्लास्टिक से पशु और समुद्री जीवों के पेट में यह पहुंच कर बेहद नुकसान पहुंचा रहा है लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है तमाम तरह के प्रतिबंध के बाद भी प्लास्टिक और पन्नियों का प्रयोग प्रचलन में है। बिगड़ते पर्यावरण पर आज नामचीन नेता मौन हैं, क्या पर्यावरण संरक्षण की सारी जिम्मेदारी मात्र आम जनता की है। हमारी सत्ताएं आखिर कब अपनी चुप्पी तोड़ेगी, धन्य है हमारी सुप्रीम कोर्ट जिसने काटे जा गए वृक्षों के लिए माननीयों को दंडित कर समाज को सचेत किया है।

बढ़ती मानवीय आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए जो वन काटे जा रहे हैं उससे समान्तर जिंदगी जीने वाले पशु पक्षियों पर बुरा असर हो रहा है। आखिर इनके रहने का ठिकाना कहां बनेगा, क्या किसी ने सोचा है। यही सही समय है पर्यावरण प्रेमी जल जंगल जमीन को बचाने के लिए आगे आएं और वोट मांगने वाले राजनेताओं से इस विषय में भी प्रश्न करें। अन्यथा देश के तमाम बड़े शहरों को बंगलौर बनने में देर नहीं लगेगी।

परीक्षाओं में छात्राओं का कायम रहा दबदबा

पीएन सहगल व सुमित्रा गर्ल्स इंटर कॉलेज सहित कई अन्य कॉलेजों का शत-प्रतिशत रहा परिणाम

सीतापुर, अमृत विचार। शहर के पीएन सहगल इण्टर कॉलेज में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा का नतीजा शत-प्रतिशत रहा। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 10वीं व 12वीं परीक्षाओं में छात्राओं ने अपना परचम लहराया। विद्यालय प्रबंधक प्रेमलता सहगल, कुश नारायण सहगल मोनू, सुयश ने परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी।

हाईस्कूल में माही बसवार ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जबकि इण्टरमीडिएट परीक्षा में कालेज के निखिल सिंह एवं समीक्षा सिंह ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कालेज के समस्त शिक्षकों के साथ हाईस्कूल, इण्टर में उत्तीर्ण हुए छात्रा-छात्राओं को बधाई दी। वहीं शहर के सुमित्रा पब्लिक इंण्टर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कालेज के मेधावी छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य केबी श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र शिव मिश्रा ने 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कक्षा 12 के छात्र शाश्वत गुप्ता ने 94.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है और अधिकांश छात्र-छात्राएं सम्मान सहित उत्तीर्ण हुए। कॉलेज के प्रबंधक दीपक झींझरन ने उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में उज्जवल भविष्य की कामना की।

नतीजों के बाद हवा में उछलकर खुशी का इजहार करतीं छात्राएं। अमृत विचार

शत-प्रतिशत रहा सुमित्रा गर्ल्स इंटर कॉलेज का परिणाम

सुमित्रा गर्ल्स इंटर कालेज की छात्राओं ने भी हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के परिणामों में शत-प्रतिशत उत्तीर्ण होकर अपने कालेज का मान बढ़ाया। जिसमें हाईस्कूल में शुभिष्का मिश्रा 92.5, श्रुति मिश्रा 92.3, शिवांशी यादव एवं मानवी वर्मा 91.5 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं इण्टरमीडिएट के परिणामों में छात्रा कंचन मिश्रा 92.6, शुभ्रांशी बाजपेई 90.4, पलक त्रिपाठी 90प्रतिशत अंक लाकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुमित्रा गर्ल्स इण्टर कॉलेज का रिजल्ट शत-प्रतिशत गया। वहीं शहर के मुंशीगंज स्थित श्यामनाथ मंदिर के समीप विशम्भर नारायण इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल इण्टर परीक्षा के परिणाम में शत-प्रतिशत परिणाम लाकर कॉलेज का मान बढ़ाया। इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक जीवेश रत्न तिवारी ने उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इण्टरमीडिएट में कॉलेज के अवनीश सिंह 92.4, श्रद्धा शुक्ला 92.4, मोनू 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय गौरव बढ़ाया। हाईस्कूल में कृष प्रजापति, सौरभ अंश वर्मा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हाईस्कूल परीक्षा में सर्वाधित अंक प्राप्त करने वाले छात्र कृष प्रजापति जो निर्धन परिवार से हैं। छात्र के माता-पिता दोनों का देहांत हो चुका है। इस स्थित को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय के प्रधानाचार्य पुतान तिवारी एवं अध्यापकों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा छात्र को सम्मानित किया गया।

विक्ट्री का पोल बनाकर सेल्फी लेती छात्राएं। अमृत विचार

रिक्शा चालक के बेटे ने किया टॉप

सेवता/सीतापुर, अमृत विचार। शनिवार को घोषित हुए यूपी हाई स्कूल और इंटर मीडिएट परीक्षा परिणाम में गांजर क्षेत्र के बच्चों ने भी अपना दबदबा कायम कर दिया। डॉ. राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज तंबौर में अध्ययनरत इंटरमीडिएट के छात्र मोहम्मद रिजवान पुत्र हफीज निवासी खरौहां ने 91.02 अंक अर्जित कर विद्यालय में टॉप स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित अपने माता पिता का मान बढ़ाया है। विद्यालय में टॉप स्थान प्राप्त करने के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन कुमार त्रिपाठी व शिक्षकों ने मेधावी छात्र को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। मेधावी छात्र के पिता हफीज रिक्शा चालक है। जो रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करते है। छात्र ने बताया की आगे डॉक्टर बनकर लोंगो की सेवा करने का मेरा सपना है। इस परिणाम हांसिल करने का श्रेय अपने माता पिता तथा गुरुजनों को दे रहे है।

मेधावी छात्र रिजवान को सम्मानित करते प्रधानाचार्य नवीन कुमार त्रिपाठी व शिक्षक।

आनंदी देवी की अर्पिता ने हासिल किया सातवां स्थान

नैपालापुर स्थित आनंदी देवी सरस्वती इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शत-प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रौशन किया। कालेज के प्रधानाचार्य रामनिवास सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं कालेज की छात्र अर्पिता ने इण्टरमीडीएट बोर्ड परीक्षा में 500/483 अंक प्राप्त कर उप्र में सातवां स्थान प्राप्त किया। कालेज के प्रबंधक एवं शिक्षिकों ने छात्रा को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इण्टर की ही छात्र अश्मिता मिश्रा 479 अंक प्राप्त कर जनपद में दसवां स्थान प्राप्त किया।

इण्टर के छात्र शौर्यवीर सिंह ने गणित विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवांन्वित किया तथा हाईस्कूल में रूपेश कुमार एवं प्रयास अवस्थी ने गणित विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।

अभी तक नहीं मिले पिछले वर्ष के टॉपर्स के संशोधित प्रमाण पत्र

सीतापुर, अमृत विचार। महमूदाबाद क्षेत्र के यूपी टॉपरों में जहां खुशी का माहौल है वहीं गत वर्ष के टापरों के त्रुटि वाले वापस भेजे गए प्रमाणपत्र अभी तक छात्रों को वापस नहीं मिल सकें है। जिससे यूपी बोर्ड मेरिट में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों में आक्रोश व्याप्त है। विद्यार्थियों ने बोर्ड सचिव से अविलंब प्रमाणपत्रों की त्रुटि संशोधित करवा कर नए प्रमाणपत्र दिलाए जाने की मांग की है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज बोर्ड द्वारा 20 अप्रैल को वर्ष 2024 का हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है। बोर्ड इनके प्रमाणपत्र वितरण की तैयारियां कर रहा है। उधर वर्ष 2023 में जारी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परिणाम के बाद प्रदेश मेरिट में स्थान लाने वाले विद्यार्थियों बोर्ड द्वारा जारी जो प्रमाणपत्र मिले उनके प्रदेश की रैंक की जगह जिले की रैंक प्रिंट होकर मिली। त्रुटिपूर्ण प्रमाणपत्र मिलने वालों में हाईस्कूल की यूपी टापर सीता इंटर कालेज की छात्रा प्रियांशी सोनी, प्रदेश में आठवीं रैंक लाने वाली इशिता श्रीवास्तव, प्रांशी गुप्ता, 10वीं रैंक लाने वाली अदिति वर्मा, श्रेया सिह, इंटरमीडिएट की प्रदेश में छठी रैंक लाने वाले अंकित यादव, सत्येंद्र पटेल, अंशिका गुप्ता, 10वीं रैंक लाने वालले मनोज सिंह समेत बड़ी संख्या में सीतापुर जनपद के विद्यार्थी शामिल हैं।

▸▸ मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों में जबरदस्त गुस्सा

शिकायत होने पर डीआईओएस ने सारे प्रमाणपत्र जमा करवा लिए और त्रुटियों को ठीक करा जल्द संशोधित प्रमाणपत्र विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया था। लापरवाही का आलम यह है कि वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी हो चुका है और उनके प्रमाण पत्र वितरण की तैयारियां चल रही हैं कि वर्ष 2023 के प्रदेश व जिले के टापर्स के संसोधन के लिए बोर्ड भेजे गए प्रमाणपत्र अभी तक विद्यार्थियों को नहीं मिल सके हैं, जिससे विद्यार्थियों में आक्रोश व्याप्त है।

छुट्टा मवेशियों को ग्राम पंचायत घर में किया बंद

▸▸ मान-मनौव्वल में जुटे अधिकारी, तैयार फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं छुट्टा मवेशी

तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार। कृषकों ने आवारा छुट्टा जानवरों को रेउसा ब्लॉक के जमौली ग्राम पंचायत घर में बंद कर दिया। सूचना पर पहुंचे ग्राम विकास अधिकारी संदीप रावत ने ग्रामीण स्थानीय कृषकों की मान मनौव्वल में जुटे हुए हैं। साथ ही कृषकों को भरोसा दिलाया कि पास-पड़ोस की गौशालाओं में जानवरों को शिफ्ट करने की व्यवस्था की जा रही है।

सेउता क्षेत्र में ग्राम पंचायत जमौली में छुट्टा गोवंश स्थानीय कृषकों के लिए एक बड़ी समस्या बने हुये हैं। एक तरफ सरकार ने पास पड़ोस में गौशालाओं का निर्माण करके गोवंश को सरंक्षित करने का कार्य किया है, उसके बाद भी पूर्ण रूप से यह छुट्टा जानवरों की समस्या से कृषकों को निजात नहीं मिल पा रही है। इन दिनों फसल पक कर तैयार हो चुकी है। ऐसे में किसान अपनी फसल की रखवाली के लिए जीजान से लगा हुआ है, लेकिन फिर भी जरा से चूक होने पर छुटटा मवेशी खेतों में घुस जाते हैं। जिस वजह से मेड़ों में तार आदि सुरक्षा के लिए लगा रखे हैं, अनेकों किसानों पर साहूकारों सहित बैंक कृषि ऋण ले रखा है। कृषकों को अनेकों चिंताएं सता रही है कि फसल के न रहने की दशा में बैंक और साहूकारी ऋण कैसे चुका पाएंगे। साथ ही परिवार का भरण पोषण कैसे हो पाएगा, इन्हीं समस्याओं को देखते हुए उपस्थित स्थानीय कृषक शिव शंकर, झब्बू, मुरारी तिवारी, पुताई तिवारी, सुजीत शुक्ला, छैल बिहारी अवस्थी, दलजीत सरदार, सियाराम, अमरेश कुमार, अरुण शुक्ला, रामकृष्ण मिश्रा, सत्येंद्र मिश्रा, रिंकू शुक्ला, पवन शुक्ला, सुरेश कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

जमौली ग्राम पंचायत घर में बंद किये छुट्टा मवेशी। अमृत विचार

नंबर कम है तो फिर कराईये अपनी कॉपी की स्क्रूटनी

अयोध्या कार्यालय

▸▸ माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा 14 मई तक मांगे गए ऑनलाइन आवेदन

अमृत विचार : हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित किए जाने के बाद उन परीक्षार्थियों से सन्निरीक्षा (स्क्रूटनी) के लिए आवेदन मांगे गए हैं, जिन्हें अंक मिलने को लेकर शिकायत हो।

अभ्यर्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाओं की स्क्रूटनी के लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन 14 मई तक स्वीकार किए जाएंगे। स्क्रूटनी के लिए अभ्यर्थियों को 500 रुपये प्रति प्रश्नपत्र की दर से लिखित एवं प्रयोगात्मक खंड के लिए अलग-अलग देना होगा। अभ्यर्थियों को शुल्क कोष पत्र के माध्यम से राजकीय कोषागार में जमा करना होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कोष पत्र में परीक्षार्थी का नाम, पूर्ण पता, अनुक्रमांक, परीक्षा का नाम तथा वर्ष स्पष्ट रूप से अंकित करना होगा। साथ ही नेट द्वारा निर्गत अंकपत्र की प्रति भी संलग्न करना अनिवार्य है।

सार-संक्षेप

बिजली के शॉर्ट-सर्किट से जली गेहूं की फसल

मिल्कीपुर में आग की चपेट में आकर जली गेहूं की फसल।

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम आदिलपुर मजरे भवनी का पुरवा निवासी मनोज कुमार तिवारी की गेहूं की फसल बिजली के शॉर्ट सर्किट से गिरी चिंगारी की वजह से जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से बिजली सप्लाई बंद करवा कर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। भुक्तभोगी किसान मनोज तिवारी ने बताया कि आदिलपुर भट्ठे के पास जाने वाली विद्युत लाइन का तार काफी दिनों से ढीला है। कई बार बिजली महकमें को इसकी शिकायत भी की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सप्लाई के दौरान शॉर्ट सर्किट हुई, जिसकी वजह से आग की चिंगारी उसके खड़ी गेहूं के फसल पर गिर गई और देखते ही देखते उसका डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सबसे पहले बिजली घर फोन कर सप्लाई कटवाई और उसके बाद ग्रामीणों के घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

आग से दो बीघा गेहूं की फसल जली

बीकापुर अयोध्या। अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के करनपुर गांव में देर शाम अज्ञात कारण से लगी आग के चलते गांव निवासी कैलाश पांडेय का एक बीघा और रघुनाथ पांडे का एक बीघा खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे फायर दस्ता के फायर कर्मियों द्वारा आग बुझाया गया। बीकापुर फायर दस्त के प्रभारी उमेश मिश्रा ने बताया कि कोठ में अज्ञात कारण से लगी आग में दुर्गा प्रसाद की बासकोठ जलकर राख हो गई। कई पेड़ भी झुलस गए। कादीपुर डडीवा निवासी हरगोविंद पांडे के खेत में विद्युत शॉर्ट सर्किट से लगी आग से दो बीघा गेहूं का डंठल जल कर राख हो गया।

खलासी के भाई ने दर्ज कराई हादसे की रिपोर्ट

अयोध्या, अमृत विचार। रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह हुए हादसे के मामले में मृत खलासी के भाई ने टेलर ट्रक के चालक के खिलाफ दुर्घटना कर मौत कारित करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जगदीशपुर से दाल लादकर अयोध्या की ओर आ रहे ट्रक यूपी 42 बीटी 6131 में हाईवे पर कैंट थाना क्षेत्र स्थित बालासराय के पास ट्रक यूपी 78 जीटी 5144 ने पीछे से टक्कर मार दी थी। दुर्घना में ट्रक के खलासी सलमान (28) पुत्र मो. शाहिद निवासी भदोखर थाना पूराकलंदर की मौत हो गई थी। अब दी गई तहरीर में खलासी के भाई मो. शाहिद का कहना है कि टेलर ट्रक का चालक बिना इंडिकेटर जलाए अपना वाहन बैक कर रहा था, जिसके चलते हादसा हुआ। कैंट थाना प्रभारी संजय मौर्य का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात कराई जा रही है।

फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत परमानन्दपुर मजरे चकमोदितपुर निवासी मंजू पांडेय (32) का शव उसके घर के भोजनालय में साड़ी के फंदे के सहारे लटका मिला है। विवाहिता का अपने पति राजेश पाण्डेय से वाद-विवाद हुआ था। थाना प्रभारी ओपी राय ने बताया कि प्राथमिक जाँच में पति से विवाद के बाद आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। पति दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है और दो दिन पूर्व घर आया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। अभी मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

सस्ते दामों पर लोगों को उपलब्ध कराएं दवा

हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार। क्षेत्र के सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर गदनापुर गांव में शुक्ला मेडिकल स्टोर का उद्घाटन त्वचा एवं नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. ओएन वर्मा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने मेडिकल स्टोर संचालक से कहा कि सस्ते दामों पर लोगों को दवा उपलब्ध कराएं, ताकि गरीब से गरीब लोग पूर्ण रूप से रोग का ईलाज करा सकें और उनकों मेडिकल स्टोर से लाभ मिले। गरीब की सेवा करना ही इंसान का धर्म है। इस मौके पर संचालक हरीश कुमार शुक्ला (फार्मसिस्ट) अनूप कुमार शुक्ला, उदयवीर सिंह, सुशील शुक्ला, सुधीर मिश्रा, गौरव यादव, लालजी प्रसाद, योगेन्द्र सिंह, राजू सिंह, रामसरन, दीपू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

चिकित्सक को उपहार देते मेडिकल स्टोर संचालक। अमृत विचार

हाईस्कूल

सौंदर्या- 87 प्रतिशत
बालाजी इंटरनेशनल स्कूल, अचलगंज उन्नाव

अपनी जीत का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया।

बाइक की चपेट में आकर मोर की मौत

अयोध्या। बीकापुर विकासखंड कार्यालय के समीप देश दीपक तेंदुआ माफी मार्ग पर राष्ट्रीय पक्षी मोर को तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में मोर की मौके पर मौत हो गई।

दूर तक नजर नहीं आ रहे गठबंधन और बसपा प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

▸▸ नुक्कड़ सभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी ने जनता से मांगा आशीर्वाद

अमृत विचार। भाजपा नेता पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक राठौर द्वारा आयोजित भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा के पक्ष में नुक्कड़ सभा में कार्यकर्ताओं ने सीतापुर प्रत्याशी राजेश वर्मा का फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। नुक्कड़ सभा के आयोजन के दौरान अशोक राठौर ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा के आगे कोई भी प्रत्याशी जमीन पर दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाना भी हम सभी लोगों का दायित्व है।

नुक्कड़ सभा के दौरान पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी संजीव गुप्ता उर्फ टिंचू ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा सीतापुर में इतिहास रचने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रिकार्ड तोड़ मतों से पांचवीं बार सांसद बनने जा रहे हैं। हमें ऐसे प्रत्याशी राजेश वर्मा को मोदी की कैबिनेट में दिल्ली भेजना है। नुक्कड़ सभा के दौरान राजेश वर्मा ने कहा कि सीतापुर में हमने विकास किया है चाहे श्यामनाथ का पुल हो या पुलिस लाइन का ओवरब्रिज या फिर हो कैंची पुल ऐसे अनेकों कार्य हमने सीतापुर के लिए किए हैं और आगे भी करते रहेंगे। सांसद ने अन्य दलों के प्रत्याशियों पर तंज करते हुए कहा कि चाहे बसपा का प्रत्याशी हो या हो गठबंधन का कहीं कोई मैदान में दिखाई नहीं पड़ रहा है और ना ही उन्हें कोई देखना पसंद कर रहा है। इसलिए क्षेत्र की पूरी जनता भाजपा प्रत्याशी को जीतकर दिल्ली भेजेगा और मोदी के गले में पड़ने वाली माला में सीतापुर का भी एक फूल होगा।

नुक्कड़ सभा के दौरान जनता के बीच आशीर्वाद लेते भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा।

आज बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों में शिरकत करेंगे डिप्टी सीएम

सीतापुर। उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज जिले में दो स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों को संबोधित करेंगे। प्रथम सम्मेलन सीतापुर सदर लोकसभा के अंतर्गत सदर विधानसभा के खैराबाद के जेपी लॉन मछरेहटा रोड में किया जाएगा। जिसका समय सुबह 11 बजे निश्चित किया गया है। तत्पश्चात मोहनलालगंज सुरक्षित लोकसभा के अंतर्गत आने वाली सिधौली विधानसभा के रामाया मैरिज हॉल में बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन किया जाएगा। जो कि 1.30 बजे आयोजित होगा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार जिले के दौरे पर देखे जा रहे हैं।

छठ उत्सव | कनक भवन समेत मठ-मंदिरों में गूंज रहे सोहर और बधाइयां

रामलला को लगेगा पंजीरी-मेवे का भोग

अयोध्या कार्यालय

▸▸ आज होगा रामनवमी का समापन

अमृत विचार : रामनवमी पर रामलला के जन्मोत्सव के बाद सोमवार को राम मंदिर और अन्य मठ मंदिरों में भगवान का छठ्योत्सव मनाया जाएगा। जहां रामलला के समक्ष बधाई गायन और पंजीरी मेवे का विशेष भोग भी लगाया जाएगा। अयोध्या के मठ-मंदिरों में जन्मोत्सव के बाद से ही बधईया गूंज रही है।

छठ्योत्सव के बाद सोमवार को रामनवमी उत्सव का समापन होगा। अयोध्या श्रीराम जन्म के बाद पूरी अयोध्या नगरी राजा दशरथ और माता कौशल्या को बधाई देने में लीन है। भगवान राम के अवतरित होने के बाद कनकभवन, श्रीरामरामबल्लभाकुंज, दशरथ महल, लक्ष्मण किला, हनुमत निवास, जानकी महल, रामलला सदनम, रंग महल, श्रीराम हर्षण कुंज, जानकी महल, हनुमत हरिराम सदन, सियाराम किला में आज रामलला का छठ्योत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके साथ ही अन्य मंदिरों में भी बधाई गान से उत्सव का उल्लास छलक रहा है। लक्ष्मण किला में शाम होते ही बधाई गान गूंजने लगता है। महंत मैथिलीरमण शरण की अध्यक्षता में प्रसिद्ध गायक एमबीदास, रामनंदन शरण, विनोद शरण आदि ने जन्म की बधईया गाई तो भक्त झूमने लगे। अधिकारी सूर्य प्रकाश शरण ने बताया कि मिथिला से आई सखियों के गायन और नृत्य से जन्मोत्सव का आकर्षण बढ़ गया है। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास की मानें तो प्रत्येक वर्ष यह मनाया जाता है। इस छठ्योत्सव के दौरान पंजीरी, मेवे, मिठाई और फल का विशेष भोग लगता है। इस बार भी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा तैयारी की जा रही है।


राममंदिर में विराजमान रामलला।

छात्र-छात्राओं को दिया जाएगा कौशल प्रशिक्षण

कुमारगंज, अयोध्या

▸▸ कृषि विवि व कृषि विद्यापीठ परभणी महाराष्ट्र के बीच एमओयू

अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय व बसंत राव नायक मराठवाडा कृषि विद्यापीठ परभणी महाराष्ट्र के बीच एक एमओयू हुआ।

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि की ओर से कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह व मराठवाडा कृषि विद्यापीठ परभणी महाराष्ट्र की ओर से कुलपति डॉ. इंद्रमणी मिश्र ने समझौते पर हस्ताक्षर किये। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए समझौता ज्ञापन में कृषि वानिकी, पशुपालन तथा मौसम विज्ञान के क्षेत्र में संयुक्त रूप से कार्य करने के लिए सहमति जताई गई। इस समझौते से छात्र-छात्राओं के साथ-साथ किसानों तक इसका लाभ पहुंचेगा। कृषि विवि शोध कार्यों में मदद के साथ शिक्षण गतिविधियों के विकास एवं मूल्यांकन तकनीक विकसित करने में इस शिक्षण संस्थान का सहयोग करेगा। इस मौके पर निदेशक शोध डॉ. एके गंगवार, उपनिदेशक शोध डॉ. शंभू प्रसाद, कुलसचिव डॉ. पीएस प्रमाणिक, कुलपति के सचिव डॉ. जसवत सिंह, कृषि अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा, वानिकी अधिष्ठाता डॉ. संजय, मत्सियकी अधिष्ठाता डॉ. सीपी सिंह, मौसम वैज्ञानिक डॉ. सीताराम मौजूद रहे।

अपनी ढपली अपना राग

ये वही कांग्रेस है जिसने काका कालेलकर की रिपोर्ट को दबा कर रखा, मंडल कमीशन का विरोध किया।
– अमित शाह

वे डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को भी खत्म कर देंगे। वोट के अधिकार को बरकरार रखना होगा।
– मल्लिकार्जुन खरगे

400 पार का मतलब देश का गरीबी से मुक्ति, भ्रष्टाचार से मुक्ति है और ऐसा कोई कर सकता है तो वह मोदी की ही कर सकते हैं।
–केशव प्रसाद मौर्या

फ्री राशन से गरीबों का भला नहीं होने वाला। आप जो टैक्स देते हैं ये राशन उससे मिलता है। भाजपा आप पर कोई अहसान नहीं कर रही है। – मायावती

प्रधानमंत्री ने ऐसे काम किए, सोचा न होगा। गरीबों के लिए ये काम केवल वही कर सकता है जिसने गरीबी देखी है।
–दलीप सिंह राणा उर्फ खली

तीसरा चरण: जयवीर व डिंपल समेत कई की प्रतिष्ठा दांव पर

चुनावी रण के लिए तस्वीर लगभग साफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। तीसरे चरण के चुनाव रण में महारथियों की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। इस चरण की दस सीटों पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी मैनपुरी सांसद डिंपल यादव, शिवपाल सिंहस यादव के पुत्र आदित्य व मंत्री जयवीर सिंह समेत दिग्गज प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। चुनाव में जीत को लेकर इनकी प्रतिष्ठा दांव पर लग गई है।

इस चरण की दस सीटों के चुनाव में 104 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें सम्भल में 13, हाथरस (अजा) में 10, आगरा (अजा) में 11, फतेहपुर सीकरी में 10, फिरोजाबाद में सात, मैनपुरी में आठ, एटा में 10, बदायूं में 12, ऑवला में नौ व बरेली में 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं।

2019 में संभल लोकसभा सीट पर सपा के प्रत्याशी डॉ शफीर्कुरहमान बर्क ने 1,74,826 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। उन्हें 6,58,006 वोट मिले थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर राव सैनी को हराया था, जिन्हें 4,83,180 वोट मिले थे। इस बार बहुजन समाज पार्टी से शौकत अली, भारतीय जनता पार्टी से परमेश्वर लाल सैनी और समाजवादी पार्टी से डॉ शफीकुर रहमान बर्क प्रमुख उम्मीदवार हैं।

- ऑवला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी से धर्मेन्द्र कश्यप व सपा से नीरज मौर्या चुनावी रण में उतरे हैं। बसपा प्रत्याशी आबिद अली का नामांकन निरस्त हो चुका है।
- हाथरस लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी से अनूप वाल्मिकी, समाजवादी पार्टी से जसवीर बाल्मीकि व बहुजन समाज पार्टी से हेमबाबू धनगर चुनाव मैदान में हैं।
- मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के लिए सपा से डिम्पल यादव दोबारा चुनाव मैदान में उतरी हैं, तो भाजपा ने मंत्री जयवीर सिंह को चुनाव मैदान में उतार दिया है। बहुजन समाज पार्टी से शिव प्रसाद चुनाव मैदान में हैं।
- फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से राजकुमार चाहर, कांग्रेस से रामनाथ सिंह सिकरवार व बसपा से रामनिवास चुनाव मैदान में हैं।
- एटा क्षेत्र के लिए भाजपा ने राजवीर सिंह को प्रत्याशी बनाया है। सपा से देवेश शाक्य व बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद इरफान एडवोकेट प्रत्याशी हैं।

जयवीर सिंह | डिंपल यादव | आदित्य यादव | राजीव सिंह

- बरेली लोकसभा क्षेत्र में भाजपा व सपा के बीच सीधे मुकाबला है। भाजपा से छत्रपाल सिंह गंगवार, सपा से प्रवीण सिंह ऐरन चुनाव मैदान में हैं, जबकि बसपा के छोटे लाल गंगवार का नामांकन निरस्त हो चुका है।
- बदायूं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा ने दुर्विजय सिंह शाक्य को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि सपा से शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य को चुनाव मैदान में उतारा है। बहुजन समाज पार्टी से मुस्लिम खां प्रत्याशी हैं।
- आगरा (अजा) क्षेत्र के लिए भाजपा ने एसपी सिंह बघेल को चुनाव मैदान में उतारा है। समाजवादी पार्टी से सुरेश चन्द्र कर्दम व बसपा से पूजा चुनाव मैदान में हैं।

2014 में भाजपा ने जीती थी सभी आरक्षित 17 सीटें

आरक्षित सीटों पर कद बढ़ाने की फिराक में बसपा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति बाहुल्य 17 आरक्षित सीटों पर बसपा अपना कद बढ़ाने के लिए दो दशक से प्रयासरत है। इस दौरान संपन्न लोकसभा चुनावों में बसपा कभी भी पांच सीटों से ज्यादा नहीं जीत सकी है। वहीं, 2009 में सपा ने 10 सीटें और 2014 में मोदी लहर के दौरान भाजपा ने सभी 17 सीटों पर अपना वर्चस्व जमाया था। हालांकि 2019 के चुनाव में बसपा ने भाजपा की झोली से दो सीटें झटकी थीं, इसबार सीटों की संख्या बढ़ाने की कोशिश में है।

एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच हो रहे लोकसभा चुनावों में बसपा, आरक्षित सीटों के भरोसे तीसरे मोर्चा बनाने की फिराक में है। हालांकि इसकी धमक बसपा द्वारा प्रत्याशी घोषित होते ही सुनाई भी देती है। बसपा के प्रत्याशी से कुछ सीटों पर एनडीए और सपा-कांग्रेस गठबंधन के तैयार समीकरणों को बिगड़ते नजर आ रहे हैं। इसी रणनीति मोर्चे की सफल बनाने के लिए मायावती ने पश्चिम उप्र. में सभाएं शुरू कर दी हैं। वहीं भाजपा की ओर से पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही मुख्यमंत्री योगी की सभाएं ताबड़तोड़ जारी हैं।

बसपा ने प्रदेश की अधिकांश आरक्षित सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं, नगीना सीट से सुरेन्द्र पाल सिंह हैं, जहां पहले चरण में मतदान संपन्न हो चुके हैं। अन्य प्रत्याशियों में बुलंदशहर सीट से गिरीश चंद्र जाटव, शाहजहांपुर में डॉ. दोदराम वर्मा, हाथरस से हेम बाबू धनगर, आगरा से पूजा अमरोही, इटावा से सारिका सिंह बघेल, जालौन में सुरेश चंद्र गौतम को उम्मीदवार घोषित किया गया है। वहीं मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान, कौशाम्बी से शुभ नारायण, राबर्ट्सगंज से धनेश्वर गौतम, लालगंज से डॉ.इंदु चौधरी, मिश्रिख से बीआर अहिरवार, मछलीशहर से कृपा शंकर सरोज, हरदोई से भीमराव आंबेडकर चुनाव मैदान में डटें हैं। बाराबंकी, बहराइच, बांसगांव में प्रत्याशी घोषित होना बाकी हैं।

किसी के साथ भेदभाव नहीं: आंबेडकर

बसपा में लखनऊ मंडल के प्रभारी व हरदोई प्रत्याशी भीमराव आंबेडकर का कहना है कि बसपा के लिए सभी जातियां समान हैं, किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। आरक्षित सीटों पर अनुसूचित व अनुसूचित जनजाति मतदाताओं की संख्या ज्यादा होती है। पार्टी का प्रयास है कि यह वर्ग कम शिक्षित होता है, इसलिए इन्हें कोई बरगला न सके, इनके वोट की खरीद फरोख्त न हो सके, इसके लिए बसपा सुप्रीमो मायावती वोट के अधिकार को लेकर जनमानस को सजग करती रहती हैं। वहीं देवीपाटन मंडल प्रभारी दिनेश चंद्रा का कहना है हर सीट के लिए अलग रणनीति रहती है, हर सीट पर पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कार्यकर्ता मतदाताओं के साथ संवाद कायम किये हुए हैं। जिन सीटों पर प्रत्याशियों की अधिकारिक घोषणा नहीं हुई हैं, वहां भी प्रचार अभियान जारी है।

सपा के गढ़ में पहली बार ईवीएम में नहीं दिखेगी साइकिल

पार्टी के नेता, कार्यकर्ता इंडी गठबंधन के प्रत्याशी का कर रहे प्रचार

इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के खाते में गई है सीट

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार: समाजवादियों का गढ़ कहे जाने वाले बाराबंकी जिले के किसी भी चुनाव में पहली बार ऐसा होने जा रहा है कि ईवीएम में साइकिल चुनाव निशान नहीं दिखेगा।

कभी जिले की छह विधानसभा सीटों को जीतने वाली समाजवादी पार्टी ने इस बार इंडिया गठबंधन के तहत बाराबंकी लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में दी है। ऐसे में यह पहली बार होगा, जब ईवीएम में सपा का चुनाव निशान साइकिल नहीं होगा। हालांकि प्रत्यक्ष रूप से सपा अपने चुनाव चिह्न के साथ मैदान में नहीं है, लेकिन पार्टी के नेता, कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के लिए वोट मांगते नजर आ रहे हैं।

बाराबंकी में वर्षों तक सपा का वर्चस्व रहा। सपा के कर्णधार व कद्दावर नेताओं में शुमार रहे रामसेवक यादव दूसरे लोकसभा चुनाव में 1957 में भले ही निर्दल के रूप में चुनाव जीते थे, लेकिन उन्होंने बाद में सपा को बुलंदियों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। 1996 और 1999 के लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र के लोगों ने रामसागर रावत को सांसद चुना। वहीं कई लोकसभा चुनाव में रनर के रूप में भी सपा के प्रत्याशी रहे। जिनका जीत-हार का अंदर ज्यादा नहीं रहा। परिणाम जो भी रहा हो, सपा हर चुनाव में कोई न कोई प्रत्याशी जरूर उतारती रही है।

भले ही इंडिया गठबंधन के तहत सपा ने प्रदेश भर में अपने 63 प्रत्याशी उतारे हों लेकिन कभी सपा का गढ़ कहे जाने वाली बाराबंकी सीट पर इस बार सपा प्रत्याशी नहीं है। गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के सामने चुनाव लड़ रहे हैं।

कभी सपा ने जीती थी सभी विधानसभा सीटें

2012 के विधानसभा चुनाव में जिले की रामनगर, जैदपुर, हैदरगढ़, कुर्सी, बाराबंकी और दरियाबाद सीट पर साइकिल ने कब्जा जमाया था। जबकि वर्तमान समय में बाराबंकी सीट पर धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव मोदी-योगी लहर में भी लगातार तीसरी बार विधायक बने। रामनगर और जैदपुर सीट पर भी अभी सपा का ही कब्जा है।

2019 में बसपा से गठबंधन में रामसागर थे रनर

पिछले लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी रामसागर रावत रनर रहे थे। इस चुनाव में बसपा से सपा का गठबंधन था। जिसमें यह सीट सपा के खाते में गई थी। उस चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी रामसागर रावत भाजपा के उपेंद्र रावत से 1,10,140 वोटों से पराजित हुए थे। जबकि कांग्रेस तीसरे स्थान पर थी। कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत तक जब्त हो गई थी।

खीरी में जनता ने कभी बाहरी को नहीं दिया महत्व

रोचक रहा है खीरी संसदीय क्षेत्र का इतिहास

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: खीरी संसदीय सीट का इतिहास काफी रोचक रहा है। यहां के मतदाताओं ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों को अलग-अलग समय पर कुल मिलाकर नौ बार मौका दिया। इस क्षेत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यहां की जनता ने कभी किसी बाहरी प्रत्याशी को महत्व नहीं दिया। केन्द्रीय मंत्रिमंडल में अब तक सिर्फ दो नेताओं को ही स्थान मिल सके।

आजादी के बाद इस क्षेत्र से चुने गए कांग्रेस सांसद बाल गोविंद वर्मा को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में स्थान मिला और वर्तमान में अजय मिश्र टेनी को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। अन्य किसी को केन्द्रीय मत्रिमंडल में स्थान नहीं मिल सका।

आजादी के बाद वर्ष 1951 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के रामेश्वर प्रसाद नेवटिया चुनाव जीतकर सांसद बने। वर्ष 1957 के चुनाव में कांग्रेस को पराजय का मुंह देखना पड़ा और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के कुं. खुशवक्त रॉय सांसद बने। इसके बाद वर्ष 1962 से लेकर 1972 तक के चुनावों में कांग्रेस ने अपना वर्चस्व कायम रखा। आपातकाल के बाद वर्ष 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की बुरी तरह हार हुई। कांग्रेस उम्मीदवार बाल गोविंद वर्मा जनता पार्टी के सुरथ बहादुर शाह से चुनाव हार गए।

वर्ष 1980 में फिर लोकसभा चुनाव हुए, जिसमें कांग्रेस के बाल गोविंद वर्मा चुनाव जीते, लेकिन चंद दिनों बाद ही उनका निधन हो गया। उनके स्थान पर कांग्रेस ने उनकी पत्नी ऊर्षा वर्मा को टिकट दिया। ऊषा वर्मा भी लगातार तीन बार सांसद बनीं। 1991 और 1996 के दो चुनावों में लगातार भाजपा उम्मीदवार गेंदनलाल कनौजिया चुनाव जीते। 1998 में बाल गोविंद वर्मा के पुत्र रवि प्रकाश वर्मा सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे और लगातार तीन बार सांसद रहे।

वर्ष 1999 का चुनाव उस समय रोचक हो गया था, जब सीतापुर से वरिष्ठ भाजपा नेता और वित्त मंत्री रहे राजेंद्र प्रसाद गुप्ता चुनाव मैदान में उतरे, लेकिन लोकल को अपनाओ और बाहरी को भगाओ के नारे के बाद वह पराजित होकर सीतापुर लौट गए थे। वर्ष 2004 में भाजपा ने फिर कद्दावर नेता विनय कटियार को चुनाव मैदान में उतारा, लेकिन उस समय भी पैराशूट से उतारे गए प्रत्याशी का मुद्दा बना और वह भी पराजित हो गए थे। वर्ष 2009 के चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस की वापसी हुई और जफरअली नकवी पहली बार चुनाव जीतकर सांसद बने। वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव में लगातार भाजपा के अजय मिश्र टेनी सांसद बने।

स्थानीय को अपनाया

खीरी के मतदाताओं ने हमेशा स्थानीय नेताओं को पसंद किया। हालांकि 1991 और 1996 के दो चुनावों में लगातार जीते भाजपा उम्मीदवार गेंदनलाल कनौजिया शाहजहांपुर के मूल निवासी थे, लेकिन वह लंबे समय तक सीएमओ रहकर जनता के टच में रहे। सेवानिवृत्ति से पहले ही जिले में मकान बिना लिया और बाद में कृषि भूमि खरीदकर खेती करने लगे। इस तरह उनके बाहरी होने का मुद्दा भी नहीं उठाया जा सका था।

नौ बार एक ही परिवार के बने तीन सांसद, इस बार मैदान से बाहर

खीरी लोकसभा चुनाव में तीसरे लोकसभा चुनाव से संसद में प्रवेश करने वाले बाल गोविंद वर्मा समेत उनके परिवार तीन सदस्य कुल मिलाकर नौ बार एक ही संसदीय क्षेत्र से सांसद रहे। बाल गोविंद वर्मा खुद तीन बार, उनकी पत्नी ऊषा वर्मा तीन बार और उनके पुत्र रवि प्रकाश वर्मा तीन बाद लोकसभा सदस्य रहे। कुल मिलाकर नौ बार सांसदी एक ही परिवार में रही, लेकिन इस बार उनका परिवार चुनाव मैदान से बाहर है। हालांकि रवि प्रकाश वर्मा की पुत्री डॉ. पूर्वी वर्मा सपा से टिकट मांग रही थी, लेकिन चुनाव से पहले वह पिता के साथ कांग्रेस में चली गईं। लेकिन गठबंधन के कारण सपा यह सीट छोड़ने को तैयार नहीं हुई। बहरहाल, अब अगर उनका परिवार चुनाव मैदान में नहीं उतरता है तो 62 साल में पहली बार चुनावी लड़ाई के बाहर रहेगा।

2019 के चुनाव का लेखा जोखा



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	अजय मिश्र टेनी	3,98,578
बसपा	अरविन्द गिरि	2,88,304
कांग्रेस	जफर अली नकवी	1,83,940
सपा	रवि प्रकाश वर्मा	1,60,112

2014 में किसको कितने वोट



2014 नोटा 12,031 | 2019 नोटा 8,750

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1951	रामेश्वर प्रसाद नेवटिया	कांग्रेस
1957	कुशवक्त राय	प्रजा सोशलिस्ट पार्टी
1962,67 व 71	बालगोविंद वर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	सुरथ बहादुर शाह	जनता पार्टी
1980	बालगोविंद वर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1980, 84 व 89	उषा वर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1991 व 96	गेंदन लाल कनौजिया	भारतीय जनता पार्टी
1998, 99 व 04	रवि प्रकाश वर्मा	समाजवादी पार्टी
2009	जफर अली नकवी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014 व 19	अजय मिश्र टेनी	भारतीय जनता पार्टी

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	जफर अली नकवी	184,982
बसपा	इल्यास आजमी	176,205
भाजपा	अजय कुमार	162,850
सपा	रवि प्रकाश वर्मा	153,491

2024

कुल मतदाता	18,62,469
पुरुष मतदाता	9,87,644
महिला मतदाता	8,74,783
थर्ड जेंडर	42



गेहूं की जगह देंगे मुफ्त आटा : राजेन्द्र चौधरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं को आश्वासन दिया है कि वह मुफ्त राशन में गेहूं की जगह आटा देंगे। यह आटा देश की सबसे अच्छी कम्पनियों के आटे के मुकाबले का होगा। इसके लिए मंडियों के पास ही अत्याधुनिक तकनीकी वाला 'आटा प्लांट' लगाएंगे जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मिलेगा। रविवार को जारी एक बयान में राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि, सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा आटा-डाटा का अधिकार शीर्षक से अपने चुनावी घोषणा पत्र में यह भी दावा किया है कि हर राशनकार्ड धारक परिवार को 500 रुपये का मोबाइल डाटा भी मुफ्त दिया जाएगा। इस तरह हर राशन कार्ड धारक को आटा के साथ डाटा का अधिकार भी मुफ्त मिलेगा।

इलेक्शन बायस्कोप

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों का प्रचार राजधानी में दिन प्रतिदिन तेज होता जा रहा है, इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी का प्रचर करता वाहन ।

नुक्कड़ सभाओं में गिनाईं भाजपा सरकार की उपलब्धियां

लखनऊ: लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के पक्ष में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में प्रचार शुरू कर दिया है। रविवार को विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर सरकार की उपलब्धियां बताईं। राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा ने प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने की बात कही। शर्मा ने पश्चिम विधानसभा और नौबस्ता में सभाएं की। जबकि लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा ने पूर्व विधानसभा के शंकर पूर्व द्वितीय वार्ड में, विधायक डॉ. नीरज बोरा ने महामंत्री राम अवतार कनौजिया के साथ उत्तर विधानसभा के त्रिवेणी नगर वार्ड स्थित 60 फुटा रोड पर और हुसैनाबाद वार्ड में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस दौरान नौबस्ता सभा में अंजनी श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, पार्षद अनूप कमल सक्सेना, मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा, कृष्ण प्रताप सिंह, अरविंद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

सात बार बदले महावत . . .

फिर भी अमेठी में मंजिल पर नहीं पहुंचा बसपा का हाथी

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर रायबरेली

अमृत विचार। अमेठी में 'हाथी' ने आगे बढ़ने की कोशिश तो बहुत की, उसकी चाल को तेज करने के लिए हर चुनाव में 'महावत' भी बदले गए, लेकिन 'हाथी' मंजिल तक नहीं पहुंच सका। यहां अब तक बहुजन समाज पार्टी से चुनावी रणभूमि में उतरे सभी प्रत्याशियों को पराजय ही मिली है।

अमेठी में अब तक 07 बार चुनावी रणभूमि में उतरी बसपा ने कोशिश तो बहुत की लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। यहां तक कि बसपा संस्थापक कांशीराम 1989 के चुनाव में राजीव गांधी से मुकाबला करने के लिए स्वयं चुनावी रणभूमि में उतरे। लेकिन 25400 वोट पाकर वो तीसरे नंबर पर रहे। उसके बाद 1996 के चुनाव में बसपा ने चौधरी मोहम्मद ईशा, 1998 में मोहम्मद नईम, 1999 में पारस नाथ मौर्य को उतारा गया लेकिन तीनों ही चुनाव में बसपा तीसरे नंबर पर रही। 2004 के चुनाव में बसपा तीसरे से दूसरे नंबर पर गई। राहुल गांधी का मुकाबला करते हुए बसपा प्रत्याशी चंद्र प्रकाश मिश्रा मटियारी को 99326 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे। 2009 में भी बसपा प्रत्याशी आशीष शुक्ला भी 93997 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे।

स्मृति के आने पर तीसरे नंबर पर पहुंची बसपा

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। 2004 और 2009 के चुनाव में राहुल गांधी को चुनौती देकर दूसरे नंबर पर रही बसपा 2014 में भाजपा से केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी के आने से फिर तीसरे नंबर पर पहुंच गई। 2014 में मुख्य लड़ाई भाजपा और कांग्रेस में हो गई जिससे बसपा प्रत्याशी धर्मेंद्र प्रताप सिंह 57716 वोट पाकर फिर तीसरे नंबर पर चले गए। वहीं 2019 में बसपा ने अपना प्रत्याशी ही नहीं उतारा।

- पार्टी के संस्थापक कांशीराम भी उतर चुके हैं 1989 के चुनाव में, तीसरे नंबर पर रहे

बसपा प्रत्याशी की नहीं हुई घोषणा

2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भले कुछ ही दिन बचे हैं लेकिन अभी तक बसपा ने अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। बसपा अपना प्रत्याशी उतारेगी या नहीं, ये आने वाले समय में ही पता चलेगा।

चुनावी चक्कर

- **भाजपा पर मायावती के तेवर देख बजी तालियां :** लोकसभा चुनाव में का मौका हर राजनीतिज्ञ को इतना मुखर कर देता है कि खुलकर उसकी मनोभावनाएं सामने आने लगती हैं। चुनाव से पहले कई मौकों पर चुप्पी साध लेने के कारण भाजपा की बी टीम होने आरोप झेल चुकी बसपा की मुखिया मायावती इन दिनों चुनाव प्रचार करते हुए भाजपा पर भी तीखे हमले से करने से पीछे नहीं हट रहीं। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि गरीबों और किसानों का जो हाल कांग्रेस के समय था, वही भाजपा के समय है। जैसे कांग्रेस ने इनका अहित किया वैसे भाजपा भी कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा की करनी और कथनी में भी बड़ा अंतर है।
- **आखिर कहना क्या चाहते हैं जयंत चौधरी? :** यहां भी चुनाव के मौके पर नेता के मुखर हो जाने वाला उदाहरण है। राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी जब मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार हेमा मालिनी का प्रचार करने पहुंच तो उन्होंने कहा, मैं भी बचपन से हेमा मालिनी जी का फैन था। फिर हेमा जी 2009 में मेरे चुनाव प्रचार में आईं, मुझे नहीं पता था कि हम फिर आमने-सामने होंगे। 15 साल हो गए तो अगर मेरी और हेमा जी की कोई फिल्म बनती तो उसका टाइटल होता ''15 साल बाद'' क्योंकि आज फिर से 15 साल बाद मैं इनके लिए प्रचार करने आया हूं।

...फिर बोतल से बाहर आया यूपी के विभाजन का जिन्न

मुद्दा कितना कारगर

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार: बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करते हुए सहारनपुर में पश्चिमी यूपी को अलग राज्य बनाने का वादा करके पुराना मुद्दा फिर से उछालने के साथ उत्तर प्रदेश के विभाजन का कार्ड खेल दिया। मजे की बात यह है कि प्रदेश के विभाजन का विरोध करने वाली भाजपा को चुनावी माहौल में इस मुद्दे की संवेदनशीलता के कारण जवाब तो देना ही था, ऐसे में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं मुजफ्फरनगर सीट से प्रत्याशी डॉ. संजीव बालियान को कहना पड़ा कि मायावती का पश्चिम यूपी को अलग प्रदेश बनाने का प्रस्ताव उचित है, लेकिन जब वह सत्ता में ही नहीं आएंगी तो इस मुद्दे का क्या औचित्य है। मायावती ने कहा था कि छोटे प्रदेश विकास की सीढ़ी तेज गति से चढ़ते हैं। गौरतलब है कि मायावती ने मुख्यमंत्री रहते प्रदेश को चार भागों में बांटने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा भी था। अब मायावती के पश्चिम यूपी को अलग राज्य बनाने का मुद्दा कितना चुनावी परवान चढ़ेगा, इसका पता तो परिणाम आने पर ही चलेगा, लेकिन इसी बहाने को प्रदेश के विभाजन का जिन्न बोतल से बाहर जरूर आ गया है।

उत्तर प्रदेश को चार हिस्सों में विभाजित कर बुंदेलखंड, पूर्वांचल और हरित प्रदेश (पश्चिम प्रदेश) बनाने की मांग काफी पुरानी है। इसे लेकर आंदोलन भी खूब हुए लेकिन नए राज्यों के गठन की मांग को लेकर राजनीतिक माइलेज लेने वाले नेता बाद में चुप्पी साध गए। मुख्यमंत्री रहते हुए 2012 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मायावती ने 21 नंवबर 2011 को यूपी को बांटकर अवध, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और पश्चिम प्रदेश का प्रस्ताव सदन में पास कराकर केंद्र सरकार को भेजा था। हमीरपुर-महोबा के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल बुंदेलखंड राज्य के मुद्दे को लोकसभा में कई बार उठा चुके हैं। लेकिन इस मुहिम को वे कभी आंदोलन का रूप नहीं दे सके क्योंकि सत्ता पक्ष से जुड़े हैं। इसी तरह केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने पश्चिम प्रदेश का मुद्दा जब भी उठाया उनकी ही पार्टी के नेता संगीत सोम विरोध खड़े हो गए।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने पश्चिमी यूपी को अलग राज्य बनाने का वादा करके खेला चुनावी कार्ड

हरित प्रदेश को लेकर हुआ था बड़ा आंदोलन

- आगरा, मथुरा, मेरठ, बरेली, सहारनपुर, मुरादाबाद आदि मंडलों को मिलाकर हरित प्रदेश (पश्चिम प्रदेश) बनाने की मांग वर्षों से उठ रही है। यह इस क्षेत्र के लोगों के दिल का मुद्दा है लेकिन चाहे सपा की सरकार रही हो बसपा की अथवा वर्तमान भाजपा सरकार किसी ने इस मुद्दे को आगे नहीं बढ़ाया। मेरठ में हाईकोर्ट की बेंच के गठन की भी मांग तमाम आंदोलन के बाद भी पूरी नहीं हुई है। कभी आरएलडी अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह ने इस मुद्दे को जोरदारी से उठाया था तो बसपा के बिजनौर से सांसद मलूक नागर भी लोकसभा में यह मुद्दा उठा चुके हैं। 1991 में चौधरी अजीत सिंह ने इस मुद्दे को हवा दी थी हालांकि उनकी विरासत संभाल रहे जयंत चौधरी अब गठबंधन की सियासत के चलते इस मुद्दे पर मौन हैं। पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा जरूर लगातार इस मुद्दे को उठा रहा है।



कल्पनाथ राय के बाद दम तोड़ गया पूर्वांचल राज्य का मुद्दा

पूर्वांचल राज्य के गठन की मांग सबसे पहले 1962 में गाजीपुर के तत्कालीन सांसद विश्नाथ प्रसाद गहमरी ने की थी। इस लड़ाई को बड़ी मजबूती से घोसी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व कल्पनाथ राय ने लड़ा। वह सड़क से संसद तक इस मुद्दे पर लगातार कांग्रेस नेतृत्व पर दबाव बनाते रहे। लेकिन उनके निधन के बाद यह आंदोलन दम तोड़ गया। कुछ छोटे संगठनों ने गाहे बगाहे मुद्दा उठाया जरूर पर वे कोई बड़ा आंदोलन नहीं कर सके। अब सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर इस मुद्दे को उठा रहे हैं। लेकिन उनकी मांग में वह गंभीरता नहीं दिखती जैसी कि कल्पनाथ राय की आवाज में थी। पुरबिहा लोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिंद्र किशोर तिवारी जरूर आए दिन पूर्वांचल राज्य के लिए धरना करते दिख जाते हैं। 1995 में समाजवादी नेता मधुकर दिघे, मोहन सिंह, रामधारी शास्त्री, प्रभु नारायण सिंह, हरिकेवल प्रसाद और पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने भी इस मुद्दे को उठाया पर परवान नहीं चढ़ा पाए।

पूर्वांचल के जिले : बलिया, चंदौली, आजमगढ़, वाराणसी, मऊ, भदोही, गाजीपुर, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महाराजगंज, बस्ती, संत कबीरनगर।

बुंदेलखंड राज्य का आंदोलन मांग गया पानी

- पीने के पानी, रोजगार, सूखा जैसी समस्याओं से जूझने वाले बुंदेलखंड के लोग अपना अलग राज्य चाहते हैं। राजा बुंदेला इन मजबूती से इस राज्य के गठन लड़ाई लड़ी पर उनके आंदोलन की धार भी वक्त के साथ कुंद हो गई। राजा बुंदेला तो बुंदेलखंड राज्य के गठन की शर्त पर ही भाजपा में शामिल हुए थे पर अपनी इस मांग को वे आज तक पूरी नहीं करवा सके। उन्होंने बुंदेलखंड कांग्रेस का गठन भी किया था। अब वे बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष हैं। पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह अब इस आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बुंदेलखंड लोकतांत्रिक पार्टी का गठन भी किया है। इसके साथ ही हमीरपुर- महोबा से भाजपा सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल भी इस मुद्दे को संसद में उठा चुके हैं पर कभी लड़ाई उन्होंने सड़क पर नहीं लड़ी। हालांकि बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ऐसा नहीं मानते। उनका कहना है कि बुंदेलखंड का मुद्दा पृथक राज्य बनने तक ज्वलंत रहेगा।
- **इन जिलों को मिलाकर गठन** : यूपी के ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, जालौन, झांसी, मध्य प्रदेश के सागर, पन्ना, दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह जिले को मिलाकर बुंदेलखंड राज्य की मांग की जा रही है।

गाजियाबाद : भाजपा के गढ़ में जातीय रण त्रिकोण

- भाजपा ने दो बार के सांसद वीके सिंह का टिकट काटकर इस बार वैश्य बिरादरी के विधायक अतुल गर्ग पर लगाया है दांव
- कांग्रेस से पिछला चुनाव हारीं ब्राह्मण डॉली शर्मा तो बसपा से रणनीति के तहत राजपूत समाज के नंदकिशोर पुंडीर मैदान में

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: दिल्ली और गौतमबुद्ध नगर से जुड़ी गाजियाबाद लोकसभा सीट को भाजपा की सबसे सुरक्षित सीटों में गिना जाता है। दो हफ्ते पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां यह कहकर भाजपा प्रत्याशी के लिए माहौल बना गए थे कि इस बार चुनाव में गठबंधन को जनता मोये-मोये कर देगी। पांच दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो करके दिखाया था कि जनता उनकी गारंटी पर क्यों भरोसा करती है। मोदी के स्वागत में उमड़े जन सैलाब का असर यह है कि अब यहां भाजपा का चुनाव प्रचार चारों तरफ तेजी से दौड़ता नजर आ रहा है। दरअसल, भाजपा ने इस बार गाजियाबाद में वीके सिंह का टिकट काटकर वैश्य समुदाय के सदर सीट से विधायक अतुल गर्ग को मैदान में उतारा है, जिन्हें शुरू में अपना चुनावी अभियान व्यवस्थित करने में राजपूतों में नाराजगी के स्वरों के चलते थोड़ी परेशानी उठानी पड़ी। लेकिन अब संगठन और समर्थक उनको बड़ी जीत दिलाने के लिए कमर कस चुके हैं। विधायक अतुग गर्ग गाजियाबाद विधानसभा सीट से पिछले तीन चुनाव लड़े थे, जिनमें दो बार विजयी रहे हैं। लोकसभा सीट पर उनका मुकाबला सपा के साथ गठबंधन करने वाली कांग्रेस की प्रत्याशी डॉली शर्मा से है। डॉली शर्मा तेजतर्रार महिला नेता हैं और पिछले 2019 के चुनाव में भी कांग्रेस के टिकट से चुनाव मैदान में उतरी थीं, लेकिन वीके सिंह के सामने उनकी जमानत जब्त हो गई थी। बसपा ने जातीय समीकरण साधने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ता रहे राजपूत बिरादरी के नंदकिशोर पुंडीर को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है।



	दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
	भाजपा	जनरल रिटा. वीके सिंह	9,44,503
	सपा	सुरेश बंसल	4,43,003
	कांग्रेस	डॉली शर्मा	1,11,944

अगले हफ्ते राहुल और अखिलेश आएंगे, मायावती करेंगी जनसभा

- गाजियाबाद सीट पर चुनाव लड़ रहे भाजपा विधायक अतुल गर्ग और कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा जहां स्थानीय हैं, वहीं बसपा के नंदकिशोर पुंडीर बाहरी हैं। भाजपा का जोरदार प्रचार देखते हुए कांग्रेस और बसपा प्रत्याशी भी अपने बड़े नेताओं का कार्यक्रम मांग रहे हैं। गठबंधन नेताओं का कहना है कि 21 से 23 अप्रैल के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अखिलेश यादव गाजियाबाद आएंगे। बसपा सुप्रीमो मायावती का 21 अप्रैल को गाजियाबाद में सभा करने का कार्यक्रम है।

- गाजियाबाद पहले मेरठ जिले की तहसील था। 14 नवंबर 1976 को इसे जिला बनाया गया।
- 2008 में परिसीमन के बाद हापुड़ लोकसभा सीट से अलग होकर गाजियाबाद लोस सीट बनी।
- सपा और बसपा कभी भी गाजियाबाद लोकसभा सीट से चुनाव नहीं जीत पाई हैं।
- गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र मतदाताओं की संख्या के आधार पर देश में दूसरे स्थान पर है।
- संयोग या प्रयोग, बसपा दो चुनावों से भाजपा से आए नेता को ही यहां प्रत्याशी बना रही है।

राम मंदिर आंदोलन के बाद भाजपा ने बनाई मजबूत पकड़

साल 2008 से पहले गाजियाबाद सीट का नाम हापुड़ लोकसभा सीट था। इस सीट पर पहली बार वर्ष 1957 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस के कृष्ण चंद्र शर्मा जीते। साल 1962 में कांग्रेस से महिला कमला चौधरी को जीत मिली थी। 1967 में निर्दलीय उम्मीदवार प्रकाश वीर शास्त्री जीते। 1971 के चुनाव में कांग्रेस नेता बीपी मौर्या ने जीत हासिल की। 1977 में जनता पार्टी के कुंवर मोहम्मद अली खान तो 1980 में जनता पार्टी के अनवर अहमद को जीत मिली। 1984 के चुनाव में कांग्रेसके केदारनाथ सिंह विजयी हुए। 1989 में जनता दल के किशन चंद त्यागी जीते। इसके बाद राम मंदिर आंदोलन के चलते वर्ष 1991, 1996, 1998 और 1999 में भाजपा के डॉ. रमेश चंद तोमर ने कमल खिलाया। वर्ष 2004 के चुनाव में सुरेंद्र प्रकाश गोयल ने कांग्रेस की वापसी कराई थी। लेकिन 2009 में भाजपा से राजनात सिंह मैदान में उतरे तो लगभग एक लाख मतों से विजयी रहे।

गठबंधन और बसपा के प्रत्याशी जातीय समीकरण साधने में जुटे

- गाजियाबाद लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 29 लाख से अधिक मतदाता वोट डालेंगे। इस लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण, गुर्जर और मुस्लिम मतदाता काफी संख्या में हैं। इस बार भाजपा और रालोद का गठबंधन है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी ब्राह्मण, वैश्य और गुर्जर वोट मिलने की पूरी उम्मीद लगाए हैं। लेकिन जानकारों का कहना है कि कांग्रेस प्रत्याशी को अगर सपा से गठबंधन के चलते मुस्लिम वोटों के साथ ब्राह्मण और पिछड़े वर्ग का वोट मिलता है तो भाजपा के सामने जीत के अंतर को लेकर परेशानी हो सकती है। दरअसल, गाजियाबाद सीट से पिछले तीन चुनावों से भाजपा प्रचंड वोटों से जीत हासिल करती आ रही है। पिछले दो चुनाव वीके सिंह पांच लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीते थे।

पांचों विधानसभा क्षेत्रों में खिला था कमल

- गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें मुरादनगर, लोनी, साहिबाबाद, मोदीनगर और गाजियाबाद शामिल हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। लोनी विधानसभा क्षेत्र से नंद किशोर गुर्जर, मुरादनगर से अजीत पाल त्यागी, साहिबाबाद से सुनील कुमार शर्मा, गाजियाबाद से अतुल गर्ग और धौलाना से विधानसभा से धर्मेंद्र सिंह तोमर विधायक हैं। इसमें धौलाना विधानसभा सीट हापुड़ जिले में आती है।

मुस्लिम, ठाकुर व ब्राह्मण मतदाता यहां बनाते और बिगाड़ते हैं खेल

- गाजियाबाद लोकसभा सीट पर मुस्लिम, राजपूत और ब्राह्मण मतदाता बड़ी संख्या में हैं। इस सीट पर सबसे ज्यादा करीब 5 .5 लाख मुस्लिम मतदाता हैं। राजपूत या ठाकुर मतदाताओं की संख्या 4 .85 लाख गिनी जाती है, जबकि 4 .5 लाख से अधिक ब्राह्मण मतदाता हैं। इनके अलावा 2 .5 लाख वैश्य, और 4 .5 लाख अनुसूचित जाति के मतदाता हैं। 1 .25 लाख से ज्यादा जाट, एक लाख पंजाबी, 75 हजार त्यागी, 80 हजार गुर्जर और 4 लाख दूसरे समुदाय या वर्गों के मतदाता माने जाते हैं।

बसपा उम्मीदवार की पत्नी और भतीजा भी लड़ रहे हैं चुनाव

- गाजियाबाद से नंद किशोर पुंडीर जहां बसपा प्रत्याशी हैं, वहीं उनकी पत्नी कविता और भतीजा अभिषेक निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों ने पर्चा इस कारण दाखिल किया था कि अगर नंदकिशोर का पर्चा खारिज होता तो पत्नी या भतीजे को चुनाव लड़ाया जा सके। लेकिन तीनों नामांकन पत्र वैध मिले। पत्नी और भतीजे ने पर्चा भी वापस नहीं लिया। अब कविता का चुनाव चिह्न टेबल तो अभिषेक को खाट मिला है।

2014 का जनादेश

	दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत	मत प्रतिशत
	भाजपा	जनरल रिटा. वीके सिंह	7,58,482	56 .50
	कांग्रेस	राजबब्बर	1,91,222	14 .25
	बसपा	मुकुल	1,73,085	12 .90
	सपा	सुधन कुमार	1,06, 984	7 .97
	आप	शाजिया इल्मी	89,147	6 .64



आगरा में मोदी-अखिलेश की रैली, डिंपल-जया का रोड शो

आगरा। आगरा लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में मतदान होना है। यहां से भाजपा के मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल चुनाव लड़ रहे हैं, उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी के सुरेश चंद्र कर्दम और बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही से हो रहा हैं। नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद लोकसभा क्षेत्र में प्रचार जोड़ पकड़ गया है। आगरा में चुनावी समीकरण साधने के लिए भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 अप्रैल को होने वाली रैली की तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। मोदी की जनसभा के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आगरा में रैली करेंगे। इसके लिए 28 अप्रैल की तारीख तय की गई है, रैली स्थल चयनित किया जा रहा है। मई के पहले हफ्ते में डिंपल यादव और जया बच्चन का आगरा में रोड शो कराने की भी तैयारी है।

आगरा लोकसभा सीट पर दलित और मुस्लिम मतों का बोलबाला रहता है। यहां करीब 37 फीसदी वोटर दलित और मुस्लिम हैं। यहां से 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल ने 6,46,875 मत लेकर बसपा के मनोज कुमार सोनी 4,35,329 वोट को हराया था। कांग्रेस नेता प्रीत हरित को सिर्फ 45,149 वोट मिले थे।

धनंजय की सहानुभूति के सहारे हाथी की तेज चाल

चुनाव डेस्क

- पार्टी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला को मैदान में उतारा है
- 2019 में बसपा के श्याम सिंह यादव इस सीट पर गठबंधन के सहारे जीते थे

अमृत विचार। जौनपुर संसदीय सीट पर इस बार भी मुकाबला काफी रोचक होने के आसार हैं। भाजपा ने पूर्व कांग्रेस नेता कृपा शंकर सिंह को मैदान में उतारा है तो सपा ने पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा पर दांव लगाया है। इस रणक्षेत्र में मुकाबले को रोचक दिया है, बसपा प्रत्याशी श्रीकला ने। श्रीकला पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी हैं और जिला पंचायत की अध्यक्ष हैं। श्रीकला के मैदान में उतरने से यहां मुकबला त्रिकोणीय हो गया है। वह क्षेत्र मं घूम-घूमकर पति धनंजय सिंह को मिली सात साल की सजा से उपजी सहानुभूति को भुनाने की पूरी कोशिश कर रही हैं।

भाजपा ने इस सीट पर पहली बार 1989 में कब्जा किया था। तब महाराजा यादवेन्द्र दत्त दुबे जीते थे। 1991 में सीट जनता दल के खाते में गई। 1996 में बीजेपी, 1998 में सपा, 1999 में बीजेपी से स्वामी चिन्मयानंद, 2004 में सपा से पारसनाथ, 2009 में बसपा से धनंजय सिंह जीते थे। 2014 की मोदी लहर में बीजेपी से कृष्ण प्रताप सिंह व 2019 में बीएसपी से श्याम सिंह यादव को जीत मिली, तब सपा-बसपा का गठजोड़ था। इस बार भाजपा जहां इस सीट पर कब्जा करने को लेकर एक-एक बूथ पर काम कर रही है तो सपा भी पीछे नजर नहीं आ रही है। पहले धनंजय सिंह इस सीट से बसपा के टिकट पर उतरने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन सात वर्ष की सजा मिलने के बाद उनकी पत्नी को बसपा प्रमुख ने मौका दिया है। श्रीकला भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को बताने में जुटी हैं कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार उन पर थोपे गए हैं। इसके साथ ही पति को मिली सजा से परिवार पर आए संकट को गिनाकर वह सहानुभूति के सहारे जीत की जुगत में लगी हैं। बाबू सिंह कुशवाहा सपा के मुस्लिम, यादव समीकरण के साथ कुशवाहा, कोइरी, शाक्य, मौर्य वोट लामबंद कर रहे हैं।

हम भी जोश में बसपा प्रमुख मायावती ने गाजियाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान वहां आए कार्यकर्ता जोश में नजर आए। इससे बसपा प्रमुख भी प्रसन्न नजर आईं।

बांदा- चित्रकूट लोकसभा सीट | वर्ष 1999 के बाद से बसपा को नहीं मिली जीत, अब मयंक द्विवेदी के मैदान में उतरने से मुकाबला हुआ रोचक

बसपा ने खेला ब्राह्मण कार्ड, सपा में प्रत्याशी बदलने की चर्चा

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

- भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद आरके पटेल पर लगाया है दांव

अमृत विचार। बांदा- चित्रकूट संसदीय सीट पर इस बार मुकाबला काफी रोचक हो गया है। बसपा ने यहां से मयंक द्विवेदी को मैदान में उतार कर ब्राह्मण कार्ड खेल दिया है। लगातार दो बार से चुनाव जीत रही भाजपा ने 2019 में जीते आरके पटेल को ही मैदान में उतारा है तो सपा ने शिवशंकर पटेल को चेहरा बनाया है। हालांकि यह चर्चा जोरों पर है कि सपा अपना उम्मीदवार बदल सकती है। नया प्रत्याशी कौन होगा, अभी इसे लेकर सिर्फ कयास ही लगाए जा रहे हैं। वैसे जौनपुर सीट से पार्टी के उम्मीदवार बाबू सिंह कुशवाहा का नाम जोरों पर लिजा जा रहा है। बसपा 1999 के बाद से इस सीट पर नहीं जीती है, ऐसे में इस बार उसकी पुरजोर कोशिश है कि वह मैदान मार ले।

इस संसदीय सीट की जब भी चर्चा होती है तो रामसजीवन सिंह का नाम सबसे पहले लिया जाता है। सीपीआई से 1989 में बांदा-चित्रकूट सीट से प्रतिनिधित्व करने वाले रामसजीवन ने जब बसपा अपनाई तो पार्टी ने उनको 1996 में टिकट दिया। परिणाम स्वरूप वे पार्टी की उम्मीदों पर खरे उतरे। मतदाताओं ने उन्हें चुना और वे सांसद बन गए। 1998 के चुनाव में बसपा ने फिर रामसजीवन पर ही विश्वास जताया था। हालांकि तब सपा और कम्युनिस्ट पार्टी के गठबंधन ने पूर्व मंत्री सुरेंद्र पाल वर्मा को टिकट दिया और भारतीय जनता पार्टी ने रमेश चंद्र द्विवेदी को मैदान में उतारा। मुकाबला त्रिकोणीय हुआ और रामसजीवन भाजपा के उम्मीदवार से हार गए। 1999 में जब लोकसभा चुनाव हुए तो एक बार फिर रामसजीवन को बसपा ने चुनाव मैदान में उतारा और वे पुनः दिल्ली पहुंचे। इस चुनाव के बाद बसपा यहां से नहीं जीती है।

2014 में बसपा के टिकट से लड़े आरके सिंह पटेल (वर्तमान में भाजपा सांसद) 2,26,278 मत पाकर दूसरे नंबर पर ही पहुंच पाए थे। तब भाजपा के भैरों प्रसाद जीते थे। 2019 में बसपा-सपा का महागठबंधन था। सपा ने श्यामाचरण गुप्ता को मैदान में उतारा था, लेकिन इस गठबंधन के बाद भी भाजपा के आरके पटेल यहां से सांसद चुने गए थे।

अब बसपा ने पूर्व विधायक पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के बेटे एवं जिला पंचायत सदस्य मयंक द्विवेदी को मैदान में उतारा है। मयंक लगातार जनता के बीच रहे हैं। ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि इस बार वे बाजी मार लेंगे। सपा कार्यकर्ता जहां बार- बार पार्टी के उम्मीदवार शिवशंकर पटेल का टिकट बदले जाने की खबरों से चिंतित हैं तो वहीं भाजपा में भी नाराजगी कम नहीं है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद पहले ही कह चुके हैं कि वे पार्टी का प्रचार नहीं करेंगे। ऐसे में उनके समर्थक भी खामोश हैं। भैरों प्रसाद ने बसपा और सपा दोनों ही दलों से टिकट लेने की कोशिश की थी पर वे सफल नहीं हो सके।

2019 का परिणाम

भाजपा	आरके पटेल	4,77,926
सपा	श्यामा चरण गुप्ता	4,18,988
कांग्रेस	बाल कुमार पटेल	75,438

एक नजर

पीडीएम मोर्चे ने घोषित किए सात प्रत्याशी

अमृत विचार, लखनऊ : अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने असदुद्दीन ओवैसी के साथ बनाये पीडीएम मोर्चे से सात लोकसभा प्रत्याशी और घोषित कर दिये हैं। पीडीएम मोर्चे का गठन सपा गठबंधन से अलग होने के बाद पल्लवी पटेल ने असदुद्दीन ओवैसी के साथ बनाया था। पल्लवी पटेल ने रविवार को प्रत्याशियों की दूसरी सूची में उन्नाव से धनीराम पाल, कन्नौज से दानिश अली, कानपुर नगर से राम आसरे पाल, गाजीपुर से सूबेदार बिंद, घोसी से प्रेमचंद उर्फ कांति निषाद, सीतापुर से काशिफ अंसारी और प्रयागराज से हंसराज कौल को उतारा है। पल्लवी पटेल का कहना था कि अखिलेश व राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे इंडी गठबंधन में पिछड़े, दलित और मुस्लिमों के साथ न्याय नहीं हो रहा है।

हादसों और मौतों में लखनऊ छठे और बरेली दसवें स्थान पर

टॉप-20 जिलों की सूची में कानपुर नगर अव्वल, प्रयागराज दूसरे और बुलंदशहर तीसरे नंबर पर

नीरज मिश्र, लखनऊ

- करीब 42 प्रतिशत मौतें इन्हीं जिलों में
- पिछले तीन साल से सूची में हैं सबसे आगे

अमृत विचार : परिवहन विभाग ने हादसों और मौतों में अव्वल रहने वाले जिन टॉप-20 जिलों की सूची जारी की है, अगर जिम्मेदार उन्हीं पर गंभीर हो जाएं तो हादसों और मौतों का ग्राफ धड़ाम से नीचे आएगा। करीब 42 प्रतिशत से अधिक मौत इन्हीं जिलों में होती हैं।

सड़क सुरक्षा टीम का 4-ई कॉन्सेप्ट (इंजीनियरिंग, इनफोर्समेंट, एजुकेशन, इमरजेंसी केयर) का दावा भी काम नहीं आया है। हाल यह है कि पिछले तीन साल से हादसों और मौतों की सूची में इन 'कुख्यात' जिलों ने अपना स्थान तक नहीं बदला है। दिलचस्प यह है कि प्रदेश में जो ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए हैं, उनमें से 35 फीसद से ज्यादा इन्हीं जिलों में से हैं।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा सोमवार से शुरू हो रहा है यानी पिछले करीब एक दशक से जारी जागरूकता कार्यक्रमों का एक और दौर। विभाग इस बार आंध्र प्रदेश की तर्ज पर एक नया प्रयोग करने की तैयारी में है, जिसमें चालक के परिवार की तस्वीर यात्री वाहन के डैशबोर्ड पर लगवाई जा रही है जिससे रैश ड्राइविंग और रफ्तार बढ़ाते वक्त उसे अपने परिवार का ख्याल रहे और चालक अपने वाहन की गति नियंत्रित रखे।

अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने बताया कि इन सभी जिलों में सुधार के लिए नई कार्ययोजना पर तेजी से काम शुरू कर दिया गया है। इस बार कई यात्री वाहनों में चालकों को रैश ड्राइविंग और रफ्तार पर नकेल कसने के लिए उन्हें मानसिक तौर पर संवेदनशील बनाए जाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके लिए उनके परिवार की तस्वीर डैशबोर्ड पर लगा उन्हें सचेत किया जा रहा है। यह प्रयोग आंध्र प्रदेश में कारगर रहा है। इसके अलावा सभी एजेंसियां निरंतर त्रैमासिक मॉनीटरिंग करेंगी। बैठकों में जानकारियां साझा कर आगे कदम उठाए जाएंगे।

कोशिश है कि इन जिलों का क्रम बदले और वहां हादसों और मौतों की संख्या में सुधार आए। इसके अतिरिक्त इन जिलों में मॉडल सेफ रोड बनाए जाने पर भी काम किया जा रहा है। मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, परिवहन आयुक्त समेत सभी उच्चाधिकारी आए नए आंकड़ों पर चिंतित हैं और नए सिरे से काम किया जा रहा है।

पिछले तीन वर्ष के आंकड़े

जिला	औसत वार्षिक मौतें		
कानपुर नगर	625	बरेली	486
प्रयागराज	573	गोरखपुर	472
बुलंदशहर	546	सीतापुर	447
आगरा	532	फतेहपुर	425
हरदोई	513	गौतमबुद्धनगर	425
लखनऊ	512	बाराबंकी	416
उन्नाव	503	कुशीनगर	409
मथुरा	497	फिरोजाबाद	386
अलीगढ़	496	जौनपुर	385
		शाहजहांपुर	375
		गाजियाबाद	374

शारजाह से नौ लाख की सिगरेट लाने पर मिलते थे 20 हजार रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शारजाह में सलीम नामक व्यक्ति करता था मैनेज

अमृत विचार : शारजाह से अवैध रूप से सिगरेट लाकर भारत में बेचने का धंधा लंबे समय से फलफूल रहा है। अवैध सिगरेट लाने के लिए चिन्हित लोग बड़ा रिस्क लेकर शारजाह से लखनऊ तक लाखों रुपये कीमत की सिगरेट लाते थे और एयरपोर्ट के बाहर ही चिन्हित लोगों को ही सौंप देते थे। बदले में उन्हें 20 हजार रुपये कैरिंग चार्ज के रूप में मिलता था। बाद में यह सिगरेट बिकने के लिए विभिन्न स्थानों पर पहुंचाई जाती थी और लाखों की कमाई होती थी।

गौरतलब हो कि पहली अप्रैल को उड़ान संख्या 6ई-1424 से शारजाह से लखनऊ के लिए 33 तस्करों द्वारा लाई गई विदेशी मूल की सिगरेट एयरपोर्ट पर पकड़ी गई थी। इस दौरान 27 तस्कर मौका देख फरार हो गए थे, जबकि छह तस्करों को माल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। इन तस्करों के पास से तीन करोड़ तीन लाख 63 हजार रुपये कीमत की सिगरेट बरामद हुई थी। कस्टम अधिकारियों द्वारा पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि शारजाह में सलीम नामक व्यक्ति यह सब मैनेज करता था। उससे होटल में मुलाकात होती थी। सभी तस्कर एक संगठित गिरोह के तहत जुड़े हुए हैं। इनको शारजाह तक भिजवाने और इनके माध्यम से विदेशी मूल की सिगरेट एयरपोर्ट तक लाने की जिम्मेदारी इनपर रहती थी।

परीक्षा केंद्र से ही पेपर आउट कराने की थी योजना

आरओ-एआरओ परीक्षा 2023 : पेपर पेपर लीक मामले में निजी स्कूलों के खेल का खुलासा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ के जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल का प्रबंधक भी शामिल
- प्रयागराज के एसपी ब्लू स्टॉर स्कूल और विशप जानसन गर्ल्स कॉलेज का भी नाम

अमृत विचार : एसटीएफ की गिरफ्त में आए चारों आरोपी डॉ शरद सिंह पटेल, कमलेश कुमार उर्फ केके, अर्पित विनीत यशवंत व अभिषेक शुक्ला ने पूछताछ में बताया कि डॉ शरद सिंह पटेल ने सौरभ शुक्ला (प्रबन्धक, जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल पारा लखनऊ) के साथ मिलकर आरओ-एआरओ परीक्षा 2023 का पेपर परीक्षा केन्द्र से आउट कराने की योजना बनाई। सौरभ शुक्ला ने कमलेश कुमार पाल, प्रबंधक एसपी ब्लू स्टार पब्लिक स्कूल झूसी प्रयागराज, को इस योजना में शामिल किया। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए कमलेश कुमार पाल ने कई बार लखनऊ आकर सौरभ शुक्ला व डॉ शरद सिंह पटेल से मुलाकात की।

कमलेश कुमार पाल ने बताया कि विशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज प्रयागराज का परीक्षा कार्य देखने वाले अर्पित विनीत यशवंत से उसकी सेटिंग हैं। जो परीक्षा केन्द्र पर पेपर पहुंचने के बाद पेपर आउट कर व्हाटसएप पर भेज देगा। अर्पित विनीत यशवंत ने कमलेश कुमार पाल उर्फ केके से पांच लाख रुपये में पेपर आउट कराना तय किया था तथा एक लाख रुपये परीक्षा से पूर्व एडवांस प्राप्त किया। शेष धनराशि कार्य होने के बाद देना तय हुआ था। पूर्व योजना के अनुसार बीते 11 फरवरी को सुबह कमलेश कुमार पाल उर्फ केके करीब 6.30 बजे पर परीक्षा केन्द्र विशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज के बाहर आ गया था। परीक्षा केन्द्र पर 6.45 बजे पेपर प्राप्त होने व सेक्टर मजिस्ट्रेट के जाने के तत्काल बाद अर्पित विनीत यशवंत ने कमलेश कुमार पाल उर्फ केके को फोन करके अन्दर बुला लिया।

गार्ड दो बंडल तो आरोपी एक-एक बंडल स्ट्रांग रूम में ले गए थे

अमृत विचार : पेपर के कुल चार बंडल थे, जिसमें से दो बंडल गार्ड, व एक-एक बंडल अर्पित विनीत यशवंत व कमलेश कुमार पाल उर्फ केके लेकर नीचे से प्रथम तल पर स्थित स्ट्रांग रूम में ले गये। गार्ड व अर्पित विनीत यशवंत अपने बंडल स्ट्रांग रूम में रखे, लेकिन पूर्व योजना के अनुसार कमलेश कुमार पाल उर्फ केके अपना बंडल स्ट्रांग रूम के ठीक बगल में स्थित मेडिकल रूम में लेकर चला गया तथा वहां पहले से रखे कटर की सहायता से बंडल खोलकर चारों सिरीज के पैकेट खोलकर अपने मोबाइल से फोटो खींचा तथा पैकेट व बंडल को पुन: उसी तरह टेप की सहायता से चिपका दिया। कमलेश कुमार पाल ने आउट पेपर की चारों सिरीज व्हाटसएप पर सौरभ शुक्ला को भेज दिया तथा इसके बाद वहां से चला गया। सौरभ शुक्ला ने उक्त पेपर डॉ शरद सिंह पटेल व अरुण सिंह को भेजा। शरद सिंह पटेल ने आउट पेपर राजीव नयन मिश्रा को भेजा और बताया कि एक दिन पूर्व जो पेपर आपने भेजा था, वही पेपर सेन्टर से भी आया है, दोनों पेपर समान है। एजेंसी या प्रेस से पेपर आउट कराने वाले गिरोह में राजीव नयन मिश्रा जो वर्तमान समय में जेल में निरुद्ध है तथा सुभाष प्रकाश पुत्र योगेन्द्र पंडित का नाम भी प्रकाश में आया है।

योगी की अपील, वोट देकर जताएं मोदी का आभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बोले, गैर भाजपा शासित राज्यों में हिंसा असल में तुष्टिकरण की नीतियों का दुष्परिणाम

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव को सुअवसर बताते हुए जनता से भाजपा उम्मीदवारों को वोट करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करने की अपील की है। रविवार को अपने आवास पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए योगी ने गैर भाजपा शासित राज्यों में होने वाली हिंसा को तुष्टिकरण की नीतियों का दुष्परिणाम बताया है।

उन्होंने दावा किया कि प्रचंड बहुमत के साथ मोदी के नेतृत्व में फिर से भाजपा नेतृत्व की एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इसमें कोई संदेह होना ही नहीं चाहिए। जनता-जनार्दन के द्वारा विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश भी किया जा रहा है।

भारतीय भावना को सम्मान देने का मौका

रविवार को छत्तीसगढ़ में चुनावी दौरे पर निकलने से पहले योगी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से ही रामलला का 500 वर्षों बाद अयोध्या में आगमन संभव हुआ। देशवासियों के लिए मोदी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। देश के लिए, भारतीय भावना को सम्मान देने और गरीब कल्याण की योजनाओं को बढ़ाने के लिए जो प्रयास हुए हैं, आभार के रूप में वोट के माध्यम से मोदी तक पहुंचाने का यह अवसर है।

50 हजार का इनामी मुंबई से गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने रविवार को गाजीपुर जिले के 50 हजार के इनामी अपराधी को मुंबई के चेंबूर से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ इस अपराधी को 2017 से ही तलाश कर रही थी। अपराधी पुलिस के डर से मुंबई चला गया था, ऐसे हालात में अपराधी के घर वालों ने दो ग्रामीणों के खिलाफ इसके अपहरण का मुकदमा भी दर्ज करा दिया।

गाजीपुर के बहरियाबाद के रहने वाले सद्दाम हुसैन के खिलाफ कोतवाली में गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज है। लंबे समय तक जब सद्दाम पुलिस के पकड़ में नहीं आया तो पुलिस ने सद्दाम पर 50 हजार का इनाम घोषित कर दिया। सद्दाम भागकर गाजीपुर से मुंबई पहुंचा और वहां पर जीवन यापन के लिए आटोरिक्शा चलाने लगा और बाद में हुंडई के वर्कशाप में काम करने लगा।

161.11 लाख रुपये की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

अमृत विचार, लखनऊ : आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई के तहत 161.11 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई, जबकि एक मार्च से अब तक कुल 31537.07 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक 2963.79 लाख नकद, 4137.59 लाख कीमत की शराब, 21121.15 लाख रुपये की ड्रग, 2158.15 लाख रुपये की बहुमूल्य धातुएं व 1156.38 लाख कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई है। इसके अलावा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये हैं।

4298 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये गये हैं। 19,64,008 लोगों को पाबंद किया गया है। पुलिस विभाग के जरिये 7325 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 376 बम बरामद किये गये हैं, जबकि अवैध शस्त्र बनाने वाले 140 स्थलों को सीज कर दिया गया है। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में सार्वजनिक व निजी स्थानों से अब तक कुल 1,11,23,581 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है।

अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं को खास पैकेज

इम्पावर्ड कमेटी की मंजूरी के बाद कैबिनेट की मंजूरी भी लेनी होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इन्वेस्ट यूपी के सीईओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी की अनुशंसा पर दिया जाएगा प्रोत्साहन

अमृत विचार : राज्य सरकार की ओर से अल्ट्रा मेगा श्रेणी की विशेष महत्व वाली परियोजनाएं स्थापित करने पर उन्हें केस टू केस कस्टमाइज पैकेज दिया जाएगा। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 में इसका प्राविधान किया गया है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की ओर से इन प्राविधानों में कुछ संशोधन किया गया है।

इसके अंतर्गत नोडल संस्था की जगह सीईओ इन्वेस्ट यूपी की अध्यक्षता में गठित कमेटी को ऐसी परियोजनाओं के परीक्षण और विशेष पैकेज की अनुशंसा की जिम्मेदारी दी गई है। इस कमेटी की अनुशंसा के बाद हाई लेवल इम्पावर्ड कमेटी और कैबिनेट की मंजूरी के बाद ऐसी बड़ी परियोजनाओं को कस्टमाइज पैकेज प्रदान किया जा सकेगा।

इम्पावर्ड कमेटी की संस्तुति के आधार पर मंत्रिपरिषद का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। नीति में किए गए संशोधन के अनुसार औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत विशेष महत्व की अल्ट्रामेगा श्रेणी की परियोजनाओं को आवश्यकतानुसार राज्य सरकार द्वारा केस टू केस आधार पर प्रोत्साहन का विशेष रूप से कस्टमाइज्ड पैकेज प्रोत्साहन के रूप में प्रदान किए जाने पर विचार किया जा सकता है।

पहले समझौता समिति का होना था गठन

दरअसल, नीति के अंतर्गत पहले प्राविधान किया गया था कि इस प्रकार के आवेदन नोडल संस्था को प्रस्तुत किए जाएंगे और आवेदनों की उनकी आवश्यकता एवं विशेष महत्व की दृष्टि से समीक्षा की जाए। इसके लिए अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समझौता समिति गठित की जाएगी, जिसके सदस्य सचिव सीईओ इन्वेस्ट यूपी होंगे। हालांकि अब इस प्राविधान में संशोधन किया गया है। अब नामित सदस्यों वाली समझौता समिति ऐसी परियोजनाओं को विशेष पैकेज दिए जाने के लिए अंतिम स्वीकार्यता के लिए मुख्यमंत्री को संस्तुति करेगी।

वर्ग पहेली-47

बाएं से दाएं

1. घाव का मवाद, पीब।
5. 1. नाम जाप करने की सत्ताईस दानों की छोटी माला, जपमाला 2. हाथ में पहनने का एक प्रकार का आभूषण।
6. रोकने का भाव, अवरोध का उपक्रम।
7. व्यवहार में छलपूर्ण चालें चलने की क्रिया, धोखाधड़ी, कपट, धूर्तता, चालाकी, छल।
10. 1. चार पैरों वाला पशु, चौपाया 2. एक प्रकार का छंद।
11. रचा या बनाया हुआ।
12. 1. आंच पर चढ़ाकर गाढ़ा किया गया दूध 2. ईंट पाथने का गारा।

ऊपर से नीचे

2. 1. चसका लगना, आदत लगना, किसी विषय या कार्य में ढीठ बनना 2. हिलना-मिलना।
3. (पुराण) वह जिनका धनुष कुसुम या पुष्प का माना जाता है, कामदेव।
4. उबलते दूध में चावल
8. 1. लादने का कार्य 2. लादने के बदले मिलने वाली मज़दूरी।
9. 1. सितारे, तारे, ग्रह-नक्षत्र 2. ज्योतिष।



वर्ग पहेली -46 का हल

1 आ	दी	■	2 उ	दुं	ब	3 र
हा	■	■	थ	■	■	च
■	4 पे	5 श	ल	■	■	क
■	■	6 नि	पु	ण	7 ता	■
■	8 आ	■	थ	■	म	■
■	9 सु	त	ल	■	ले	■
■	ति	■	■	10 भें	ट	ना

सुडोकू-126

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

2			9	3	7	6		
				8		2		
5		9				1		
			5	6		7		
7								8
		8						3
		2				9		6
		4		5				
3		6		2	9			5

सुडोकू -125 का हल

7	9	8	1	6	3	5	2	4
4	2	5	7	8	9	3	6	1
3	6	1	5	4	2	8	9	7
8	3	2	4	9	5	7	1	6
9	5	7	6	3	1	2	4	8
6	1	4	8	2	7	9	5	3
1	7	9	3	5	6	4	8	2
5	8	6	2	7	4	1	3	9
2	4	3	9	1	8	6	7	5

यूपी में चुनावी प्रचार से आम आदमी पार्टी हुई दूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश की सभाओं में सांसद संजय सिंह का शामिल होना प्रस्तावित

अमृत विचार : दिल्ली व पंजाब में सत्तासीन आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का समर्थन करने का दावा हवाहवाई साबित हो रहा है। पार्टी प्रमुख व दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के जेल में जाते ही पार्टी की रणनीति बदल गई और स्थानीय स्तर पर संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार से दूरी कायम कर ली।

केजरीवाल ने दावा किया था कि उप्र. में पार्टी उम्मीदवार नहीं उतारेगी, मगर पार्टी इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में जोरदार प्रचार करेगी। दिल्ली के गृहमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह के बाद मुखिया केजरीवाल की गिरफ्तारी होते ही पार्टी की प्राथमिकताएं बदल गईं। हालांकि पार्टी प्रवक्ता दिनेश सिंह पटेल का कहना है कि जेल से छूटने के बाद सांसद संजय सिंह ने सपा के अखिलेश यादव से मुलाकात भी की थी, नगीना सीट पर साथ में प्रचार करने गए थे। इसके अलावा 23 अप्रैल को बागपत और अमरोहा में होने वाली सभाओं में अखिलेश के साथ मंच साझा करेंगे।

गोमांस सप्लाई का इनामी आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : हैदराबाद तक अवैध रूप से प्रतिबंधित पशु का मांस सप्लाई करने के आरोप में फरार आरोपी की जब अचानक गिरफ्तारी हुई तो उसके पास से रुद्राक्ष और ताबीज जैसी चीजें बरामद हुई। बरामदगी की वस्तुएं देखकर स्वयं एसटीएफ भी चकित रह गई।

25 हजार के इस इनामी अभियुक्त पर जालौन में गोमांस सप्लाई करने के आरोप में एफआईआर दर्ज है। एसटीएफ ने अंबाला निवासी जनकराज शर्मा को आगरा एक्सप्रेस पर टोल प्लॉजा के पास से गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ दिनेश कुमार सिंह के मुताबिक जनकराज शर्मा के खिलाफ जालौन में एफआईआर दर्ज थी। फरार होने के कारण जनकराज पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 03.25 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 20.00 तक तत्पश्चात चित्रा।

मेष — आज आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। आपके मित्र आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। अपनी बातों को दूसरों के ऊपर न थोपें। निर्माण कार्यों से जुड़े कारोबार में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। खोयी हुई वस्तु आपको वापस मिल सकती है।

वृष — आज परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर तरोताजा महसूस करेंगे। बनते कार्यों में आ रही रुकावटें दूर होंगी। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेमी जन से विवाह को लेकर सम्भावना बन रही है। गलत प्रवृत्ति के लोगों से आपको दूरी रखनी चाहिए।

मिथुन — आज करियर में काफी अस्थिरता रहेगी। कटु भाषा बोलने के कारण लोग आपसे नाराज रहेंगे। कानूनी मामलों में छोटी गलतियां भारी पड़ सकती है। लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना करेंगे। मौसमी बीमारियों के शिकार हो सकते हैं।

कर्क — आज सरकारी काम थोड़े प्रयासों से पूर्ण हो जायेंगे। अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग कर पायेंगे। नौकरी में बदलाव करने की योजना बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार हो सकता है।

सिंह — आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आयात-निर्यात संबंधी कारोबार में लाभ हो सकता है। आपके जन-सम्पर्क का दायरा विस्तृत होगा। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। परिजनों की सलाह लेकर काम करना हितकर होगा।

कन्या — आज आप समय का सार्थक प्रयोग अपने लाभ के लिए कर पायेंगे। प्रेम संबंधों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी से सलाह लेकर नया काम शुरू करें। कार्यक्षेत्र में आपकी पदोन्नति की चर्चा चल सकती है। घर में प्रियजनों का आगमन हो सकता है।

तुला — आज दोपहर में सिर में दर्द और भारीपन की समस्या हो सकती है। कुछ समय प्रकृति के सानिध्य में बितायें। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने में मुश्किल आयेगी। बजट को ध्यान में रखते हुए ही धन निवेश करें। किसी नकारात्मक विचार के कारण आपका मन खराब हो सकता है।

वृश्चिक — आज नया व्यवसाय शुरू करना चाह रहे हैं, तो उसकी योजना बना सकते हैं। दोस्तों से भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। लेखन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। उत्तम भोजन का आनन्द उठा सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को यश मिलेगा।

धनु — आज अविवाहित लड़कियों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। उत्तम कार्यशैली के कारण आपको सफलता मिलेगी।

मकर — आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा। खर्चों के मुक़ाबले आपकी आय ज्यादा रहेगी। आज पूरा दिन आनन्द में व्यतीत होगा। बच्चों को लेकर आपकी चिन्ता दूर होगी। अधिकारी आपको ताने मार सकते हैं। सोच-समझकर ही आपको निर्णय लेना चाहिए।

कुंभ — आज कार्यक्षेत्र में काफी सारी रुकावटें आ सकती है। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। व्यवसाय में गुस्से के कारण नुकसान हो सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें। पुराना रोग वापस उभर सकता है।

मीन — आज साझेदारी वाले व्यापार में धन लाभ होगा। घर का वातावरण काफी सकारात्मक रहेगा। राजनैतिक संबंधों का उत्तम लाभ उठा पायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका पूरा नियंत्रण रहेगा। विदेशों से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। मन लगाकर के अपना काम करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- होते होते प्यार हो गया — सुबह : 08.39
- सिंह इज किंग — रात : 09.43

&pictures
- रंगबाज — सुबह : 11.02
- गुल मकई — रात : 08.00

SONY PIX
- द वॉक — सुबह : 11.52
- द वॉक — रात : 09.07

ZEE CINEMA
- ड्रीम गर्ल — दोपहर : 12.46
- द मास्क — शाम : 05.47

colors CINEPLEX
- बेटिंग राजा — सुबह : 11.14
- गॉडफादर — शाम : 06.40

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर पर रात :08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया,
तीसरा आता नहीं था,
चौथा करना भूल गया,
पांचवां नजर नहीं आया!
पिता - और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया...

पुलिस (चोर से) : तुम एक ही दुकान में तीन बार चोरी करने क्यों गए?
चोर : सर चोरी तो मैंने पहली बार में ही अपनी पत्नी के लिए ड्रेस चुराकर कर ली थी,
बाकी दो बार तो मुझे सिर्फ उसे बदलने के लिए जाना पड़ा...

एक नजर

गुरुग्राम में दीवार गिरने से दो लड़कियों समेत पांच लोगों की मौत

गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम में शनिवार रात श्मशान घाट की दीवार गिरने से दो लड़कियों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि दीवार के सहारे लकड़ियां खड़ी थी, जिस कारण कल रात दीवार झुककर गिर गई। दीवार के गिरने से उसके समीप बैठे कुछ लोग और पास में खेल रहे बच्चे इसमें दब गए। मृतकों की पहचान तान्या (11), खुशबू (10), देवी दयाल (70), मनोज गाबा (54) और कृष्ण कुमार (52) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी प्राप्त होती ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

हिमाचलः डरावने वीडियो दिखाकर नाबालिग से दुष्कर्म, सोशल मीडिया पर डाली अश्लील फोटो

ऊना। हिमाचल प्रदेश के थाना अंब के गांव की 17 वर्षीया नाबालिग को डरावने वीडियो को दिखाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं युवक ने नाबालिग की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह किराए की दुकान में सिलाई करती हूं। दुकान के पास एक युवक भी काम करता था। आरोप है कि उसकी गैरमौजूदगी में युवक ने बेटी को डरावने वीडियो दिखाकर शारीरिक संबंध बनाए। तीन वर्षों से आरोपी बंदूकों की तस्वीरें व चाकू आदि दिखाकर, डरा-धमकाकर व प्रताड़ित करके गलत काम किया। हजारों रुपये भी पुत्री से लिए हैं। आरोपी ने गलत काम करते हुए फोटो भी ली थी। जब बेटी ने युवक को रोका, तो उसने शनिवार को इंस्टाग्राम पर बेटी की अश्लील फोटो डाल दी। अंब एसपी वसूधा सूद ने बताया कि शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुंछ में सरकारी शिक्षक हैंड ग्रेनेड, पाक निर्मित पिस्तौल साथ गिरफ्तार

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आगामी चुनाव से पहले पुलिस ने सरकारी शिक्षक को ग्रेनेड और पाकिस्तान निर्मित पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि सूचना पर कार्रवाई करते हुए सेना, पुलिस और पुंछ के विशेष ऑपरेशन समूह की टीम ने हरि बुद्ध इलाके में संयुक्त अभियान चलाया। कमरउद्दीन नामक पंजीकृत ओवर-ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू), जो सरकारी स्कूल में हेडमास्टर है, उसके घर से पाक निर्मित पिस्तौल और ग्रेनेड के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि जब्त हथियारों का उपयोग आगामी चुनाव में गड़बड़ी फैलाने के लिए किए जाने का संदेह है। पुलिस ने कहा कि अभी तलाशी चल रही है।

ऋण अधिकारी सहित दो गिरफ्तार

भरतपुर। राजस्थान में धौलपुर के आंगई थाना क्षेत्र में निजी फाईनेंस कंपनी की जमा राशि को हड़पने के लिए लूट की झूठी साजिश रचने वाले ऋण अधिकारी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। स्पन्दना स्फूर्ति फाईनेंस लिमिटेड शाखा बाड़ी में ऋण अधिकारी के पद पर काम करने वाले सायपुर, डहरा मोड थाना लखनपुर जिला भरतपुर निवासी लोकेश जाटव ने 16 अप्रैल को आंगई क्षेत्र के कुछ गांवों से फाइनेन्स का पैसा जमा कर आंगई से बाडी आते समय चिलाचैद टोल से आगे अपने साथ बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों द्वारा एक लाख पांच हजार 750 रुपयों को लूट ले जाने की सूचना कम्पनी को दी गई। कम्पनी के प्रबंधक प्रदीप नरूका ने पुलिस में मामला दर्ज कराया था।

1.40 करोड़ की अफीम के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

चतरा (झारखंड)। झारखंड के चतरा जिले में 50 वर्षीय व्यक्ति और उसके बेटे को 1.40 करोड़ मूल्य की अफीम के साथ पकड़ा गया है। सिमरिया के पुलिस उपाधीक्षक अजय कुमार ने रविवार को बताया कि गिद्धौर पुलिस थाना क्षेत्र के बारली टोला में मवेशियों को रखने के स्थान पर छिपा कर रखी 28 किग्रा अफीम जब्त कर महेंद्र डांगी और उसके बेटे दीपेंद्र को गिरफ्तार किया गया है।

भाजपा संविधान बदलना चाहती है: प्रियंका

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव ने किया केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार

राजनांदगांव, एजेंसी

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने रविवार को कहा कि संविधान हमें सभी अधिकार देता है और भाजपा संविधान को बदलना चाहती हैं। गांधी ग्राम मोहड़ में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पांच साल तक यह कांग्रेस की सरकार रही, भूपेश बघेल ने काम किया। कांग्रेस सरकार में भूमिहीन लोगों को न्याय मिला, आगनबाड़ी की मितानिनों का मानदेय बढ़ाया गया, गोबर खरीदा गया। कांग्रेस सरकार में किसानों का कर्ज माफ किया गया। धान का समर्थन मूल्य बढ़ा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया गया।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में बेरोजगारी, महंगाई बढ़ रही है। कांग्रेस की सभी योजनाओं को भाजपा सरकार ने बन्द कर दिया। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में बेरोजगारी क्यों खत्म नहीं की, 10 सालों में महंगाई क्यों कम नहीं हुई, महिलाओं पर आत्याचार हुआ, अपने क्यों कुछ नहीं किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इतने बड़े नेता हैं कि चुटकी बजाकर युद्ध रोक देते हैं तो महंगाई कम क्यों नहीं करते है। मोदी सरकार ने बड़े- बड़े उद्योगपतियों के 16 हजार करोड़ माफ़ कर दिया, किसान रो रहा था। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता कहते हैं हमें पांच साल और दो संविधान बदल देंगे, इसका क्या मतलब है, संविधान हमें अधिकार देता है, आजादी देता है, इस लोगों ने संविधान के लिए खून बहाया है, ये नेता इसी संविधान को बदलना चाहते हैं।

रेलवे बचाना है तो मोदी को हटाना होगाः राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार रेलवे को अयोग्य साबित कर उसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना खोज रही है। उन्होंने रेलवे को बचाने के लिए मोदी को हटाने का अनुरोध किया। राहुल ने सरकार पर निशाना साधने के लिए 'एक्स' पर वीडियो साझा किया, जिसमें लोग ट्रेन के शौचालयों में और फर्श पर बैठकर यात्रा करते दिख रहे हैं। उन्होंने पोस्ट में कहा कि नरेन्द्र मोदी के राज में रेल का सफर सजा बन गया है। ट्रेनों से जनरल डिब्बे कम कर सिर्फ एलीट ट्रेनों का प्रचार कर रही मोदी सरकार में हर वर्ग का यात्री प्रताड़ित है। उन्होंने दावा किया कि लोग कन्फर्म टिकट लेकर भी सीट पर चैन से बैठ नहीं पा रहे, लोग जमीन पर और शौचालय में छिपकर यात्रा करने को मजबूर हैं। अगर आम आदमी की सवारी को बचाना है तो रेलवे को बर्बाद करने में जुटी मोदी सरकार को हटाना होगा।

मोदी सरकार में मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व गिरावट, गठबंधन में होगी उच्च वृद्धिः कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में महंगाई को समायोजित करने के बाद मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व गिरावट हुई है। इंडी गठबंधन देश को उच्च वृद्धि पथ पर वापस ले जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार के आधिकारिक आंकड़ों सहित आंकड़ों के कई स्रोत एक मत से इस तथ्य को दर्शाते हैं कि श्रमिकों की खरीद क्षमता आज 10 साल पहले की तुलना में कम है। धीमी वेतन वृद्धि और महंगाई से मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट हुई है। श्रम ब्यूरो का वेतन दर सूचकांक (सरकारी आंकड़ा) के अनुसार 2014 और 2023 के बीच, मजदूरी स्थिर रही है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में वास्तविक मजदूरी में स्पष्ट रूप से गिरावट आई है।

मंडल आयोग का विरोध करने वाली कांग्रेस से राजद ने मिलाया हाथः शाह

कटिहार, एजेंसी

● कटिहार में अमित शाह ने कांग्रेस और राजद पर साधा निशाना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पिछड़े समुदायों को आरक्षण देने के लिए गठित मंडल आयोग की सिफारिशों का विरोध करने वाली कांग्रेस से हाथ मिला लिया है।

कटिहार से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार दुलाल चंद्र गोस्वामी के समर्थन में चुनावी रैली में शाह ने कहा कि कांग्रेस ने पिछड़े वर्ग का अपमान किया है। कांग्रेस ने वर्षों तक मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया। अब राजद ने कांग्रेस से हाथ मिला लिया है, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे संवैधानिक मान्यता दी और पिछड़े वर्ग के लोगों को सम्मान दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवाद, जातिवाद, तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म किया। उन्होंने कांग्रेस और राजद दोनों को विकास विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि राजद जंगलराज का प्रतीक है। कांग्रेस और राजद को वोट देने का मतलब है कि लोगों को दंगों का सामना करने के लिए तैयार रहना.... जबकि डबल इंजन सरकार को वोट देने का मतलब विकास है।

क्या कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाएगीः मोहन

भोपाल। दूरदर्शन न्यूज के लोगो का रंग बदले जाने पर विपक्षी दलों की आपत्तियों के बीच, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को सवाल किया कि क्या कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाने की हिम्मत करेगी। वामपंथी और विपक्षी दल यह नहीं समझते कि भगवा त्याग का प्रतीक है और सूर्य संस्कृति का वाहक है। दूरदर्शन न्यूज के लोगोका रंग लाल से नारंगी (रंग) करने पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष ने इसे पूरी तरह से अवैध बताया है।

उलगुलान न्याय महारैली में दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़े

रांची, एजेंसी

● घटना में घायल हुए कांग्रेस उम्मीदवार के भाई ने कहा- मारपीट करने वाला भाजपा का एजेंट

झारखंड के रांची में इंडी गंठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली में कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों में झड़प हो गयी है, जिसमें चतरा से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई घायल हो गए। घटना के बाद उनको अस्पताल ले जाया गया।

इंडी गठबंधन के दिग्गज नेताओं के मंच पर आने के बाद संबोधन शुरू हुआ तभी विभिन्न इलाकों से आए दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और हाथ में जो आया उसी से दे मारा। कार्यकर्ताओं ने कुर्सियों को भी तोड़ डाला। इस घटना में केएन त्रिपाठी के भाई समेत कई लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि जिन्हें चोट लगी है उसका नाम गोपाल है। इस दौरान जब उन्हें घटनास्थल से बाहर ले जाया जा रहा था तब उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मारपीट करने वाला भाजपा का एजेंट है। मारपीट करने वाले को भी पुलिस ने पकड़ लिया है।

इस रैली में यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, भाकपा माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य, सांसद संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल की पत्नी, पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुला, प्रियंका चतुर्वेदी के अलावा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना के साथ कई नेता उपस्थित थे।

भाजपा ने गठबंधन की रैली में हुई झड़प को जंगल राज बताया

नई दिल्ली। भाजपा ने रांची में विपक्षी गठबंधन की रैली में हुई झड़प को लेकर कटाक्ष करते हुए इसे जंगल राज का प्रदर्शन करार दिया और कहा कि विपक्षी दलों के कार्यकर्ता इसलिए भिड़े क्योंकि उनके पास देश के लिए कोई साझा दृष्टिकोण नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने वीडियो संदेश में लोगों से चुनाव में मतदान करते समय उम्मीदवारों को अपनी पसंद से चुनने में बहुत सावधान रहने के लिए कहा। प्रवक्ता ने कहा रांची में की रैली में उनके कार्यकर्ताओं द्वारा एक-दूसरे पर कुर्सियां, मेज, स्टूल और लाठियां फेंकी गईं।

आरोपी के पिता ने नेहा के परिजनों से माफी मांगी

हुबली छात्रा नेहा हत्याकांड

हुबली (कर्नाटक), एजेंसी

हुबली में कॉलेज परिसर में कांग्रेस के पार्षद की बेटी की हत्या करने वाले फैयाज के पिता ने पीड़ित परिवार से माफी मांगी है और अपने बेटे को सख्त सजा देने की मांग की है।

स्कूल शिक्षक एवं फैयाज के पिता बाबा साहेब सुबानी ने कहा कि उन्हें घटना के बारे में पता चला और वह अपने बेटे के कृत्य से टूट गए हैं। उन्होंने कहा कि फैयाज को ऐसी सजा दी जाए कि भविष्य में कोई भी ऐसी हरकत करने की हिमाकत न करे। मैं हाथ जोड़कर नेहा के परिवार से माफी मांगता हूं। वह मेरी बेटी की तरह थी। वह और उनकी पत्नी छह साल से अलग रह रहे हैं और फैयाज अपनी मां के साथ रहता था तथा जब भी उसे पैसों की जरूरत होती थी तो वह उन्हें फोन करता था। उन्होंने तीन महीने पहले अपने बेटे से बात की थी।

पुलिस ने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दो युवकों को पकड़ा

हुबली। पुलिस ने नेहा हिरेमथ की फैयाज खोंदुनाइक द्वारा हत्या किए जाने को सोशल मीडिया पर न्यायोचित ठहराने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों धारवाड़ के रहने वाले हैं। हिंदू समर्थक कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि दोनों ने सोशल मीडिया पर दावा किया है कि नेहा और फैयाज में प्रेम संबंध था। दोनों आरोपियों ने नेहा और फैयाज की तस्वीरें पोस्ट कीं और लिखा, नेहा फैयाज का सच्चा प्यार, प्यार के लिए न्याय। हुबली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ (23) की 18 अप्रैल को बीवीबी कॉलेज के परिसर में कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। वह एमसीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी जबकि फैयाज उसका पूर्व सहपाठी है। पुलिस ने घटनास्थल से फरार हुए फैयाज को गिरफ्तार कर लिया था। इस घटना से उत्पन्न आक्रोश के बीच हुबली, धारवाड़ और कई अन्य स्थानों पर लोगों ने प्रदर्शन किया।

मणिपुर के 11 केंद्रों पर 22 को पुनर्मतदान

इंफाल, एजेंसी

चुनाव आयोग ने मणिपुर संसदीय क्षेत्र के 11 केंद्रों पर 22 अप्रैल को फिर से मतदान का आदेश दिया है। इंडिया समूह की अगुवाई कर रही कांग्रेस ने आयोग से शिकायत दर्ज की थी और 47 केंद्रों पर पुनर्मतदान करने की मांग की थी। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि हथियारबंद लोगों ने चुनाव अधिकारियों पर हावी होकर एक खास उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया था। खुरई विस क्षेत्र में मोइरंगकम्पु साजेब उच्च प्राथमिक विद्यालय, एस इबोबी प्राथमिक विद्यालय, खुरई थांगजाम लीकाई, क्षेत्रीगाओ विस क्षेत्र में बामन कंपू उच्च प्राथमिक विद्यालय, पायनियर अकादमी, बामन कंपू, रिलबुंग उच्च विद्यालय (उत्तरी विंग), बामन कंपू (दक्षिण पश्चिम), इरिलबुंग उच्च विद्यालय, बामन कंपू, थोंगजू एसी में नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल, खोंगमान जोन, उरीपोक विस क्षेत्र में इरोइसेम्बा उच्च प्राथमिक विद्यालय, इरोइसेम्बा यूपीएस और इरोइसेम्बा यूपीएस और कोंथौजम विस क्षेत्र में खैदेम प्राथमिक विद्यालय, खैदेम माखा केंद्र शामिल हैं। मणिपुर में पहले चरण में दोनों सीटों के 47 विस क्षेत्रों में 72.17 प्रतिशत मतदान हुआ।

कांग्रेस ने वाडियार के खिलाफ आयोग में दर्ज कराई शिकायत

बेंगलुरु। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भाजपा के मैसुरु-कोडागु लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। कमेटी ने उन पर आचार संहिता के उल्लंघन और रिश्वतखोरी का आरोप लगाया है। शनिवार को कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में कमेटी ने आरोप लगाया कि वाडियार ऐसे कार्यों में संलिप्त रहे हैं जो आचार सहिंता का उल्लंघन करते हैं और जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए गंभीर खतरा पैदा होता है। वाडियार ने समर्थन के लिएसोशल मीडिया मंचों पर बातचीत की।

कारोबार/कृषि

सर्राफा

लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	76,150
सोना रवा	76,000
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	84,100
चांदी (999)	84,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

लखनऊ मंडी

गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800, गेहूँ (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 2000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूँग दाल 10500-11000

प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.7% बढ़कर 19.58 लाख करोड़, अनुमान से कहीं अधिक

कर विभाग ने कहा- बजट से 1.35 लाख करोड़ और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है। आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा। प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है।

वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी हुआ। 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है।

सकल संग्रह 23.37 लाख करोड़ रुपये

रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है।

हाइब्रिड म्यूचुअल फंड की वापसी, 1.45 लाख करोड़ का निवेश आया

नई दिल्ली। हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाओं में 2023-24 में वापसी की। इसमें बीते वित्त वर्ष 1.45 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया। इससे पहले वित्त वर्ष 2022-23 में शुद्ध निकासी देखी गई थी। परिसंपत्ति में वृद्धि निवेशकों की संख्या बढ़ने से हुई। मार्च, 2024 में निवेशकों की संख्या 1.35 करोड़ तक पहुंच गई, जो इससे एक साल पहले 1.21 करोड़ थी। इससे हाइब्रिड कोषों के प्रति निवेशकों के रुझान का पता चलता है। हाइब्रिड फंड, म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं जो आमतौर पर इक्विटी और ऋण प्रतिभूतियों के संयोजन में और कभी-कभी सोने जैसी अन्य परिसंपत्ति श्रेणियों में निवेश करती हैं। 2023-24 की शुरुआत से ऋण वाले कोषों के लिए कराधान में बदलाव के बाद से ये श्रेणी नियमित निवेश को आकर्षित कर रही है।

निवेशकों ने 5,200 करोड़ से अधिक की इक्विटी बेची

नई दिल्ली, एजेंसी

● मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव के कारण बढ़ी चिंता

मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव को लेकर चिंताओं के कारण विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की घरेलू इक्विटी बेच दी है। मॉरीशस अब उसके माध्यम से यहां किए निवेश की पड़ताल करेगा।

मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का चौंका देने वाला शुद्ध निवेश आया था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (19 अप्रैल तक) भारतीय इक्विटी में 5,254 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सहायक निदेशक (शोध प्रबंधक) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई की निकासी का प्रमुख कारण मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव था, जो अब उसके माध्यम से भारत में किए गए निवेश की अधिक जांच करेगा।

उन्होंने कहा कि दोनों देश दोहरे कराधान बचाव समझौते (डीटीएए) में संशोधन करने वाले एक प्रोटोकॉल पर आम सहमति पर पहुंच गए हैं। प्रोटोकॉल निर्दिष्ट करता है कि कर राहत का उपयोग किसी अन्य देश के निवासियों के अप्रत्यक्ष लाभ के लिए नहीं किया जा सकता है। वास्तव में, मॉरीशस की संस्थाओं के माध्यम से भारतीय बाजारों में निवेश करने वाले अधिकांश निवेशक अन्य देशों से हैं। कुल मिलाकर, इस वर्ष अब तक इक्विटी में कुल निवेश 5,640 करोड़ रुपये और ऋण बाजार में 49,682 करोड़ रुपये रहा है।

विश्व बैंक, आईएमएफ बैठकों में जलवायु वित्त पर सुस्त प्रगति

नई दिल्ली, एजेंसी

● अजरबैजान में सीओपी-29 में सामूहिक मात्रात्मक पर होनी है चर्चा

विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं।

इस साल अजरबैजान में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (सीओपी-29) में सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) या नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर चर्चा होनी है। एनसीक्यूजी वह नई राशि है, जिसे विकसित देशों को 2025 से हर साल विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जुटाना होगा। अमीर देशों से उम्मीद की जा रही है कि वे 2020 से हर साल 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक जुटाएंगे, लेकिन वे विफल रहे। विश्लेषण से पता चला है कि विकासशील देशों में वित्तीय प्रवाह 2023 में नकारात्मक हो गया। बैठकों के दौरान जी7 और जी20 के वित्त मंत्रियों के बीच जलवायु और विकास उद्देश्यों के लिए विकासशील देशों को वित्त मुहैया कराने पर चर्चा हुई।

यूपीआई बाजार 30% तक सीमित किए जाने का उद्योग जगत को इंतजार

नई दिल्ली। भुगतान उद्योग को एनपीसीआई द्वारा यूपीआई बाजार हिस्सेदारी को 30 प्रतिशत तक सीमित करने का इंतजार है। ऐसा करने की विस्तारित समय सीमा एक जनवरी के पास आने के साथ ही उद्योग जगत की अन्य कंपनियां बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की तैयारी कर रही हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने दिसंबर 2022 में तीसरे पक्ष के यूपीआई डिजिटल भुगतान लेन-देन में 30 प्रतिशत की समयसीमा को दो साल बढ़ाकर दिसंबर 2024 कर दिया था। गूगल पे और फोनपे जैसे तीसरे पक्ष के ऐप प्रदाताओं (टीपीएपी) के पास यूपीआई आधारित लेन-देन में 85 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एनपीआई एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) का संचालन करता है। सूत्रों ने कहा कि एक विकल्प यह हो सकता है कि यूपीआई लेनदेन में 30 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी रखने वालों के लिए नए ग्राहकों को जोड़ना बंद कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि इसे चरणबद्ध तरीके से किया जा सकता है ताकि उपयोगकर्ताओं पर कोई प्रभाव न पड़े।

बीमा नियामक इडराई ने स्वास्थ्य बीमा उत्पाद पर आयु प्रतिबंध को हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय बीमा नियामक का लक्ष्य अधिक समावेशी और सुलभ पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना

बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडाई ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है।

स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) का लक्ष्य अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है। पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। गजट अधिसूचना में इरडाई ने कहा कि बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं। चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है।

एप्पल भारत में तीन साल में पांच लाख लोगों को दे सकता है रोजगार

नई दिल्ली। आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल अपने विक्रेताओं के माध्यम से अगले तीन साल में भारत में पंच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। फिलहाल एप्पल के विक्रेता और आपूर्तिकर्ता 1.5 लाख लोगों को रोजगार देते हैं। एप्पल के लिए दो संयंत्र चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि एप्पल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रहा है। पुराने अनुमान के अनुसार, यह अपने विक्रेताओं और कलपुर्जे आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है। इस संबंध में एप्पल ने कोई बयान नहीं दिया। एप्पल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (3.32 लाख करोड़) करने की योजना है। बाजार शोध कंपनी काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, एप्पल ने पहली बार 2023 में सबसे अधिक राजस्व के साथ भारतीय बाजार में सबसे आगे रही, जबकि सैमसंग मात्रा के मामले में शीर्ष पर रही।

संसदीय चुनाव में मुइज्जू की साख दांव पर

माले एजेंसी

मालदीव में रविवार को संसदीय चुनाव हुए हैं। ये चुनाव मौजूदा राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के लिए काफी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि, मुइज्जू की भारत विरोधी नीति को लेकर वहां के लोगों में नाराजगी है। मालदीव के चुनाव पर भारत और चीन की भी नजर है, क्योंकि दोनों देश द्वीपसमूह राष्ट्र में प्रभाव जमाना चाहते हैं। संसदीय चुनाव के लिए 3 बूथ भारत में भी बनाए गए हैं।

मुइज्जू ने चुनाव 'इंडिया आउट' के अभियान के तहत लड़ा था। बता दें कि मालदीव के चुनाव के नतीजे देर रात आ सकते हैं। मालदीव हिंद महासागर में रणनीतिक तौर पर अहम जगह पर स्थित है, जिस कारण भारत और चीन दोनों इस पर प्रभाव जमाना चाहते हैं। पिछले साल राष्ट्रपति के रूप में मुइज्जू ने भारत

- मालदीव में मतदान पर भारत की करीबी नजर, केरल में बने 3 बूथ

रविवार को मतदान केंद्र पर वोट डालते राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू।

और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता को तेज कर दिया था।

मुइज्जू ने चीन समर्थक रुख अपनाया था और देश के एक द्वीप पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने का काम किया। संसद में बहुमत हासिल करना मुइज्जू के लिए कठिन होगा, क्योंकि उनके कुछ सहयोगी अलग हो गए हैं और अधिक पार्टियां दौड़ में शामिल हो गई हैं। छह राजनीतिक दल और स्वतंत्र समूह संसद की 93 सीटों के लिए 368 उम्मीदवार मैदान में उतार रहे हैं। जनसंख्या वृद्धि के समायोजन के बाद यह पिछली संसद की तुलना में छह सीटें अधिक है।

चुनाव में लगभग 2 लाख 84 हजार लोग मतदान करेंगे और देर रात नतीजे आ सकते हैं। राष्ट्रपति पद के लिए मुइज्जू के चुनाव अभियान का विषय "इंडिया आउट" था, जिसमें उन्होंने पिछले राष्ट्रपति पर भारत को बहुत अधिक प्रभाव देकर राष्ट्रीय संप्रभुता से समझौता करने का आरोप लगाया। मालदीव में कम से कम 75 भारतीय सैन्यकर्मी तैनात थे, जिन्हें मुइज्जू ने हटा दिया। सैनिकों का काम भारत द्वारा दान किए गए दो विमानों का संचालन करना और समुद्र में फंसे या आपदाओं का सामना करने वाले लोगों के बचाव में सहायता करना था।

श्रीलंका में रेसिंग के दौरान कार ने दर्शकों को कुचला, 7 की मौत

कोलंबो। श्रीलंका के उवा प्रांत में रविवार को एक मोटर कार रेसिंग कार्यक्रम के दौरान बड़ा हादसा हो गया। इस दौरान एक कार ने दर्शकों को कुचल दिया। दुर्घटना में एक बच्चे सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। इस दौरान 23 अन्य गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना तब हुई, जब दियाथलावा के सेंट्रल हिल रिसॉर्ट में रेसिंग आयोजित किया जा रहा था। इस दौरान इसमें हिस्सा लेने वाली एक बार ट्रैक से उतर गई और दर्शकों को कुचलते हुए आगे बढ़ गई। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 23 गंभीर रूस से घायल हैं। पुलिस प्रवक्ता निहाल थल्डुवा ने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नाबालिग की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग...सुप्रीम सुनवाई आज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को 14 वर्षीय कथित दुष्कर्म पीड़िता की 28 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ सोमवार को पहले मामले पर सुनवाई करेगी।

- मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए 24 सप्ताह रखी गई है। इनमें बलात्कार पीड़िताओं और कुछ अन्य महिलाओं जैसे कि विकलांग और नाबालिग को शामिल किया गया है।
- अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी कोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से पेश हुईं। पीठ ने मुंबई के सायन अस्पताल से पीड़िता की शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के बारे में रिपोर्ट मांगी थी। पीठ ने कहा था कि अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एक मेडिकल बोर्ड का गठन करेंगे और मामले पर सोमवार को 10 .30 बजे सुनवाई होगी।

19 को दिए थे जांच के आदेश

इससे पहले, 19 अप्रैल को शीर्ष अदालत ने पीड़िता की मां द्वारा दायर याचिका पर उसकी मेडिकल जांच का आदेश दिया था। दरअसल, बॉम्बे हाई कोर्ट ने अपने फैसले में पीड़िता को गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इस फैसले को मां ने सुप्रीम कोर्ट ने चुनौती दी थी। बता दें कि मुंबई के सायन अस्पताल से लड़की की संभावित शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के बारे में रिपोर्ट मांगी गई थी।

28 सप्ताह की गर्भवती है नाबालिग

पीठ ने अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को मेडिकल बोर्ड का गठन करने और उसकी रिपोर्ट सुनवाई की अगली तारीख 22 अप्रैल को अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वकील ने कहा कि नाबालिग 28 सप्ताह की गर्भवती है और फिलहाल मुंबई में है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने मामले में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत, गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए 24 सप्ताह है, जिनमें दुष्कर्म पीड़िताएं और अन्य कमजोर महिलाएं, जैसे कि विकलांग और नाबालिग शामिल हैं।

एक नजर

पाकिस्तान में महिला ने एक साथ 6 बच्चों को दिया जन्म, 4 लड़के

रावलपीडी। पाकिस्तान के रावलपिंडी में एक महिला ने एक साथ 6 बच्चों को जन्म दिया है। इनमें 4 लड़के और 2 लड़कियां हैं। डॉक्टरों का कहना है कि एक साथ 6 बच्चों का होने की घटना को सेक्स्टुपलेट्स कहा जाता है। यह 470 करोड़ लोगों में से किसी एक को होता है।

अमृतसर में युवक ने गर्भवती पत्नी को जिंदा जलाया, गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर के बाबा बकाला इलाके के बुल्ले नांगल गांव में युवक ने कथित तौर पर अपनी 23-वर्षीया गर्भवती पत्नी को बिस्तर से बांधकर जिंदा जला दिया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को सुखदेव सिंह ने अपनी पत्नी से झगड़े किया, इसके बाद घटना को अंजाम दिया। मृतक पिंकी छह महीने की गर्भवती थी और उसे जुड़वा संतान होने की उम्मीद थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को पिंकी घर पर मृत मिली। पुलिस ने कहा कि सुखदेव को गिरफ्तार कर उस पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

तारे में विस्फोट के 11 हजार साल बाद भी निकल रही गैस

वाशिंगटन। नासा वेला तारामंडल में 11 हजार साल पहले एक तारे में हुए विस्फोट के बाद उसकी बाहरी परत एक शॉकवेव के साथ अंतरिक्ष में फैल गई। तारे से निकलने वाली गैस अंतरिक्ष में विभिन्न पदार्थों के साथ क्रिया करके रंगबिरंगी रोशनी का निर्माण करती है। यह तस्वीर नासा ने ली है।

खैबर पख्तूनख्वा में बारूदी सुरंग में धमाका, दो किशोरों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से दो किशोरों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने बताया है कि, ये किशोर खैबर जिले में तिराह घाटी की पहाड़ियों में मशरूम खोज रहे थे, तभी उनमें से एक का पैर बारूदी सुरंग पर पड़ गया, जिससे एक भयानक विस्फोट हुआ। दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हुआ है।

भारतवंशी तरुण लड़ेंगे लंदन का मेयर चुनाव, पाकिस्तानी सादिक को देंगे चुनौती

निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे, 2 मई को होगा मतदान

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के लंदन में मेयर पद पर पाकिस्तान मूल के सादिक खान तीसरी बार जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, इस बार उन्हें भारतीय मूल के एक उम्मीदवार से चुनौती मिलने वाली है। दिल्ली में जन्मे तरुण गुलाटी ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। तरुण का कहना है कि लंदन के नागरिकों को सभी राजनीतिक पार्टियों ने दुखी किया है। उन्होंने आगे कहा कि वह लंदन को अनुभवी सीईओ की तरह चलाना चाहते हैं, जिससे सभी को लाभ मिल सके। उनका मानना है कि एक व्यवसायी और निवेश विशेषज्ञ के रूप में उनका अनुभव लंदन को लाभ पहुंचाने में मददगार साबित होगा।

दो मई को होने वाले मेयर चुनाव में 63 वर्षीय भारतीय मूल के तरुण गुलाटी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे। मेयर पद के लिए उनकी लड़ाई 13 अन्य उम्मीदवारों से होने वाली है। उन्होंने सिटीबैंक और एचएसबीसी के साथ छह देशों में काम किया है। एचएसबीसी में वह एक अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधक (आईएम) थे। तरुण गुलाटी ने कहा, "मैं लंदन को एक अनोखे वैश्विक शहर के तौर पर देखता हूं। यह विश्व के वैश्विक बैंक की तरह है, जहां दुनियाभर के लोग एकत्रित होते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा, "मेयर के तौर पर मैं लंदन की बैलेंस शीट इस तरह से तैयार करूंगा कि यह निवेश के लिए एक प्रमुख विकल्प बन सके। इसमें सभी निवासियों के लिए सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित हो। मैं एक अनुभवी सीईओ की तरह लंदन को प्रभावी ढंग से बदलूंगा। यहां लाभप्रदत्ता का मतलब सभी के लिए लाभ होगा। इस यात्रा में आप सभी शामिल होंगे। इसे अपने लंदन और अपने घर के लिए करें। लंदन की सड़कों में सुरक्षा उनके मुख्य एजेंडा में प्रमुख है।

इन नीतियों को खत्म करना चाहते हैं तरुण गुलाटी

लेबर पार्टी के मौजूदा नेता सदिक खान की कुछ अलोकप्रिय नीतियों को खत्म करना भी तरुण गुलाटी का प्रमुख एजेंडा है। सादिक खान की इन नीतियों में अल्ट्रा लो एमिशन जोन (यूएलईजेड) शुल्क और लो ट्रैफिक नेबरहुड (एलटीएन) से जुड़ी उच्च लागत को खत्म करना शामिल है। तरुण गुलाटी ने कहा, हम यूएलईजेड, एलटीएन जैसी खराब नीतियां नहीं चाहते हैं। जलवायु परिवर्तन हो रहा है और हमें इसके प्रभावों को कम करने की जरूरत है। हमें जो भी परिवर्तन करना होगा, वह जनता की राय के अनुरूप होना चाहिए। तरुण गुलाटी ने मेयर पद के लिए कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार सुजैन हॉल पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों तक लंदन असेंबली के सदस्य होने के बावजूद वह इन नीतियों को रोकने में नाकाम रही हैं। उन्होंने आगे कहा, "अगर राजनीतिक उम्मीदवार वह करते जो उन्हें करना चाहिए था, तो मैं मेयर पद की दौड़ में कभी शामिल नहीं होता। तरुण किफायती आवासीय व्यवस्था, लंदन में पर्यटन को बढ़ावा देना, मुफ्त स्कूल भोजन सुनिश्चित करना और काउंसिल टैक्स को कम करने जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

अमेरिका इजराइल की एक सैन्य बटालियन पर लगाएगा प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका ने एक तरफ इजराइल की मदद के लिए हाथ बढ़ाए तो दूसरी तरफ आंखें टेढ़ी कर दी। अमेरिकी संसद ने इजराइल के लिए 13 अरब डॉलर की नई सैन्य सहायता को मंजूरी दी है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका इजराइल की एक सैन्य बटालियन पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है।

ये प्रतिबंध बटालियन द्वारा फलस्तीनी लोगों के खिलाफ किए गए मानवाधिकार उल्लंघन के लिए लगाया जा सकता है। हालांकि, इस कदम की इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने निंदा की है।

फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक में इजराइली सेना पर मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में अब अमेरिका वहां आम लोगों को निशाना बनाने के आरोप में नेत्जाह येहुदा बटालियन पर प्रतिबंध लगाने का एलान कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो किसी इजराइली सैन्य टुकड़ी के खिलाफ बाइडन प्रशासन की पहली कार्रवाई होगी। अमेरिका के इस संभावित कदम से इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं।

चुनाव ड्यूटी के लिए ले जा रही बस पलटी, 10 घायल

जगदलपुर (छत्तीसगढ़), एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में रविवार को चुनाव ड्यूटी के लिए ले जा रही एक बस के पलटने से मध्य प्रदेश पुलिस के कम से कम 10 कर्मी घायल हो गए। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने पहले कहा है कि घायल कर्मी सीआरपीएफ के थे। वहीं जगदलपुर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल जवान मध्य प्रदेश पुलिस के थे। यह घटना गीदम थाना क्षेत्र के अंतर्गत गीदम-जगदलपुर रोड पर रायकोट गांव के पास हुई।

बस्तर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को हुए मतदान में चुनाव ड्यूटी के बाद सुरक्षाकर्मी फरसपाल (दंतेवाड़ा) से महासमुंद संसदीय क्षेत्र के गरीबंद जा रहे थे, जहां 26 अप्रैल को मतदान होना है। उन्होंने

बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस के 36 कर्मियों वाली बस उस समय सड़क से फिसलने से बस पलट गई। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में बस में सवार 10 लोगों को चोटें आईं हैं। उन्होंने बताया कि अलर्ट होने के बाद एंबुलेंस को मौके पर भेजा गया और घायल कर्मियों को जगदलपुर के डिमरापाल स्थित एक मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित किया गया।

नेपाल के मनासलु पर्वत पर भयानक हिमस्खलन

काठमांडू। नेपाल के मनासलु पर्वत क्षेत्र में रविवार को भारी हिमस्खलन हो गया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। दरअसल, मानसलू पर्वत पर हिमस्खलन हुआ। मानसलू पर्वत से बीरेंद्र झील की तरफ हिमस्खलन हुआ, जिससे झील में उफान आ गया। झील में उफान आने से उसका सारा पानी बुढीगंडकी नदी में बह गया। रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं, सुरक्षा अधिकारियों ने बूढ़ीगंडकी नदी में संभावित बाढ़ को लेकर चिंता जताई है।

ग्लेशियर गश्ती दौड़

स्विट्जरलैंड: एरोला और वर्बियर के बीच स्विस आल्प्स में 24वीं ग्लेशियर गश्ती दौड़ के दौरान प्रतियोगी त्सेना रिफियन पास पर चढ़ते हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन हर साल होता है। पिछले सप्ताह प्रतिकूल मौसम के कारण आयोजन को टाल दिया गया था। इसके बाद रविवार को प्रतिभागी आयोजन का हिस्सा बने। ● एजेंसी

अमेरिका में एक पार्टी के दौरान गोलीबारी, दो की मौत, 14 घायल

वाशिंगटन। अमेरिका में टेनेसी के मेमफिस में एक ब्लॉक पार्टी के दौरान गोलीबारी दो लोगों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में 14 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने बताया कि इस पार्टी में करीबन 300 लोग मौजूद थे। उनमें से 16 लोगों पर गोलीबारी की गई।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया है कि, घटनास्थल पर पांच लोगों को गोली लगी थी। उनमें से तीन को अस्पताल ले जाया गया, जबकि अन्य दो की मौत हो गई। फिलहाल अभी तक इस मामले में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस ने कहा घटना की जांच चल रही है, फिलहाल टीम आरोपियों की तलाश जुटी है।

चुनाव में हस्तक्षेप को लेकर कनाडा-चीन में बढ़ा तनाव

टोरंटो, एजेंसी

कनाडा के चुनानों में चीन हस्तक्षेप के आरोपों के बीच चीन के राजदूत कांग पेइवु ने करीब पांच साल बाद अपना पद छोड़ दिया है और पेइवु चीन लौट आए हैं। पेइवु 2019 से कनाडा में चीन के राजदूत थे। उनके पद संभालने से पहले ही चीन और कनाडा में तनाव था।

दोनों देशों ने एक-दूसरे के कई लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा, कनाडा के चुनावों में चीन के संभावित दखल को लेकर चिंताएं जाहिर की गईं। पिछले हफ्ते कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस मामले पर सुनवाई के दौरान गवाही दी थी। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि चीन ने 2019

- चीन के राजदूत कांग पेइवु पद छोड़कर वतन लौटे

व 2021 के चुनावों के नतीजे प्रभावित कर पाया था। हालांकि, कनाडा फिर भी चीन के साथ रिश्ते सुधारने की कोशिश में लगा है। उप मंत्री डेविड मॉरिसन दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए चीन में हैं। कनाडा के विदेश मंत्री मेलानी जोली के कार्यालय ने भी इसकी पुष्टि की है।

जज बनकर अपराधियों को जमानत देने वाले शातिर कार चोर की मौत

नई दिल्ली। न्यायाधीश बनकर अपराधियों को जमानत देने से लेकर लग्जरी कार चुराने में माहिर अपराधी धनीराम मित्तल की 85 साल की उम्र में मौत हो गई।

दशकों तक अपराध की दुनिया में सक्रिय रहे मित्तल स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से जूझ रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब और राजस्थान में चोरी के 150 मामलों में मित्तल 90 से अधिक बार जेल गया था। उन्होंने कहा, मित्तल के अपराधों की सूची लंबी है, वह अपने जीवनकाल में चोरी, धोखाधड़ी और जालसाजी के एक हजार से अधिक मामलों में सीधे तौर पर शामिल था। पुलिस ने कहा- लंबी बीमारी के चलते मित्तल की गुरुवार को मौत हो गई।

मौसम हिमाचल में हिमपात और ओलावृष्टि के चलते ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी, कश्मीर घाटी में भी हुई बारिश

मैदानी हिस्सों में गर्मी से हाल-बेहाल, पहाड़ों पर लुढ़का पारा

नई दिल्ली, एजेंसी

मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी धीरे-धीरे चरम पर पहुंचने लगी है। हर दिन तापमान बढ़ रहा है, जिससे लोगों को रात में भी सुकून नही मिल रहा है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को देश के अधिकतर हिस्सों में सामान्य मौसम रहने की संभावना है, जबकि बुधवार तक अधिकतम तापमान 45 के पार जा सकता है।

देश में रविवार को ओडिशा का बौध 44.3 डिग्री के साथ सबसे गर्म शहर रहा। वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश का दौर फिर से देखने को मिला है, हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में रविवार को प्रशासन ने हिमपात और ओलावृष्टि के चलते ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी दी है।

दूसरी तरफ कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटों में हुई बारिश

लाहौल और स्पीति के राशेल गांव में बर्फबारी से बिछी सफेद चादर।

के कारण रविवार को तापमान सामान्य से नीचे रहा जिससे सामान्य गतिविधियां प्रभावित हुईं है। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान श्रीनगर में 3.0 मिमी और कई हिस्सों में बारिश हुई है। जबकि हिमाचल के लाहौल स्पीति की तमाम ऊंची चोटियों पर शनिवार रात को बर्फबारी हुई है। कोकसर में 19, गोंदला में 16, केलांग में 8.5 और कुमकुमसेरी में 2 सेमी ताजा हिमपात हुआ है। वहीं शिमला सहित प्रदेश के माध्यम से मैदानी क्षेत्र में जमकर बारिश हुई है। भरमौर, चंबा में 25, तीसा में 24, सोलन में 25, राजगढ़ में 20, कल्पा में 21, रेणुका, रिकांगपिओ, डलहौजी, कोकसर शीलारू में 1919, नादीन में 18 शिमला में 13 और रोहड़ू में 15 एमएम बारिश हुई है।

इससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 3 सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। जिला शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में कहीं-कहीं पर भारी ओलावृष्टि हुई है जिससे सेब की फ्लोरिंग को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग में 26 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम के इसी तरह खराब बने रहने की संभावना जताई है। इस बीच 22 और 23 अप्रैल को भारी बारिश और ओलावृष्टि का फिर से बलो अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को शिमला में भी धूप खिलने के साथ हल्के बादल छाए रहे।

मनाली-केलांग मार्ग में फिर भूस्खलन, रास्ता बंद किया

मनाली-केलांग एनएच-03 में सिस्सू सेल्फी पॉइंट के पास भूस्खलन के चलते मार्ग यातायात के लिए बंद हो गया है। इस मार्ग में लाहौल स्पीति के सिस्सू सेल्फी पॉइंट में पहाड़ी से सड़क पर काफी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गया है, इस कारण मार्ग यातायात के लिए बंद कर दिया है। बीआरओ और प्रशासन की टीम ने मार्ग से मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है। पुलिस और प्रशासन के अनुसार यहां सड़क भी लगातार धंस रही है जिस कारण यहां से गुजरने वाले वाहनों को खतरा बना हुआ है। यहां पर्यटकों के लिए बनाया गया सेल्फी पॉइंट भी क्षतिग्रस्त हो गया है। एसपी लाहुल स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि इस मार्ग में सेल्फी पॉइंट सिस्सू के पास सुबह के समय पहाड़ी से भूस्खलन हो गया है जिसके चलते एनएच पर भारी मलबा आ गया है जिसे हटाने का काम चल रहा है।

तालिबान को आतंकी सूची से हटाने की तैयारी कर रहा रूस

न्यू कैसल (ब्रिटेन)। रूस फिलहाल तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन उनके बढ़ते सौहार्दपूर्ण संबंधों का एक संकेत मई में रूस के कजान शहर में आयोजित होने वाले एक अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंच के लिए तालिबान का निमंत्रण है।

रूसी अधिकारियों ने संकेत दिए है कि, रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने पहले भी तालिबान के साथ चर्चा शुरू की है, और जब संगठन ने अफगानिस्तान पर नियंत्रण किया तो रूस एक राजनयिक को मान्यता देने वाले कुछ देशों में से एक था। अफगानिस्तान के राजनीतिक और आर्थिक संकट और यूक्रेन युद्ध के कारण रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों का मतलब है कि दोनों पक्षों को मजबूत रिश्ते से हासिल करना होगा।

पाकिस्तान: सैन्य निगरानी में हुआ 21 सीटों पर उपचुनाव

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंजाब और बलूचिस्तान के विशिष्ट जिलों में कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को 21 प्रांतीय सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। पाकिस्तान चुनाव आयोग की निगरानी में चुनाव सुबह 8 बजे से शुरू हुआ। लोगों ने शाम 5 बजे तक अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

पाकिस्तान में आम चुनाव राष्ट्रीय असेंबली और चार प्रांतीय विधानसभा के लिए 8 फरवरी को हो चुका है। इस दौरान एक नेशनल असेंबली सीट, दो पंजाब विधानसभा सीट और खैबर खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा की एक सीट के लिए मतदान रद्द हो गया था। वहीं एक से अधिक सीट जीतने वाले उम्मीदवारों ने चुनाव

- पाकिस्तान के पंजाब-पख्तूनख्वा में इंटरनेट सेवा पर पाबंदी

के बाद केवल एक ही सीट चुनी। इस कारण से पाकिस्तान चुनाव आयोग को 21 सीटों पर उपचुनाव आयोजित करना पड़ा।

इन 21 सीटों में पांच राष्ट्रीय और 16 प्रांतीय विधानसभा सीटें शामिल थीं। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने इन सीटों पर 21 अप्रैल को उपचुनाव कराने का निर्णय लिया। उपचुनाव से एक दिन पहले संघीय सरकार ने बताया कि उपचुनाव के दौरान पंजाब और बलूचिस्तान के विशिष्ट जिलों में सेलुलर सेवाएं और इंटरनेट बंद रहेगा। पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की अखंडता और सुरक्षा की रक्षा के लिए यह निर्णय लिया गया है।